दैनिक नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

रायपुर, सोमवार, 19 जनवरी 2026 कृष्ण पक्ष-प्रतिपदा, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 अंक- 327 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

भाजपा अध्यक्ष के लिए नामांकन आज, नितिन नबीन के प्रस्तावक-समर्थक बने सीएम साय

नई दिल्ली/रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनाव के लिए 19 जनवरी को नामांकन भरा जाएगा। अध्यक्ष के नाम का ऐलान 20 जनवरी को होगा। कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन को ही पूर्णकालिक अध्यक्ष बनाया जा रहा है।

नितिन नवीन के लिए जो नामांकन भरे जाएंगे, उसमें एक नामांकन छत्तीसगढ़ की तरफ से भी भरा जाएगा। प्रदेश के राष्ट्रीय परिषद के जो 17 सदस्य बने हैं, इनमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, दोनों डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा के साथ प्रदेश के मंत्री, विधायक, सांसद और भाजपा नेता शामिल हैं।

नामांकन फार्म में इनके प्रस्तावक, समर्थक के रूप में हस्ताक्षर लेकर रायपुर में ही फार्म तैयार किया गया है। दिल्ली में 19 जनवरी को नामांकन के समय छत्तीसगढ़ की तरफ से यह नामांकन दाखिल किया जाएगा। राष्ट्रीय परिषद के सभी सदस्यों के साथ ही भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव सहित और कई भाजपा नेता रविवार को अलग-अलग नियमित विमानों से दिल्ली जाएंगे। मुख्यमंत्री साय रविवार की रात या फिर सोमवार की सुबह जाएंगे। भाजपा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

19 जनवरी को दोपहर दो बजे से लेकर चार बजे तक नामांकन होगा

आज होगा नामांकन होगा। इसके बाद चार से पांच बजे तक नामांकन पत्रों की जांच होगी पांच से छह बजे तक नाम वापसी का समय है। वैसे नितिन नवीन के नाम से ही अलग-अलग राज्यों के राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों द्वारा नामांकन भरे जाएंगे। अगले दिन मंगलवार 20 जनवरी को जरूरत पडने् पर 11.30 बजे से 1.30 तक मतदान का समय तय किया गया है। इसके बाद अध्यक्ष का ऐलान किया जाएगा। ठीक इसी तरह से 2019 में पहले जेपी नड्डा को कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया था और 20 जनवरी 2020 को उनको पूर्णकालिक अध्यक्ष बनाया गया था। एक बार से छह साल बाद वही इतिहास दोहरा जा रहा है। 19 जनवरी को नामांकन दाखिल किए जाएंगे। उसी दिन नामांकन वापसी की प्रक्रिया होगी। 20 जनवरी को नए अध्यक्ष के नाम का ऐलान संभव है। फिलहाल ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आज बेबाक

जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती का एक बार फिर पाकिस्तान के प्रति प्यार छलका है। उन्होंने फरमाया है कि पाकिस्तान के खिलाफ पानी को हथियार बनाना गलत है और पाकिस्तान का पानी रोकना मानवता के खिलाफ है। गौरतलब है कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के साथ सिंधु जल समझौता स्थगित करने का एलान किया था। इससे पाकिस्तान से ज्यादा महबूबा मुफ्ती को दर्द हो रहा है जो जल बिन मछली की तरह फड़फड़ा रही हैं। समझ में नहीं आता कि ये मोहतरमा यह क्यों नहीं समझती कि पानी और खून साथ नहीं बह सकते।

भारत की मेजबानी में सीएसपीओसी का आयोजन

जयपुर (वार्ता)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि राष्ट्रमंडल देशों की संसदों के अध्यक्षों एवं पीठासीन अधिकारियों का 28वां सम्मेलन (सीएसपीओसी) भारत की मेजबानी में होना भारत की 卐अतिथि देवो भव:卐 की महान परंपरा का प्रतीक है। श्री बिरला सीएसपीओसी के बाद भ्रमण कार्यक्रम के तहत संसदीय प्रतिनिधियों के जयपुर आगमन पर शनिवार को विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपने संबोधन यह बात कही। उन्होंने कहा कि भारत एक विशाल और विविधताओं से भरा देश है, जहां भौगोलिक विविधता, भाषाओं की विविधता, खानपान की विविधता के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासत की समृद्धता भी अद्वितीय है।

स्वस्थ और विकसित राष्ट्र के लिए फिट इंडिया जरूरी : केंद्रीय मंत्री

हैदराबाद (वार्ता)। केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने गाचीबोवली स्टेडियम में 'संडेज ऑन साइकिल' के 57वें हैदराबाद संस्करण को हरी झंडी दिखाई और एक स्वस्थ और विकसित भारत बनाने में फिजिकल फिटनेस के महत्व को रेखांकित किया। केंद्रीय मंत्री श्री रेड्डी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य है और केंद्र फिट इंडिया आंदोलन के जरिए उस दिशा में काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि बदलती जीवनशैली, खान-पान की आदतें, शारीरिक गतिविधियों में कमी और पर्यावरणीय बदलावों के कारण मोटापा और स्वास्थ्य संबंधी अन्य समस्याएं बढ़ रही हैं। श्री रेड्डी ने कहा कि मोदी सरकार मोटापा कम करने और लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिए कई कार्यक्रम लागू कर रही है।

प्रयागराज माघ मेला: मौनी अमावस्या स्नान

शंकराचार्य को पुलिस ने रोका

■ **प्रयागराज माघ मेले में मौनी स्नान के दौरान स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के शिष्यों और पुलिस में झड़प**

प्रयागराज/ए.। प्रयागराज माघ मेले में रविवार को मौनी अमावस्या के स्नान के लिए आए शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की पालकी पुलिस ने रोक दी। पुलिस ने उनसे पैदल संगम जाने को कहा। शंकराचार्य के शिष्य नहीं माने और पालकी लेकर आगे बढ़ने लगे। इस पर शिष्यों और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की शुरू हो गई। पुलिस ने कई शिष्यों को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने एक साधु को चौकी में पीटा। इससे शंकराचार्य नाराज हो गए और शिष्यों को छुड़वाने पर अड़ गए। अफसरों ने उन्हें समझाने की कोशिश की, हाथ जोड़े, लेकिन वे नहीं माने। करीब 2 घंटे तक गहमा-गहमी रही। विवाद ■ शेष पृष्ठ 6 पर

शंकराचार्य ने कहा

बड़े-बड़े अधिकारी हमारे संतों को मार रहे थे। पहले तो हम लौट रहे थे, लेकिन अब स्नान करेंगे और कहीं नहीं जाएंगे। वे हमें रोक नहीं पाएंगे। इनको ऊपर से आदेश होगा कि इन्हें परेशान करो। यह सरकार के इशारे पर हो रहा है, क्योंकि वे हमसे नाराज हैं। जब महाकुंभ में भगदड़ मची थी, तो मैंने उन्हें जिम्मेदार ठहराया था। अब वे बदला निकालने के लिए अधिकारियों से कह रहे होंगे।

शंकराचार्य स्नान भी नहीं कर पाए

इसके बाद पुलिस ने शंकराचार्य के कई और समर्थकों को हिरासत में ले लिया। शंकराचार्य की पालकी को खींचते हुए संगम से 1 किमी दूर ले जाया गया। इस दौरान पालकी का क्षत्रप भी टूट गया। शंकराचार्य स्नान भी नहीं कर पाए। इस पूरे मामले से नाराज शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद अपने शिविर में धरने पर बैठ गए हैं।

मंदिरों की मर्यादा और पवित्रता को सर्वोच्च प्राथमिकता

प्रशासन ने यह कदम इसलिए उठाया है क्योंकि पिछले कुछ समय से मंदिर के भीतर रील बनाने और आपत्तिजनक वीडियो शूट करने की घटनाएं तेजी से बढ़ी थीं। कई श्रद्धालु मंदिर के गर्भगृह और मुख्य परिसर में कैमरा लेकर प्रवेश कर रहे थे, जिससे मंदिर की गरिमा को ठेस पहुँच रही थी। नए नियमों के मुताबिक, अब मंदिर परिसर में प्रवेश से पहले ही मोबाइल फोन को सुरक्षित रखने या उसे स्विच ऑफकरने के निर्देश दिए जाएंगे। मंदिर के भीतर किसी भी प्रकार की डिजिटल रिकॉर्डिंग को 'अमर्यादित आचरण' की श्रेणी में रखा गया है।

मोदी बोले-बिहार में दोबारा जंगलराज रोका, अब बंगाल से विदा करेंगे

■ **घुसपैठ रोकने के लिए फेंसिंग जरूरी, ममता सरकार जमीन नहीं दे रही**

कोलकाता/गुवाहाटी। पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को पश्चिम बंगाल में कहा कि यहां की जनता अब असली परिवर्तन चाहती है। हर कोई 15 साल के महाजंगल राज को बदलना चाहता है। अभी तो बीजेपी-एनडीए ने बिहार में जंगलराज को रोका है। अब टीएमसी के महाजंगलराज को विदा करने के लिए तैयार है। पीएम ने सिंगूर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा- घुसपैठिए बचाने के लिए टीएमसी किसी भी हद तक जा सकती है।

केंद्र सरकार ने कई बार चिट्ठी लिखी कि बॉर्डर पर फेंसिंग के लिए जमीन चाहिए, लेकिन बंगाल सरकार को कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि घुसपैठिए इनके पक्के वोटर हैं। पीएम ने सिंगूर में 837 करोड़ रुपए के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पीएम मोदी का कांग्रेस पर हमला

प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर सीधा निशाना साधते हुए कहा कि जिन राज्यों में पार्टी दशकों तक सत्ता में रही, वहां जनता ने उसे पूरी तरह खारिज कर दिया है। उन्होंने महाराष्ट्र का जिक्र करते हुए कहा कि जहां कांग्रेस ने लंबे समय तक शासन किया, वहीं अब उसे जनता ने सत्ता से बाहर कर दिया है। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस के पास आज न तो स्पष्ट नीति है और न ही विकास का कोई रोडमैप।

भारतीय होने पर गर्व है, टिप्पणी पर विवाद के बाद एआर रहमान ने तोड़ी चुप्पी

■ **कहा- दुख पहुंचाने का मकसद नहीं था**

नई दिल्ली/ए.। ऑस्कर और गोल्डन ग्लोब जैसे अवॉर्ड जीतने वाले दिग्गद संगीतकार एआर रहमान इन दिनों विवादों में हैं। दरअसल, बीते दिनों रहमान ने एक इंटरव्यू में बॉलीवुड में कम काम करने की कुछ वजह बताईं। उन्होंने इंडस्ट्री में सांप्रदायिकता बढने् जैसी बातें भी कहीं। उन्होंने कहा कि धीरे-धीरे वे सांप्रदायिक भावना को फिल्मी और संगीत की दुनिया पर हावी होता हुआ महसूस कर रहे हैं। इसका असर उन्हें अपने काम पर भी पड़ता दिखाई दे रहा है। उनकी इस टिप्पणी पर काफी विवाद हो रहा है। तमाम लोग उनकी आलोचना कर रहे ■ शेष पृष्ठ 6 पर

एआर रहमान ने क्या कहा?

एआर रहमान ने बीते दिनों बीबीसी एशियन को दिए इंटरव्यू में इंडस्ट्री पर यह टिप्पणी की थी। उन्होंने विक्की कौशल अभिनीत फिल्म 'छावा' को भी बांटने वाली फिल्म बताया था। अब जब टिप्पणी पर विवाद बढ़ा तो उन्होंने आज रविवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक वीडियो शेयर किया है। वे कहते दिख रहे हैं कि किसी को ठेस पहुंचाना उनका इरादा नहीं था। उनकी बात को शायद गलत समझ लिया गया।

जंगल में शेष बचे नक्सलियों की घर वापसी की पुकार

■ **8 लाख की इनामी नक्सली ऊषा उर्फ संगीता और बलदेव उर्फ बामन से मां-भाई ने लौटने की लगाई गुहार**

परिजनों की भावुक अपील का वीडियो आया सामने

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद के जंगलों में लंबे समय से सक्रिय नक्सलियों से अब उनके परिजनों ने घर वापसी करने के लिए भावुक अपील की है, इसका वीडियो भी सामने आया है। हालांकि यह वीडियो तेलुगु और गोंडी भाषा में बताई जा रही है। इस वीडियो के माध्यम से गरियाबंद के जंगल में शेष बचे नक्सली जिसमें ऊषा उर्फ संगीता और बलदेव उर्फ बामन से उनके परिजनों ने घर वापस लौटने की भावुक अपील की है। बताया जा रहा है कि दोनों 8 लाख रुपए की इनामी नक्सली है। इसके साथ ही सरेंडर कर चुके पूर्व नक्सलियों ने भी अपने साथियों को सरकार की पुनर्वास नीति का लाभ लेने और समाज की मुख्यधारा में वापस लौटकर सुखी जीवन जीने के लिए भी अपील किया है।

मालूम हो कि नक्सली खात्मे को लेकर सरकार ने मार्च 2026 की डेडलाइन तय की है, जो कि नजदीक है। ऐसे में अब शेष बचे नक्सलियों के परिजनों को डर सताने लगा है कि अगर वे समाज की मुख्यधारा में नहीं लौटते हैं तो जान से हाथ धोना पड़ सकता है। बस्तर हो या फिर गरियाबंद सुरक्षा बल के जवान अंदरूनी इलाकों में लगातार ऑपरेशन चला रहे हैं, जिसमें नक्सली मारे जा रहे हैं। जिसे देखते हुए शेष बचे नक्सलियों के परिजन सामने आकर भावुक अपील कर रहे हैं।

गरियाबंद के जंगल में सक्रिय 8 लाख की इनामी नक्सली कमांडर ऊषा उर्फ संगीता और बलदेव उर्फ बामन के घर से इस बार घर वापसी करने की आवाज आई है। यह ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

संबोधित... बोले आरएसएस चीफ मोहन भागवत

'जब तक धर्म भारत का मार्गदर्शन करेगा, देश विश्वगुरु बना रहेगा'

मुंबई। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए धर्म को ब्रह्मांड का चालक बताया। उन्होंने कहा भारत की आध्यात्मिक विरासत अद्वितीय है और यही उसकी वैश्विक पहचान का आधार है। जब तक धर्म भारत का मार्गदर्शन करता रहेगा, देश विश्वगुरु बना रहेगा।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि जब तक धर्म भारत का मार्गदर्शन करता रहेगा, देश विश्वगुरु बना रहेगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत के पास जो आध्यात्मिक ज्ञान है, वह दुनिया में कहीं और उपलब्ध नहीं है, क्योंकि अन्य जगहों पर आध्यात्मिकता की कमी है। उन्होंने आगे कहा, धर्म पूरे ब्रह्मांड का चालक है। जब सृष्टि अस्तित्व में आई, तो उसके कामकाज को नियंत्रित करने वाले नियम धर्म बन गए। सब कुछ उसी सिद्धांत पर चलता है।भागवत ने कहा धर्म सिर्फ धर्म तक सीमित नहीं है। प्रकृति में हर चीज का अपना अंतर्निहित कर्तव्य और अनुशासन होता है। उन्होंने कहा, ÷पानी का धर्म बहना है, आग का धर्म जलना है। इसी तरह बेटे का कर्तव्य है, शासक का कर्तव्य है और आचरण के नियम हैं। हमारे पूर्वजों ने गहन आध्यात्मिक शोध और प्रयासों से इन कानूनों को समझा था।÷

'राज्य धर्मनिरपेक्ष हो सकता है, व्यक्ति नहीं': उन्होंने यह भी राय व्यक्त की कि एक राज्य या व्यवस्था धर्मनिरपेक्ष हो सकती है, लेकिन कोई भी इंसान या रचना धर्म के बिना अस्तित्व में नही ■ शेष पृष्ठ 6 पर

क्या बोले आरएसएस सरसंघचालक?

एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भागवत ने कहा कि धर्म पूरे ब्रह्मांड का चालक है और सृष्टि का हर काम इसी सिद्धांत पर चलता है। उन्होंने कहा कि भारत को अपने पूर्वजों, संतों और ऋषियों से एक समृद्ध आध्यात्मिक विरासत मिली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उदाहरण देते हुए संघ प्रमुख ने कहा, चाहे वह नरेंद्र भाई हों, मैं हूं, आप हों या कोई और,

हम सभी को चलाने वाली एक ही शक्ति है। अगर गाड़ी उस शक्ति से चलाई जाती है, तो कभी कोई दुर्घटना नहीं होगी। वह चालक धर्म ही है।

ट्रम्प के विरोध में हजारों लोग सड़कों पर: कहा- हमारा देश बिकाऊ नहीं

अमेरिका के साथ ट्रेड एग्रीमेंट रोकने की तैयारी में यूरोपीय संघ

नुउक। ग्रीनलैंड में ट्रम्प के विरोध में शनिवार को हजारों लोग सड़कों पर उतर आए। लोगों ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के ग्रीनलैंड पर कब्जे को लेकर दिए बयानों पर नाराजगी जताई। प्रदर्शनकारियों ने 'ग्रीनलैंड बिक्री के लिए नहीं है' के नारे लगाए। बर्फीली सड़कों के बीच प्रदर्शनकारी ग्रीनलैंड की राजधानी नुउक के डाउनटाउन से अमेरिकी वाणिज्य दूतावास तक पहुंचे। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय झंडे लहराए और विरोधी पोस्टर थामे रहे। पुलिस के मुताबिक यह अब तक का सबसे बड़ा प्रदर्शन माना जा रहा है, जिसमें नुउक की लगभग एक-चौथाई आबादी शामिल हुई। इसी दौरान अमेरिका ने यूरोप के 8 देशों पर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

न्यूज गैलरी

ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र नगरी में ब्रह्मा बाबा की 57वीं पुण्यतिथि मनाई गई

नगरी/नवप्रदेश। ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र नगरी में 18 जनवरी को संस्था के संस्थापक प्रजापिता ब्रह्मा बाबा की 57 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ब्रह्माकुमारी परिवार से जुड़े भाई-बहनों ने भाग लेकर ब्रह्मा बाबा को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर सेवा केंद्र राजऋषि भवन परिसर में ब्रह्मा बाबा की झोपड़ी एवं पावर ऑफ पीस टावर का आकर्षक निर्माण किया गया, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 6 बजे से 7 बजे तक सामूहिक राजयोग ध्यान से हुई, जिसमें सैकड़ों साधकों ने सहभागिता की। इसके पश्चात मुरली क्लास का आयोजन किया गया, जिसमें आध्यात्मिक जीवन मूल्यों एवं आत्मिक शांति पर प्रकाश डाला गया। मुरली क्लास के उपरांत सभी उपस्थित भाई-बहनों ने ब्रह्मा बाबा के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। पूरे परिसर में शांति और आध्यात्मिकता का वातावरण बना रहा। कार्यक्रम के अंत में ब्रह्माकुमारी राजयोगिनी भावना बहन ने सभी भाई-बहनों को भोग वितरित किया। उन्होंने कहा कि ब्रह्मा बाबा का जीवन मानव कल्याण, त्याग और सेवा की प्रेरणा देता है तथा उनके द्वारा दिया गया राजयोग ज्ञान आज भी समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान कर रहा है। श्रद्धांजलि समारोह में उपस्थित सभी भाई बहनों ने ब्रह्मा बाबा के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

गरियाबंद जिले के लिए स्थानीय अवकाश घोषित

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर बीएस उइके ने छत्तीसगढ़ शासन सामान्य पुस्तक परिपत्र भाग-दो द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कैलेण्डर वर्ष 2026 में गरियाबंद जिले के लिए तीन स्थानीय अवकाश घोषित किये हैं। जारी आदेश के तहत 18 सितम्बर 2026 दिन शुक्रवार को नवाखाई त्यौहार के अवसर पर स्थानीय अवकाश घोषित किया है। इसी तरह 19 अक्टूबर 2026 दिन सोमवार को दशहरा (महाअष्टमी) तथा 09 नवम्बर 2026 दिन सोमवार को दीपावली का दूसरा दिन (गोवर्धन पूजा) के अवसर पर गरियाबंद जिले के लिए स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। यह अवकाश कोषालय एवं उप कोषालय तथा बैंकों के लिए लागू नहीं होगा।

'मिशन कनेक्ट' से गाँव की चौपाल तक पहुँचा प्रशासन

सुकमा/नवप्रदेश। सीएम विष्णुदेव साय की अंत्योदय और सुशासन की परिकल्पना को साकार करने के लिए सुकमा जिले में 'मिशन कनेक्ट' का शंखनाद किया गया है। संभागायुक्त डोमन सिंह के निर्देशन तथा कलेक्टर अमित कुमार के मार्गदर्शन में शनिवार को शुरू हुए इस अभियान का उद्देश्य सरकारी कार्यालयों और फाइलों के बीच की दूरी को खत्म कर प्रशासन को सीधे जनता के द्वार तक पहुँचाना है। मिशन कनेक्ट के तहत शनिवार को छिंदगढ़ विकासखंड की लगभग 60 पंचायतों में एक साथ जिला स्तरीय अधिकारियों ने दस्तक दी। यह केवल एक औपचारिक निरीक्षण नहीं था, बल्कि ग्रामीणों की समस्याओं को गहराई से समझने और उनके त्वरित निराकरण का एक सशक्त माध्यम बना। सुबह 10:00 बजे से ही अधिकारी स्कूलों, आंगनबाड़ियों, आश्रम-छात्रावासों, ग्राम पंचायतों और स्वास्थ्य केंद्रों में सक्रिय नजर आए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने शासन की संवेदनशीलता को धरातल पर उतारा। अधिकारियों के द्वारा मध्यान्ह भोजन और पूरक पोषण आहार के गुणवत्ता की स्वयं जांच की गई। स्वास्थ्य केंद्रों में दवाइयों की उपलब्धता और स्वच्छता मानकों का कड़ाई से परीक्षण किया गया। ग्राम पंचायतों में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लिया गया ताकि सरकारी धन का सही उपयोग सुनिश्चित हो सके। अधिकारियों ने ग्रामीणों के बीच बैठकर उनकी समस्या और सुझाव सुने, जिससे शासन और जनता के बीच विश्वास का एक नया सेतु निर्मित हुआ है।

25 जनवरी को मनाया जाएगा राष्ट्रीय मतदाता दिवस

गरियाबंद/नवप्रदेश। 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस पूरे देश में 25 जनवरी को राज्य, जिला एवं बूथ स्तर पर मनाया जाएगा। इस वर्ष राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीम ÷मेरा भारत, मेरा वोट÷ निर्धारित की गई है। जबकि इसकी टैगलाइन इंडियन सीटिजन एट द हार्ट आफ इंडियन डेमोक्रेसी रखी गई है। निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार बूथ स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के अंतर्गत बूथ लेवल अधिकारी अपने मतदान केंद्र क्षेत्र में कार्यक्रम आयोजित करेंगे। इस दौरान नए पंजीकृत मतदाताओं का सम्मान किया जाएगा तथा उन्हें एपिक कार्ड के साथ ÷मतदाता बनने पर हमें है गर्व, वोट देने को हम हैं तैयार÷ नारे वाले बैज भी प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम से संबंधित वीडियो एवं अन्य रचनात्मक सामग्री व्हाट्सएप ग्रुप एवं अन्य माध्यमों से व्यापक स्तर पर साझा की जाएगी। इसके अतिरिक्त पोस्टल बैलेट, मतदान केंद्रों पर न्यूनतम सुविधाएं, ईवीएम-वीवीपैट, वोटर हेल्पलाइन ऐप एवं नैतिक मतदान से संबंधित जागरूकता सामग्री स्थानीय भाषाओं में प्रदर्शित की जाएगी। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ भी दिलाई जाएगी। जिला स्तर पर जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जिला मुख्यालय में पंचायती राज संस्थानों, शैक्षणिक संस्थानों, सिविल सोसाइटी समूहों, एनएसएस, एनसीसी, स्काउट्स एंड गाइड्स, नेहरू युवा केंद्र संगठन एवं मीडिया सहित विभिन्न युवा संगठनों के सहयोग से राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान नए पंजीकृत मतदाताओं को सम्मानित किया जाएगा तथा उन्हें एपिक कार्ड और जागरूकता बैज वितरित किए जाएंगे। उपस्थित सभी लोगों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ दिलाई जाएगी। इस दौरान एसआईआर 2026 के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले बूथ लेवल अधिकारियों को जिला स्तर पर आयोजित राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा।

जिला पंचायत के सीईओ चंद्राकर ने की आवास योजनाओं की विस्तृत समीक्षा

लापरवाह पंचायत सचिवों को कारण बताओ नोटिस जारी

- अपूर्ण व अप्रारंभ आवासों के काम पूरा करने दिए सख्त निर्देश

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रखर चंद्राकर ने जिला पंचायत के सभाकक्ष में विकासखण्ड मैनपुर, देवभोग एवं फिंगेश्वर के ग्राम पंचायत सचिवों की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी), पीएम-जनमन तथा मुख्यमंत्री मितान आवास योजना (एमएमएवाई) के अंतर्गत स्वीकृत आवासों की प्रगति का आकलन कर एवं निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए निर्देश दिए।

श्री चंद्राकर ने समीक्षा के दौरान पाया कि कई ग्राम पंचायत सचिव आवास निर्माण कार्यों में अपेक्षित रुचि नहीं ले रहे हैं। आवासों के स्थल निरीक्षण, निर्माण कार्यों की मॉनिटरिंग तथा हितग्राहियों को आवास बनाने के लिए प्रेरित नहीं करने की लापरवाही पाई गई। इसके अलावा कुछ ग्राम पंचायत सचिव बिना पूर्व सूचना के बैठक में अनुपस्थित पाए गए, जिसे गंभीर अनुशासनहीनता मानते हुए ऐसे सभी सचिवों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने ग्राम पंचायत सचिवों को सख्ती के साथ निर्देश देते हुए कहा कि ग्रामीणों के लिए स्वीकृत आवास योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान ग्राम पंचायतवार विस्तृत समीक्षा की गई। जिसके तहत अपूर्ण आवासों के निर्माण कार्य को शीघ्र गति देने तथा अभी तक प्रारंभ नहीं हुए आवासों में तत्काल कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि पात्र हितग्राहियों को समय पर आवास उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिकता है और इस दिशा में सभी सचिवों को पूर्ण जिम्मेदारी के साथ कार्य करना होगा।

श्री चंद्राकर ने आवास निर्माण हेतु आवश्यक सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। सेंट्रिंग प्लेट, ईट, सीमेंट, रेत एवं अन्य निर्माण सामग्रियों के साथ-साथ मिस्त्रियों की व्यवस्था तत्काल करने के निर्देश दिए गए ताकि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की बाधा न आए। सभी सचिवों को यह भी कहा गया कि वे अपने-अपने पंचायत क्षेत्रों में प्रतिदिन प्रगति की समीक्षा करें और किसी भी प्रकार की समस्या आने पर सूचना तुरंत उच्च अधिकारियों को दें। बैठक में उपस्थित जनपद पंचायत के सीईओ एवं विकासखण्ड समन्वयक, पीएमएवाई-जी को भी आवासों की निरंतर मॉनिटरिंग करने एवं प्रगति की अद्यतन रिपोर्ट नियमित रूप से प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि योजनाओं की वर्तमान स्थिति पर निगरानी मजबूत करने से कार्य में पारदर्शिता और प्रभावशीलता दोनों बढ़ेगी।

भाजपा जिला अध्यक्ष (ओबीसी वर्ग) झाड़ू राम साहू की भूमिका पर सवाल

सरसींवा उपार्जन केंद्र में 376 बोरी अवैध धान जप्त

- तहसीलदार आयुष तिवारी ने की कार्यवाही

सरसींवा(सारंगढ़-बिलाईगढ़)/नवप्रदेश। सूत्रों से मिले जानकारी अनुसार सरसींवा धान उपार्जन केंद्र में 376 बोरी अवैध धान की जप्ती की गई है। यह अब केवल प्रशासनिक कार्रवाई का विषय नहीं रह गया, बल्कि यह मामला सीधे-सीधे जिम्मेदारी, नैतिकता और राजनीतिक जवाबदेही पर सवाल खड़े करता है। शनिवार दिनांक 17 जनवरी को भौतिक सत्यापन के दौरान तहसीलदार आयुष तिवारी द्वारा अतिरिक्त धान पकड़ा जाना इस बात का संकेत है कि यदि जांच न होती तो यह अवैध स्टॉक किस रास्ते से और किसके संरक्षण में बाहर चला जाता इसका जवाब आज भी धुंधला है।

सबसे ज्यादा चौंकाने वाला और गंभीर पहलू यह है कि इस उपार्जन केंद्र में अध्यक्ष पद पर भाजपा के जिला स्तर के नेता झाड़ू राम साहू पदस्थ हैं। अध्यक्ष जैसे जिम्मेदार पद पर रहते हुए भी यदि धान उपार्जन केंद्र में इतनी बड़ी गड़बड़ी सामने आती है तो यह महज संयोग नहीं बल्कि गंभीर लापरवाही या संभावित संलिप्तता की ओर इशारा करता है। सवाल यह है कि जब अध्यक्ष मौजूद हैं तो फिर 376 बोरी धान स्टॉक से बाहर कैसे पहुंच गया? क्या यह सब उनकी जानकारी के बिना संभव था?

क्षेत्र के अधिकांश धान उपार्जन केंद्र किसानों से तय 40.700 किलोग्राम के बजाय 41.300–41.500 किलोग्राम धान लिया जाना, फिर ÷सूखता÷ का बहाना बनाकर कागजों में खेल करना और अंत में मंडी परिसर में अतिरिक्त धान का मिलना—यह पूरा घटनाक्रम बताता है कि किसानों की मेहनत और शासन के खजाने, दोनों की कीमत पर खेल खेला जा रहा है। ऐसे में अध्यक्ष की भूमिका पर उंगली उठना स्वाभाविक है। आलोचना इसलिए और तीखी हो जाती है क्योंकि कुछ समय पहले इन्हीं झाड़ू राम साहू से जुड़ी उप मंडी झुमका में भी किसानों से निर्धारित मात्रा से अधिक धान लेने का मामला सामने आ चुका है और उसका समाचार प्रकाशन भी हुआ था। इसके बावजूद यदि फिर से उसी तरह की अनियमितता सामने आती है, तो यह कहना गलत नहीं होगा कि या तो सबक नहीं लिया गया या फिर सब कुछ जानते हुए भी नजरअंदाज किया गया।

यह स्थिति भाजपा पार्टी की छवि पर भी सीधा आघात करती है। पार्टी जिन लोगों को उपार्जन केंद्रों का अध्यक्ष बनाकर जिम्मेदारी सौंपती है, यदि उन्हीं के कार्यकाल में इस तरह के मामले उजागर हों, तो आम जनता के बीच यह संदेश जाता है कि पार्टी के नाम का इस्तेमाल कर व्यवस्था को लूटा जा रहा है। यह तंज नहीं, बल्कि जमीनी हकीकत से उपजा सवाल है कि क्या ऐसे लोग पार्टी की साख मजबूत कर रहे हैं या फिर उसे नुकसान पहुंचा रहे हैं। केंद्र के प्रबंधक मोतीलाल प्रधान द्वारा भी अतिरिक्त धान पाए जाने की पुष्टि के बाद यह तर्क और कमजोर हो जाता है कि सब कुछ अनजाने में हुआ होगा। इतने बड़े स्तर पर धान का अतिरिक्त होना बिना स्थानीय नेतृत्व और अध्यक्ष की भूमिका के संभव नहीं लगता। इसलिए यह आशंका गहराती जा रही है कि इस पूरे मामले में अध्यक्ष की भूमिका की निष्पक्ष जांच बेहद जरूरी है।

अब यह मामला केवल 376 बोरी धान तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह सवाल बन गया है कि क्या जिम्मेदार पदों पर बैठे लोग वास्तव में किसानों और शासन के हितों की रक्षा कर रहे हैं, या फिर चुप्पी और संरक्षण के जरिए भ्रष्टाचार को पनाह दे रहे हैं। यदि समय रहते सख्त और निष्पक्ष कार्रवाई नहीं हुई, तो यह संदेश जाएगा कि दोषियों के लिए कुर्सी और पार्टी का नाम ढाल बन चुका है।

शक्ति उपासना, बाधा निवारण एवं मनोकामना सिद्धि का दुर्लभ वैदिक अनुष्ठान

- गुप्त नवरात्र पर अष्टभुजी शक्तिपीठ उमरगांव में नौ दिवसीय सत् चण्डी महायज्ञ एवं दस महाविद्या महाआराधना

नगरी/नवप्रदेश। गुप्त नवरात्र पर्व के पावन अवसर पर अष्टभुजी शक्तिपीठ दुर्गा मंदिर, उमरगांव में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नौ दिवसीय श्री सत् चण्डी महायज्ञ एवं दस महाविद्या विशेष पूजन का भव्य एवं दिव्य आयोजन श्रद्धा, आस्था एवं पूर्ण वैदिक विधि-विधान के साथ संपन्न किया जाएगा। यह महाआयोजन 19 जनवरी से 27 जनवरी तक गुप्त नवरात्र की संपूर्ण अवधि में निरंतर चलेगा। आयोजन को लेकर मंदिर परिसर में तैयारियाँ पूरे उत्साह एवं भक्तिभाव के साथ अंतिम चरण में हैं।

गुप्त नवरात्र को शक्ति साधना का सर्वोच्च काल माना गया है। शास्त्रों के अनुसार इस अवधि में की गई साधना, यज्ञ एवं मंत्रोपासना अत्यंत शीघ्र फलदायी होती है। यह पर्व विशेष रूप से वैदिक साधना एवं दस महाविद्या उपासना के लिए समर्पित होता है, जिसमें साधक अंतर्मुखी होकर देवी शक्ति की आराधना करता है। गुप्त नवरात्र में की गई उपासना से आत्मिक बल, मानसिक स्थिरता, सिद्धि, सुरक्षा एवं अभिष्ट फल की प्राप्ति होती है। वैदिक परंपरा में श्री सत् चण्डी महायज्ञ को अत्यंत शक्तिशाली एवं सर्वबाधा नाशक अनुष्ठान माना गया है। इसके प्रभाव से– नवग्रह दोष एवं दैहिक, दैविक व भौतिक कष्टों का शमन होता है।, रोग, शत्रु बाधा, भय एवं मानसिक अशांति से मुक्ति मिलती है।, आर्थिक संकट, ऋण बाधा एवं व्यापारिक अवरोध दूर होते हैं।, विवाह, संतान एवं पारिवारिक समस्याओं का समाधान होता है।, जीवन में सुख, शांति, समृद्धि एवं आध्यात्मिक उन्नति प्राप्त होती है।, साथ ही दस महाविद्याओं की विशेष आराधना से साधक को शक्ति, रक्षा, वाक्सिद्धि, ऐश्वर्य एवं मनोकामना पूर्ति का अनुपम फल प्राप्त होता है।

यह पावन महाआयोजन विगत कई वर्षों से निरंतर आयोजित किया जा रहा है, जिसमें उड़ीसा, बस्तर अंचल, रायपुर, धमतरी, बिलासपुर, गरियाबंद सहित संपूर्ण छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश जैसे अन्य राज्यों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तजन सम्मिलित होते हैं। श्रद्धालु यज्ञ में सहभागिता कर आस्था की ज्योति प्रज्वलित करते हैं और अपने जीवन की बाधाओं से मुक्ति पाकर मनोकामना सिद्धि का अनुभव करते हैं।

नगर पालिका क्षेत्र में चायनीज मांझा बिक्री पर प्रशासन सख्त

कवर्धा/नवप्रदेश। नगर पालिका कवर्धा क्षेत्र अंतर्गत प्रतिबंधित चायनीज मांझा की खुलेआम बिक्री की सूचना प्राप्त होने पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री रोहित साहू द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जांच एवं कार्रवाई के निर्देश दिए गए। निर्देशों के पालन में नगर पालिका कर्मचारियों द्वारा कवर्धा नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत पतंग एवं मांझा विक्रय करने वाले व्यापारियों की दुकानों का निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान व्यापारियों को प्रतिबंधित चायनीज मांझा का विक्रय न करने की सख्त समझाइश दी गई तथा भविष्य में इस प्रकार की सामग्री विक्रय करते पाए जाने पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी गई। शहर के ऋषभ देव चौक से लेकर नवीन बाजार तक पतंग एवं मांझा का व्यवसाय कर रहे व्यापारियों के प्रतिष्ठानों में दबिश देकर स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि प्रतिबंधित सामग्री का विक्रय पूर्णतः बंद रखा जाए। मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री रोहित साहू द्वारा प्रतिबंधित चायनीज मांझा एवं अन्य अवैध सामग्री के विक्रय पर प्रभावी रोक लगाने हेतु एक टीम का गठन किया गया है। टीम द्वारा आकस्मिक रूप से बाजार में निरीक्षण कर व्यापारियों को प्रतिबंधित सामग्री का विक्रय नहीं करने की समझाइश दी गई।

वनों को आग से बचाना विभाग की पहली प्राथमिकता – डीएफओ शशिगानंदन

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद वनमंडल ने आगामी अग्नि सीजन की तैयारियों को मजबूत करने के लिए एक वनाग्नि सुरक्षा के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान वन मंडलाधिकारी शशिगानंदन के, उप वनमंडलाधिकारी देवभोग मनोज चंद्राकर, उप प्रबंध संचालक गरियाबंद नदीम कृष्ण बरिहा द्वारा सभी उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों, प्रबंधकों एवं श्रमिकों को अग्नि सुरक्षा संबंधी के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला के दौरान वन क्षेत्रों में आग लगने के प्रमुख कारण, उससे होने वाली क्षति, आग की रोकथाम के उपाय, तथा आपातकालीन स्थिति में त्वरित एवं सुरक्षित कार्यवाही की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर उप वनमंडलाधिकारी राकेश चौबे वन परिक्षेत्र अधिकारी राजेंद्र साहू, संतोष चौहान भूखंन सोरी, कामता मरकाम लवकुश पांडे सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे। वनमंडलाधिकारी शशिगानदंन के ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि जंगलों को आग से बचाना वन विभाग की पहली प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने सभी से अपील की कि गांव जाकर आम जनता को जंगलों की अग्नि सुरक्षा के लिए जागरूक करें।

सभी तैयारियां निर्धारित अवधि में पूरा करने के दिए निर्देष

राजिम कुंभ कल्प 2026 : अफसरों ने किया मेला स्थल का निरीक्षण

गरियाबंद/नवप्रदेश। राजिम कुंभ कल्प 2026 के आयोजन के संबंध में कलेक्टर बीएस उइके ने मेला स्थल में मेलार्थियों की सुविधा सुनिश्चित करने मेला स्थल का निरीक्षण यिका। स्थल पर पहुँचकर मुख्य मंच, दुकान, विभागीय स्टॉल एवं मीना बाजार आदि स्थलों का निरीक्षण किया। इस संबंध में उन्होंने कहा कि लोगों की सुविधा के लिए वृहद स्तर पर पार्किंग भी बनाए जाएंगे। कलेक्टर श्री उइके ने राजिम कुंभ कल्प की तैयारी के संबंध में समीक्षा करते हुए सभी कार्य जल्द शुरू करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री उइके ने जिले के अधिकारियों को मेला के संबंध में दिए गए दायित्वों को तत्परता के साथ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री प्रखर चंद्राकर, एसडीएम श्री विशाल महाराणा, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता श्री रामेश्वर सिंह, उप संचालक संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग श्री प्रतापचंद पारख, एसडीएम राजिम श्री विशाल महाराणा, जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता श्री एस.के. बर्मन, डीएसपी सुश्री निशा सिन्हा सहित वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे।

कलेक्टर श्री उइके ने निर्देश देते हुए कहा कि गंगा आरती स्थल से मेला स्थल तक नदी किनारे कनेक्टिंग रोड़, सजावट, लाईटिंग, शौचालय, हाईमास्क लाईट, कन्ट्रोल रूम, पार्किंग व्यवस्था, पेयजल के लिए पाईप लाईन, बस स्टैंड से नवीन मेला स्थल तक श्रद्धालुओं को लाने-ले जाने के लिए निर्धारित शुल्क पर बस की व्यवस्था, एम्बुलेंस, स्वास्थ्य सुविधाएं, नया मेला स्थल में पर्याप्त संख्या में दाल भात केंद्र, दुकानों का व्यवस्था, फूड जोन, वन विभाग को बांस बल्ली की व्यवस्था, जलाऊ लकड़ी, साधुओं के लिए कुटिया निर्माण के लिए घास की व्यवस्था, पुलिस विभाग को सुरक्षा के पर्याप्त व्यवस्था, सीसीटीवी, कंट्रोल रूम एवं फायर ब्रिगेड आदि की व्यवस्था, साफ सफाई, कचरा निष्पादन, डस्टबिन की व्यवस्था तथा मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों का रंग रोगन एवं साफ सफाई के निर्देश दिए गए। उन्होंने मेला स्थल का अवलोकन करते हुए मंच व्यवस्था, वीआईपी पार्किंग, सामान्य पार्किंग, मीना बाजार, फूड जोन, कन्ट्रोल रूम, आम नागरिकों के लिए आवागमन एवं हेलीपैड स्थल, राजीव लोचन मंदिर, संत समागम एवं गंगा आरती स्थल से नए मेला स्थल में आने के लिए नदी किनारे बन रहे निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

रायपुर, सोमवार, 19 जनवरी 2026 | कृष्ण पक्ष-प्रतिपदा, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 अंक- 327 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

हाउसिंग बोर्ड के काम ऑनलाइन, टैक्स देना व मकान लेना आसान

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड के किसी भी काम के लिए लोगों को दफ्तरों तक नहीं जाना पड़े इसलिए अब हर काम ऑनलाइन किया जा रहा है। बोर्ड का टैक्स हो या फिर नए मकान लेना हो सबकुछ घर बैठे ही किया जा सकता है। ऑनलाइन कामों की समीक्षा के लिए शुक्रवार को हाउसिंग बोर्ड के अपर आयुक्त ने अफसरों की बैठक लेकर जरूरी निर्देश भी दिए। बैठक की अध्यक्षता कर रहे अपर आयुक्त एसके भगत ने अफसरों से कहा कि बोर्ड के जो भी निर्माण हो रहे हैं उसकी जांच के लिए अफसर फील्ड में जाएं। किस योजना के तहत कितने मकानों की बिक्री और कितनी बुकिंग हुई रोज इसे अपडेट किया जाए। अलॉटी पोर्टल को पहले से और ज्यादा प्रभावशील बनाए रखने के लिए अफसरों से सुझाव भी लिए गए। एलएमसी/सीएमसी इलाकों के अंतर्गत जल कर की वसूली पर भी विस्तार से बात की गई। संबंधित अफसरों से कहा गया है कि लोगों को इस बात की जानकारी दें कि बकाया शुल्क अदा करने पर उन्हें छूट मिलेगी। उन्होंने आवास बिक्री बढ़ाने के लिए प्रचार-प्रसार, पारदर्शिता एवं सुविधा आधारित प्रक्रियाओं को मजबूत करने के लिए भी कहा।

बिना निर्देश 8.27 लाख ट्रांसफर किया, ब्याज सहित देनी होगी रकम

रायपुर/नवप्रदेश। बिना किसी लिखित निर्देश या अनुमति के खाताधारक के खाते से 8.27 लाख ट्रांसफर करना बैंक को भारी पड़ गया है। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने पंजाब नेशनल बैंक को सेवा में कमी का दोषी ठहराते हुए आदेश दिया है कि वह अग्रवाल स्ट्रक्चर मिल्स प्रालि को पूरी रकम 6% सालाना ब्याज के साथ 45 दिन के अंदर लौटाए। इसके साथ ही मानसिक क्षतिपूर्ति 25 हजार रुपए देने का आदेश दिया है। आयोग अध्यक्ष डॉ. जयेश्वर प्रसाद शर्मा, सदस्य निर्मला प्रधान और अनिल कुमार अग्निहोत्री की पीठ ने आदेश दिया है। परिवादी कंपनी का पीएनबी की शाखा में कैश क्रेडिट अकाउंट है। 5 फरवरी 2016 को इसी खाते से 8,27,107 की राशि कंसल संस नामक फर्म के खाते में ईएफटी के जरिए ट्रांसफर कर दी गई। कंपनी का कहना था कि न तो उसने इस लेन-देन के लिए कोई निर्देश दिया और न ही कोई चेक या लिखित अनुमति बैंक को सौंपी गई। राशि कटने की जानकारी मिलते ही 6 फरवरी को बैंक को पत्र लिखकर रकम लौटाने की मांग की गई।

पेंशनरों के लिए डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट शिविर आज, जीवन प्रमाणपत्र बनेंगे

रायपुर/नवप्रदेश। पेंशनरों की सुविधा के लिए प्रशासन की ओर से कलेक्टोरेट परिसर में स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में 19 जनवरी को जीवन प्रमाण (डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट) शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक पेंशनर इस शिविर में अपना जीवन प्रमाण पत्र भी बनवा सकते हैं। प्रशासन ने अपील की है कि इसमें ज्यादा से ज्यादा पेंशनर शामिल होकर इस सुविधा का फायदा लें। इस शिविर में पेंशनरों के लिए जीवन प्रमाण पत्र बनाने के साथ ही उन्हें वित्तीय साक्षरता से जुड़ी जरूरी जानकारी भी दी जाएगी। शिविर में बैंकों के विशेषज्ञ भी मौजूद रहेंगे, जो सभी तरह की जानकारी देंगे।

अवैध रेत भंडारण: 250 ट्रिप हाइवा रेत जमा, लगा जुर्माना

रायपुर/नवप्रदेश। अवैध रेत भंडारण पर प्रशासन ने बड़ी कार्यवाही की है। पिरदा खनिज जांच नाका के पास सकरी में मेसर्स रायपुर कंस्ट्रक्शन कंपनी वालों ने लगभग 250 ट्रिप हाइवा साधारण रेत का अवैध भंडारण किया था। खनिज विभाग के अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई कि इस अवैध भंडारण के संबंध में संबंधित के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया गया है तथा नियमानुसार जुर्माना राशि वसूल की जा चुकी है। लेकिन, जांच में पाया गया कि पिरदा एवं सकरी में कुम्हार जाति के लोगों द्वारा बाहर के किसानों के खेतों से मिट्टी लाकर ईंट बनाने का काम किया जा रहा है।

महापौर मीनल चौबे के नेतृत्व में शहर को अव्यवस्थित विज्ञापनों से मुक्त करने की पहल

रायपुर के 6 प्रमुख मार्ग घोषित हुए 'नो फ्लैक्स जोन'

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर को सुव्यवस्थित, सुंदर और सुरक्षित बनाने की दिशा में नगर पालिक निगम रायपुर ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। नगर निगम की महापौर मीनल चौबे के नेतृत्व एवं नगरीय नियोजन एवं भवन अनुज्ञा विभाग के अध्यक्ष मनोज वर्मा के मार्गदर्शन में नगर निगम क्षेत्र के 6 प्रमुख मार्गों को नो फ्लैक्स जोन घोषित किया गया है। इन मार्गों पर केवल शासकीय विज्ञापनों को ही छूट दी गई है।

नगर निगम मुख्यालय के नगर निवेश विभाग उड़न दस्ता द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार, मेयर इन काउंसिल (एमआईसी) में लिए गए संकल्प के पालन में इन सभी मार्गों पर नो फ्लैक्स जोन के बोर्ड लगाए जा चुके हैं।

एमआईसी की विगत बैठक में महापौर मीनल चौबे की अध्यक्षता में लिए गए निर्णय के तहत शहर के व्यस्ततम और प्रमुख मार्गों को अवैध फ्लैक्स, होर्डिंग और बैनरों से मुक्त रखने का संकल्प लिया गया था, जिससे यातायात व्यवस्था सुचारु रहे और शहर की सौंदर्यात्मक छवि बनी रहे।

महापौर मीनल चौबे, विभाग अध्यक्ष मनोज वर्मा एवं नगर निगम आयुक्त विश्वदीप ने नगर निवेश विभाग, उड़न दस्ता, नगर निवेशकों, जोन कमिश्नरों एवं संबंधित अभियंताओं को निर्देशित किया है कि इन मार्गों पर प्रतिदिन सतत निगरानी रखते हुए अभियान चलाकर नो फ्लैक्स जोन का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए।

घोषित नो फ्लैक्स जोन के प्रमुख मार्ग

जीई रोड : टाटीबंध चौक से जयस्तम्भ चौक होकर तेलीबांधा थाना चौक तक, पचपेड़ी नाका चौक से लालपुर ओवरब्रिज तक मुख्य मार्ग, शहीद भगत सिंह चौक से छत्तीसगढ़ क्लब होते हुए कैनाल लिंकिंग रोड ट्रैफिक सिग्नल व सिविल लाइन मुख्य मार्ग तक, एनआईटी रायपुर से गोल चौक होकर रायपुरा चौक तक मुख्य मार्ग, जयस्तम्भ चौक से सिटी कोतवाली चौक होकर बिजली ऑफिस चौक तक महिला पुलिस थाना चौक से बूढ़ेश्वर मंदिर चौक तक मुख्य मार्ग

शासकीय विज्ञापनों को अनुमति

केवल शासकीय विज्ञापनों को दी गई अनुमति, अवैध फ्लैक्स, बैनर और होर्डिंग पर पूर्ण प्रतिबंध, प्रतिदिन सतत मॉनिटरिंग एवं विशेष अभियान, यातायात बाधा और दुर्घटनाओं की रोकथाम, शहर की स्वच्छ और सुव्यवस्थित छवि को सुदृढ़ करना।

प्रतिष्ठा की लड़ाई में फंसी नई पुलिसिंग व्यवस्था

रायपुर का 'पहला कमिश्नर' कौन? 22 थानों की कमान या 4 जिलों का रुतबा

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी में कमिश्नर व्यवस्था लागू होने के बाद की परिस्थितियों पर प्रदेश के आईपीएस आपस में ही उलझ गए हैं। उनके सामने धर्म संकट है कि रायपुर शहर के 22 पुलिस थानों के कमिश्नर बनें या शेष बचे रायपुर देहात के 11 थानों के साथ धमतरी, बलौदाबाजार, महासमुंद एवं गरियाबंद के आईजी बनें। अर्थात् चार जिला और 11 थाना बनाम रायपुर के 22 थानों का मामला अब प्रतिष्ठा का प्रश्न बन गया है। आईएएस लॉबी पहले ही पुलिस कमिश्नर को अधिकार दिए जाने के मार्ग में तरह-तरह के प्रश्न खड़े कर रही है।

नवा रायपुर क्षेत्र को लेकर चर्चा

नवा रायपुर क्षेत्र को कमिश्नरी से अलग कर ग्रामीण क्षेत्र में शामिल करने की चर्चा है। नवा रायपुर को रायपुर रेंज के अंतर्गत रखा जाएगा और वहां देहात एसपी की तैनाती होगी। ऐसे में राजधानी के शहरी क्षेत्र तक सीमित कमिश्नरेट के कारण पुलिस कमिश्नर का प्रभाव और अधिकार अपेक्षा से कम होने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस कमिश्नर के बाद दूसरा अहम पद ज्वाइंट कमिश्नर का होगा, जिस पर डीआईजी रैंक के अधिकारी की नियुक्ति प्रस्तावित है। यहीं से अफसरों के बीच सवाल खड़े हो रहे हैं। वर्तमान में कई डीआईजी रैंक के अधिकारी बड़े जिलों में एसपी के तौर पर स्वतंत्र रूप से जिम्मेदारी निभा रहे हैं। ऐसे में रायपुर कमिश्नरेट में एडिशनल एसपी जैसे कार्यभार वाला पद स्वीकार करना उन्हें पदावनति जैसा प्रतीत हो रहा है।

3 जनवरी से राजधानी में पुलिस कमिश्नर प्रणाली: शहरी पुलिसिंग को अधिक प्रभावी बनाने के लिए राज्य सरकार 23 जनवरी से राजधानी में पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू करने जा रही है, लेकिन इसके आरंभ से पहले ही पुलिस महकमे के भीतर उत्साह के बजाय असमंजस और संशय का माहौल है। इसकी सबसे बड़ी वजह कमिश्नरी का सीमित दायरा और प्रस्तावित पदों की व्यावहारिक हैसियत मानी जा रही है।

कमिश्नर की दौड़ में गर्ग और शुक्ला आगे: पहले पुलिस कमिश्नर के लिए आईजी रैंक के आईपीएस अधिकारी की नियुक्ति लगभग तय मानी जा रही है। इस दौड़ में दुर्ग आईजी रामगोपाल गर्ग और बिलासपुर आईजी संजीव शुक्ला के नाम सबसे आगे चल रहे हैं। रामगोपाल गर्ग की छवि ईमानदार और सख्त अधिकारी की रही है। वे सात वर्ष तक सीबीआई में प्रतिनियुक्ति पर रह चुके हैं और कानून व नियमों की गहरी समझ रखते हैं। वहीं संजीव शुक्ला रायपुर के एसपी रह चुके हैं और स्थानीय परिस्थितियों तथा नेटवर्क से अच्छी तरह परिचित हैं। हालांकि जनवरी 2027 में वे सेवानिवृत्त हो जाएंगे, यानी नियुक्ति होने पर उनके पास महज 11 महीने का कार्यकाल रहेगा। इसके अलावा अजय यादव और बद्री नारायण मीणा के नाम भी चर्चा में हैं, जो पूर्व में रायपुर के पुलिस कप्तान रह चुके हैं।

ज्वाइंट कमिश्नर के लिए पांच नामों पर मंथन: सूत्रों के अनुसार, यदि रामगोपाल गर्ग को पुलिस कमिश्नर बनाया जाता है, तो रायपुर की तासीर को समझने वाले किसी अनुभवी डीआईजी को ज्वाइंट कमिश्नर नियुक्त किया जाएगा। इस पद के लिए रायपुर एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह, एसआईबी में पदस्थ अजातशत्रु बहादुर सिंह, जशपुर एसपी शशिमोहन सिंह, बिलासपुर एसपी रजनेश सिंह और दुर्ग एसपी विजय अग्रवाल के नामों पर विचार चल रहा है।

रायपुर डीईओ ऑफिस में भीषण आग की जांच शुरू, डीपीआई ने गठित की 3 सदस्यीय कमेटी

■ 5 दिन में देनी होगी रिपोर्ट

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के स्टोर रूम में शनिवार रात लगी भीषण आग ने शिक्षा विभाग में हड़कंप मचा दिया है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए लोक शिक्षण संचालनालय ने तीन सदस्यीय उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन किया है। यह समिति आग लगने के कारणों और जले हुए दस्तावेजों की बारीकी से पड़ताल करेगी।

महत्वपूर्ण दस्तावेज जलकर खाक, साजिश या हादसा?: शनिवार रात जब शहर सो रहा था, तब डीईओ कार्यालय के स्टोर रूम से आग की ऊंची लपटें उठने लगीं। देखते ही देखते आग इतनी विकराल हो गई कि इसकी लपटें एक किलोमीटर दूर से दिखाई दे रही थीं। दमकल विभाग ने मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक स्कूलों से संबंधित महत्वपूर्ण रिकॉर्ड, पत्राचार और पुरानी फाइलें जलकर राख हो चुकी थीं। सरकारी कार्यालयों के रिकॉर्ड रूम में आग लगने की घटनाओं को अक्सर संदेह की दृष्टि से देखा जाता है, जिसे लेकर सोशल मीडिया पर भी चर्चाएं तेज हैं।

इन अधिकारियों को सौंपी गई जांच की जिम्मेदारी

आदेश के मुताबिक, संभागीय संयुक्त संचालक संजीव श्रीवास्तव को जांच समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनके साथ दो अन्य सदस्यों को शामिल किया गया है: संजीव श्रीवास्तव - संभागीय संयुक्त संचालक (अध्यक्ष), बजरंग प्रजापति - सहायक संचालक (सदस्य), सतीश नायर - सहायक संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय (सदस्य)

दी गई डेडलाइन: समिति को 5 दिनों के भीतर अपनी विस्तृत रिपोर्ट डीपीआई को सौंपनी होगी। रिपोर्ट में आग लगने के कारणों के साथ-साथ विभागीय लापरवाही और सुरक्षा मानकों की कमी पर भी टिप्पणी की जाएगी।

छत्तीसगढ़ में 25 हजार मरीजों की जान से खिलवाड़, न डॉक्टर हैं, न जांच की मशीनें

सिकलसेल संस्थान राम भरोसे

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ का इकलौता सिकलसेल संस्थान इन दिनों खुद 'बीमार' नजर आ रहा है। बदहाली का आलम यह है कि प्रदेशभर से आने वाले मरीजों को परामर्श देने के लिए संस्थान में एक भी विशेषज्ञ डॉक्टर मौजूद नहीं है। शासन की उपेक्षा और प्रशासनिक लापरवाही के चलते यह महत्वपूर्ण संस्थान अब केवल पीजी स्टूडेंट्स (प्रशिक्षु डॉक्टरों) के भरोसे चल रहा है।

बांडेड डॉक्टर छुट्टी पर, नियमित नियुक्ति का अकाल: संस्थान में विशेषज्ञ डॉक्टरों की भारी कमी है। वर्तमान में जो एकमात्र बांडेड डॉक्टर तैनात थे, वे भी 40 दिनों के लंबे अवकाश पर चले गए हैं। वहीं, पूर्व में पदस्थ एक अन्य डॉक्टर बिना उचित अनुमोदन के ही 'स्टडी लीव' पर हैं। आलम यह है कि दूर-दराज से आने वाले सिकलसेल पीड़ित बिना डॉक्टरी परामर्श के वापस लौटने को मजबूर हैं। वैकल्पिक व्यवस्था के नाम पर पीजी छात्रों से काम चलाया जा रहा है।

करोड़ों की मशीनें बन रहीं कबाड़, जांच ठप: 0 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जहां देश को सिकलसेल मुक्त करने का संकल्प दोहरा रहे हैं, वहीं राजधानी रायपुर के इस केंद्र में मशीनें धूल फांक रही हैं।

एचपीसीएल जांच बंद: बकाया 10-12 लाख रुपये का भुगतान नहीं होने के कारण संबंधित एजेंसी ने एचपीएलसी जांच बंद कर दी है।

सीबीसी मशीन 3 साल से खराब: खून की प्राथमिक जांच के लिए जरूरी सीबीसी मशीन पिछले तीन वर्षों से बंद पड़ी है, जिसे सुधारने में विभाग ने कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई।

'डम हो रही नई मशीनें: गर्भस्थ शिशु की जांच के लिए खरीदी गई आधुनिक मशीनें सप्लाई के बाद से आज तक चालू ही नहीं हो पाई और अब कंडम होने की कगार पर हैं।

बस्तर, सरगुजा संभाग के पर्यटन स्थलों को निजी हाथों में सौंपने की तैयारी

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य सरकार बस्तर, जशपुर और सरगुजा के पर्यटन स्थलों के संचालन की जिम्मेदारी निजी हाथों में सौंपने की तैयारी कर रही है। साय सरकार राज्य को एक प्रमुख पर्यटन हब बनाने के लिए नई पर्यटन नीति तैयार कर रही है।

इस नीति में पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) माडल के तहत पर्यटन स्थलों के विकास और संचालन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। पहले चरण में 15 मोटल निजी हाथों में सौंपे जा चुके हैं और अब 20 पर्यटन स्थलों को इसी माडल पर विकसित किया जाएगा। नई नीति में इको टूरिज्म को प्राथमिकता दी जाएगी। सरगुजा और बस्तर संभाग में होम स्टे, होटल, एडवेंचर स्पोर्ट्स और वेलनेस सेंटर जैसी परियोजनाओं के लिए सब्सिडी प्रदान की जाएगी। सामान्य क्षेत्रों में 45 प्रतिशत और आदिवासी तथा माओवादी प्रभावित क्षेत्रों में 10 प्रतिशत अतिरिक्त अनुदान मिलेगा। राज्य सरकार पर्यटन अधोसंरचना के विकास के लिए निजी निवेश को आकर्षित करने की दिशा में कदम उठाएगी। पर्यटकों के ठहरने के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त होटल और रिसार्ट तैयार किए जाएंगे, साथ ही पर्यावरण के अनुकूल पर्यटन स्थलों का विकास किया जाएगा। छत्तीसगढ़ में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं।

44 प्रतिशत वनक्षेत्र, प्राकृतिक सौंदर्य, पौराणिक इतिहास और समृद्ध संस्कृति इसे विशेष बनाते हैं। भगवान श्रीराम का ननिहाल यहीं रहा है। वहीं राम वन गमन पथ प्रदेश में भगवान राम के वनवास मार्ग का एक हिस्सा है। अब राज्य के आर्थिक सुधार के लिए सरकार पर्यटन को आधार बना रही है। गंगरेल बांध, लग्जरी रिसार्ट और नेचर कैंप जैसे लेजर टूरिज्म के तहत धार्मिक, इको, एथनिक, एडवेंचर और हेरिटेज पर्यटन स्थलों जैसे दंतेवाड़ा, चित्रकोट, बस्तर, मैनपाट और सिरपुर को विशेष रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।

विकास का 'पश्चिम' मॉडल... *अधोसंरचना और जन-सेवा का सशक्त संगम*

विधायक राजेश मूणत ने रायपुर पश्चिम को दी करोड़ों की सौगात

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में आज विकास की नई तस्वीर उभरती दिखाई दी, जब विधायक एवं पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने शिक्षा, सामाजिक सरोकार और शहरी अधोसंरचना से जुड़े करोड़ों रुपये के कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण किया। कार्यक्रम में रायपुर नगर निगम की महापौर मीनल चौबे विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

विधायक मूणत ने कहा कि रायपुर पश्चिम को एक आधुनिक, सुव्यवस्थित और सर्वसुविधायुक्त क्षेत्र के रूप में विकसित करना उनका संकल्प है। इसी दिशा में शिक्षा, सड़क, उद्यान और सामुदायिक सुविधाओं को प्राथमिकता दी जा रही है। हीरापुर स्थित प्रेरणा ब्लाइंड विद्यालय में दिव्यांग विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विधायक निधि से 25 लाख रुपये की लागत से नवीन कक्ष निर्माण का भूमिपूजन किया गया। छात्राओं की सांस्कृतिक प्रस्तुति ने कार्यक्रम को भावनात्मक स्वरूप दिया। जनभावनाओं का सम्मान करते हुए हीरापुर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के जीर्णोद्धार हेतु 25 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई, वहीं जरवाय में 9 करोड़ रुपये की लागत से भव्य और अत्याधुनिक उद्यान निर्माण की घोषणा की गई।

लोक निर्माण विभाग के माध्यम से राजधानी के प्रमुख मार्गों में 2 करोड़ 17 लाख रुपये की लागत से सीमेंटीकरण एवं डामरीकरण कार्य प्रारंभ किए गए। साथ ही करबला तालाब परिसर में बच्चों के लिए 25 लाख रुपये की लागत से 'किड्स जोन' निर्माण का भूमिपूजन भी संपन्न हुआ। ग्राम अटारी में छत्तीसगढ़ राज्य मनवा कुर्मी समाज के 80वें अधिवेशन में शामिल होकर विधायक मूणत ने 20 लाख रुपये की लागत से निर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया तथा समाज की मांग पर बाउंड्री वॉल हेतु 10 लाख रुपये देने की घोषणा की। महापौर मीनल चौबे ने कहा कि विधायक राजेश मूणत के नेतृत्व में रायपुर पश्चिम विकास के नए दौर में प्रवेश कर चुका है और नगर निगम तथा लोक निर्माण विभाग समन्वय के साथ नागरिक सुविधाओं को सशक्त बना रहे हैं। कार्यक्रमों में पार्षद दीपक जायसवाल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

शेयर ट्रेडिंग के नाम पर छठवीं पास आरोपी ने ठगे 1.35 करोड़

रायपुर/नवप्रदेश। क्रिप्टो करेंसी और शेयर ट्रेडिंग में अधिक मुनाफा व मासिक ब्याज दिलाने का झांसा देकर करोड़ों की ठगी करने वाले आरोपित कुलदीप भतपहरी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। क्राइम और पंडरी थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में छठवीं पास फर्जी निवेश सलाहकार बनकर ठगी करने वाले को पकड़ा है। आरोपित ने 26 लोगों से एक करोड़ 35 लाख 14 हजार रुपये की ठगी की थी और लंबे समय से फरार चल रहा था।

पुलिस के अनुसार आरोपित कुलदीप भतपहरी (38 वर्ष) निवासी धमतरी रोड, सतनाम ज्ञान देवपुरी, थाना टिकरापारा, रायपुर का रहने वाला है। आरोपित खुद को शेयर मार्केट, आइपीओ, एनएसई, एमएसईआइ और सीडीएसएल से जुड़ा निवेश सलाहकार बताकर लोगों को फंसाता था। मासिक ब्याज और ज्यादा मुनाफे का दिया लालचः पंडरी थाना पुलिस के मुताबिक, प्रार्थी अमित दास ने शिकायत दर्ज कराई थी कि वर्ष 2021-22 में उसकी पहचान कुलदीप भतपहरी से हुई थी। आरोपित खुद को शेयर बाजार और क्रिप्टो करेंसी का विशेषज्ञ बताते हुए 'केबी प्लान' के नाम पर निवेश कराने लगा। उसने आइपीओ, एनएसई और अन्य माध्यमों से निवेश पर अधिक लाभऔर हर महीने ब्याज देने का झांसा दिया। आरोपित की बातों में आकर अमित दास और उसके भाई रोहित दास ने आनलाइन और नकद मिलाकर 15 लाख 60 हजार रुपये आरोपित को दे दिए।

सुविचार

हमारी आंखें सारी दुनिया की बुराई देख लेती हैं लेकिन खुद में कितनी बुराई है यह कभी नहीं देख पाती। - अज्ञात

महाराष्ट्र में भाजपा की महा जीत के मायने

महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई की महा नगर पालिका (बीएमसी) सहित प्रदेश के 29 नगर निगमों में से 25 पर कमल खिला कर भाजपा ने महाराष्ट्र की राजनीति में एक नया इतिहास रचा दिया है। इसके पूर्व हुए नगर परिषदों व नगर पंचायतों के चुनाव में भी भाजपा और उसके सहयोगी दलों ने तीन चौथाई से भी ज्यादा सीटें जीतकर नया रिकार्ड बनाया था। 29 नगर निगमों की कुल 2869 सीटों में अकेले भाजपा ने 1425 सीटें जीती हैं। इस तरह आधी सीटों पर भाजपा का परचम फहराया है। सबसे प्रतिष्ठित बीएमसी के चुनाव में जहाँ पिछले ढाई दशकों से ठाकरे परिवार का दबदबा कायम था वहां भाजपा ने बड़ी जीत दर्ज कर ठाकरे ब्रदर्स का किला ढहा दिया। 227 सदस्यीय बीएमसी में भाजपा 89 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनी है और वहां भाजपा का मेयर बनना तय हो गया है। भाजपा के सहयोगी दल शिवसेना को 29 सीटें मिली हैं। इस तरह वहां महायुति गठबंधन को स्पष्ट बहुमत मिल गया है। शिवसेना यूबीटी सिर्फ 65 सीटों पर सिमट कर रह गई है जबकि मुंबई को अपनी बपौती समझने वाले राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना को सिर्फ 6 सीटें मिली हैं। उनसे ज्यादा 8 सीटें तो असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम को मिली है। कांग्रेस को सिर्फ 24 सीटों पर संतोष करना पड़ा है। ठाकरे परिवार का अभेद्य गढ़ कहे जाने वाले मुंबई में उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे के भरत मिलाप के बाद भी उन्हें मिली करारी शिकस्त दोनों भाईयों के लिए ऐसा करारा झटका है कि इस सदमे से उबर पाना उनके लिए मुश्किल होगा। उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे को नकार कर मुंबई करों ने साफसंदेश दे दिया है कि अब महाराष्ट्र में विरासत की राजनीति और परिवारवाद के दिन लद गये हैं। क्षेत्रवाद, नफरत और लफ्फाजी की राजनीति के लिए अब कोई जगह नहीं है। ठाकरे बंधुओं ने जिस तरह उत्तर भारतीयों के खिलाफ जहर उगला था और हिन्दू धर्म का मजाक उड़ाकर तुष्टिकरण की राजनीति करने की कोशिश की थी उसे महाराष्ट्र के लोगों ने सिरे से नकार दिया। महाराष्ट्र के नगरीय निकायों में भाजपा की महा जीत के मायने यही है कि राष्ट्रवाद और विकास की राजनीति के आगे सब गौण हैं। पुणे और नागपुर सहित अन्य नगर निगमों में भी भाजपा को ऐतिहासिक जीत मिली है। कांग्रेस, ठाकरे बंधु और शरद पवार की पार्टी को हर जगह मुंह की खानी पड़ी है। महाराष्ट्र के निकाय चुनाव में भाजपा को ऐतिहासिक जीत दिलाने का श्रेय वहां के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस को जाता है। जिन्होंने बेहतर चुनावी रणनीति बनाई और पूरे चुनाव के दौरान जमकर पसीना बहाया। उन्होंने भाजपा के केन्द्रीय नेताओं को चुनाव प्रचार में आने से मना कर दिया था खुद ही मोर्चा संभाला था। भाजपा के केन्द्रीय नेतृत्व ने भी देवेंद्र फड़णवीस को फ्री हैण्ड दे दिया था और देवेंद्र फड़णवीस भाजपा हाई कमान की कसौटी पर खरे उतरे। इस सफलता से निश्चित रुप से भाजपा में देवेंद्र फड़णवीस का कद और बढ़ जाएगा। महाराष्ट्र का यह जनादेश राहुल गाँधी, ममता बनर्जी और अखिलेश यादव जैसे तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले नेताओं के लिए भी सबक है। बहरहाल जनादेश को सभी को शिरोधार्य करना चाहिए और हारने वाली पार्टियों को अपने पराजय के कारणों की इमानदारी से समीक्षा करनी चाहिए। हमेशा की तरह वोट चोरी का आरोप लगाना या चुनाव आयोग के सिर पर हार का ठीकरा फोड़कर वे हास्य का ही पात्र बनेंगे। इस बार ईवीएम से नहीं बैलेट पेपर से चुनाव हुए फिर भी हार गए तो अब शिवसेना यूबीटी के नेता स्याही पर संदेह जता रहे हैं और भाजपा पर नोट बांटकर वोट खरीदने का आरोप लगा रहे हैं। ऐसा कहकर वे वोटरों को बिकाऊ बताकर उनका घोर अपमान कर रहे हैं। इस तरह के बेतुके और बेबुनियाद आरोप से उन्हें परहेज करना चाहिए वरना आने वाले समय में उनकी पार्टी का अस्तित्व ही संकट में पड़ जाएगा।

सद्गुरू बोधामृतम्

सदगुरू श्री ऋतेश्वर

◆ तुम जिस तरह भगवान को भजोगे, भगवान भी तुम्हें उसी तरह भजेगा।

◆ किसको संतुष्ट करोगे ? मत करो लोगों को संतुष्ट। एक साधे सब सधे, सब साधे सब जाए। सिर्फएक सद्?गुरु को साध लो बाकी सब अपने आप सध जायेंगे। वो खुश रहे, वो प्रसन्न रहे, वो आनंदित रहे ऐसे प्रयास करो।

◆ 'वही हो जो मेरे सद्?गुरु को मंजूर हो और वही होगा' - ऐसा दृढ़ निष्ठा, दृढ़ संकल्प, दृढ़ विश्वास, दृढ़ इच्छाशक्ति की दृढ़ता हो हर शिष्य में।

रासायनिक उर्वरकों का बढ़ता जाल: क्या अब बड़े सुधारों का समय आ गया है?

पद्मश्री राम सरन वर्मा

भारत एक कृषि प्रधान देश है, जहाँ की एक बड़ी आबादी अपनी आजीविका के लिए सीधे तौर पर खेती पर निर्भर है।देश की बढ़ती खाद्य माँग को पूरा करने के उद्देश्य से पिछले कई दशकों से रासायनिक उर्वरकों का उपयोग निरंतर बढ़ाया गया है।शुरुआती दौर में इन उर्वरकों ने उत्पादन बढ़ाने में निश्चित रूप से मदद की, लेकिन आज इनके अंधाधुंध और अनियंत्रित उपयोग के कारण कृषि, पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य पर गंभीर संकट मंडराने लगा है।

उर्वरकों की खपत के भयावह आंकड़े

देश में रासायनिक उर्वरकों के बढ़ते उपयोग का अंदाज़ा इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि वर्ष 2018-2019 में जहाँ 115 करोड़ बैग की खपत हुई थी, वहीं 2024-25 के दौरान यह आंकड़ा 150 करोड़ बैग को पार कर गया है।गौर करने वाली बात यह है कि भारत की जनसंख्या लगभग 143 करोड़ है, जबकि उर्वरकों की खपत 150 करोड़ बैग से भी अधिक हो चुकी है।यह असंतुलन न केवल चिंताजनक है, बल्कि भविष्य के लिए एक बड़े खतरे का संकेत भी है।

सेहत और मिट्टी पर दोहरी मार

रासायनिक उर्वरकों का असर अब हमारे थाल तक पहुँच चुका है।गेहूँ, चावल, दालें, सब्जियाँ, फल और यहाँ तक कि दूध, दही और घी भी इनके रसायनों से अछूते नहीं रहे हैं।इसके परिणामस्वरूप देश में कैंसर, हृदय घात, एलर्जी और मधुमेह जैसी गंभीर बीमारियों के मामले दिन-प्रतिदिन बढ़ रहे हैं।

खेतों की स्थिति भी कम सोचनीय नहीं है।नियमानुसार, उर्वरकों का उपयोग केवल पौधों की जड़ों के पास होना चाहिए, लेकिन पूरे खेत में इनके छिड़काव से खरपतवार की समस्या बढ़ जाती है।इस खरपतवार को खत्म करने के लिए फिर भारी मात्रा में खरपतवार-नाशक दवाओं का उपयोग होता है, जो मिट्टी की उर्वरता को नष्ट कर देती हैं।मिट्टी की खोई हुई शक्ति वापस पाने के लिए किसान और अधिक खाद डालता है, और यह दुष्चक्र हर साल मिट्टी को और अधिक बंजर बनाता जा रहा है।

अर्थव्यवस्था पर बोझ और कालाबाजारी

उर्वरक क्षेत्र में बढ़ता निवेश देश की अर्थव्यवस्था पर भी भारी पड़ रहा है।वर्तमान में देश में प्रतिवर्ष लगभग 3 लाख करोड़ रुपये (सब्सिडी सहित) के रासायनिक उर्वरकों का उपयोग हो रहा है।विडंबना यह है कि हमारा उर्वरक उद्योग 80 प्रतिशत तक विदेशी कच्चे माल या आयातित उर्वरकों पर निर्भर है।कुल 3 लाख करोड़ रुपये में से 2.5 लाख करोड़ रुपये केवल आयात में खर्च हो जाते हैं।इस प्रकार, एक ओर हमारी भूमि बंजर हो रही है, तो दूसरी ओर देश की बड़ी पूंजी विदेशों में जा रही है।

सरकार किसानों के कल्याण के लिए भारी सब्सिडी दे रही है।पिछले 10 वर्षों में लगभग 13 लाख करोड़ रुपये की उर्वरक सब्सिडी प्रदान की गई है।इसी सब्सिडी के कारण 40 रुपये प्रति किलो वाली यूरिया खाद किसानों को 6 रुपये प्रति किलो से भी कम दाम पर उपलब्ध है।स्थिति यह है कि यूरिया आज पशुओं के चारे से भी सस्ता हो गया है।सरकार 85 से 90 प्रतिशत तक सब्सिडी देती है ताकि किसानों को यूरिया एक चाय के कप से भी कम कीमत पर मिले।लेकिन इसी कम कीमत का लाभ उठाकर बिचौलिए इसकी कालाबाजारी करते हैं और कृषि के बजाय इसका उपयोग प्लाईवुड कारखानों, कैटल फीड और मिलावटी दूध बनाने में कर रहे हैं।

सुधार की राह और समाधान

इस संकट से उबरने के लिए अब ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है।पहले खेतों से निकलने वाले अवशेषों का उपयोग जैविक खाद के रूप में होता था, जिससे मिट्टी का 'जैविक कार्बन' बना रहता था।आज इन अवशेषों को बेचने से किसानों को कुछ लाभ तो होता है, लेकिन वह रासायनिक उर्वरकों की वास्तविक लागत के मुकाबले बहुत कम है।

सरकार को चाहिए कि वह रासायनिक उर्वरकों के बैग का वजन कम कर उसकी जगह जैविक खाद के विकल्प उपलब्ध कराए।साथ ही, अत्यधिक उर्वरक उपयोग वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर वहां विशेष निगरानी दल गठित किए जाने चाहिए।

धरती की सेहत सुधारने के लिए जरूरी सुझाव:

1. हरी खाद का अधिक इस्तेमालः जिस तरह शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग आवश्यक है, उसी तरह से मिट्टी के स्वास्थ्य के लिए हरी खाद अनिवार्य है।
2. पौधों का विकासः जैविक खाद के प्रयोग से पौधों की जड़ों को फैलने और गहराई तक जाने का पर्याप्त अवसर मिलता है।
3. वैज्ञानिक फसल चक्रः एक ही तरह की फसल बार-बार उगाने के बजाय फसल चक्र बदलें।जैसे दलहनी फसलें जमीन के गहरे स्तर से पोषक तत्व लेती हैं, जबकि गेहूं और धान ऊपरी सतह से।
4. उन्नत सिंचाई तकनीकःड्रिप इरिगेशन (टपक सिंचाई) अपनाएं और खेती से पहले भूमि को समतल करें।इससे पानी की बचत होगी और उर्वरक सीधे पौधों पर कारगर तरीके से काम करेंगे।
5. यूरिया का कुशल उपयोगःयूरिया का छिड़काव शाम के समय अधिक प्रभावी होता है, जिससे कम खाद में बेहतर परिणाम मिलते हैं।
6. पशुधन और जैविक संतुलनःपशुपालन को बढ़ावा दें ताकि गोबर की खाद का उपयोग बढ़े।इससे उत्पादन क्षमता दीर्घकालिक बनी रहेगी और मिट्टी को भी विश्राम मिलेगा।

यदि हमने आज मिट्टी नहीं बचाई, तो हमारा भविष्य भी सुरक्षित नहीं रहेगा। समय आ गया है कि हम रसायनों के इस मोह को छोड़कर प्रकृति की ओर लौटें।

किन-किन 'सरों की टोपी' उड़ा उरहा है!

राजीव खंडेलवाल

नोबेल पुरस्कार विजेता और 'भारत रत्न' से अलंकृत प्रो. अमर्त्य सेन, तथा देश की समुद्री सीमाओं के रक्षक रहे पूर्व नौसेना प्रमुख एडमिरल अरुण प्रकाश और उनकी पत्नी को चुनाव आयोग की ओर से विशेष गहन पुनरीक्षण (सर) के दौरान सिस्टम जनरेटेड नोटिस भेजा गया–जिसमें उनसे कहा गया कि वे अपनी पहचान और नागरिकता साबित करने के लिए उपस्थित हों। इसे कहते हैं– सूरज को दीपक दिखाना। कानून के समक्ष सब समान हैं–यह लोकतंत्र की रीढ़ एवं आत्मा है। लेकिन क्या कानून का यह अर्थ भी है कि बुद्धि, विवेक और सामान्य समझ को स्थगित कर दिया जाए?

क्या देश को यह जांच करनी है कि अमर्त्य सेन कहीं चुपचाप किसी और देश के नागरिक तो नहीं बन गए? क्योंकि यह कल्पना करना देश में वर्तमान में संभव है। वह इसलिए की आजकल जो चलन (ट्रेंड) चल रहा है, वर्तमान समय में देश की नागरिकता छोड़ने की सबसे ज्यादा संख्या है। वर्ष 2020 से संख्या लगातार बढ़कर 2024 में ही 216719 लोगों ने नागरिकता छोड़ी। चुनाव आयोग ने इसे हास्यास्पद प्रशासनिक तमाशे विडंबना में बदल दिया।

चुनाव आयोग ने सफाई दी– यह तो सिस्टम जनरेटेड तकनीकी त्रुटि है। अर्थात अब भारत में गलती किसी की नहीं, दोषी सिर्फसिस्टम है। बीएलओ तीन बार एडमिरल अरुण प्रकाश के घर गए। तब दस्तावेज नहीं मांगे गए। फिर अचानक नोटिस में दस्तावेजों की मांग! यानी–पहले जांच बिना जांच। फिर नोटिस बिना विवेक। और अंत में सुधार बिना माफी। चुनाव आयोग ने गलती सुधारी, लेकिन क्या उसने क्षमायाचना की? या प्रतिष्ठा को ठेस लगना अब अनुशासनिक क्षति (कोलेटरल डैमेज) मान लिया गया है?

संवैधानिक एवं वैधानिक प्रावधान।

धारा 21 में मतदाता सूची में तीन तरह के पुनरीक्षण के प्रावधान है। संक्षिप्त रूप से या 'गहनता से', सामान्य संशोधन, विशेष संशोधन तथा सतत संशोधन। धारा 21(2) (ए) (I) सहपठित नियम 25 के अंतर्गत सामान्य आम चुनाव होने के पूर्व निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण किया जायेगा। धारा 21 (3) के अंतर्गत विशेष पुनरीक्षण (विशेष गहन पुनरीक्षण का नहीं) का प्रावधान है, जो किन्हीं लोकसभा/विधानसभा क्षेत्र के लिए हैं, ''पूर्ण राज्य'' के लिए कदापि नहीं। इस प्रकार चुनाव आयोग का ''अंधा बांटे रेवड़ी'' वाला 24 जून का आदेश कानून व तथ्यात्मक दोनों रूप से गलत है।

वर्तमान एसआइआर सिर्फसंशोधन की प्रक्रिया नहीं रह गई हैं, बल्कि पुरानी मतदाता सूची को व्यवहारिक व कार्य रूप में ''अस्तित्वहीन'' व निष्प्रभावी कर नई मतदाता सूची बना रही है। इसका कोई प्रावधान संविधान या जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 में नहीं है। फिर ''एसआइआर'' पर करोड़ों रुपए व समय खर्च कर निर्दोष बीएलओ की आहुति देकर ''घर फूंक तमाशा देखने का'' क्या मतलब है? अनुच्छेद 324 मतदाता सूची तैयार करने का अधिकार अवश्य देता है। परन्तु मतदाता सूची कैसे बनेगी, यह धारा 21 में वर्णित है, जिसमें स्ढ्क्र का उल्लेख कही भी नहीं है।

सर! सुधार के नाम पर लोकतंत्र की नकारात्मक सर्जरी।

स्वतंत्र भारत की पहली निर्वाचक नामावली प्रथम आम चुनाव 1951-52 के लिए तैयार की गई थी, जिसका 15 नवम्बर 1952 को प्रकाशन हुआ था। वर्ष 1951 से लेकर वर्ष 2024 तक चुनाव आयोग नामावली में संशोधन-मृत्यु, दोहराव व मतदाता स्थानांतरण के आधार पर करती आ रही है, अर्थात आधार वर्ष 1951 को सूची मान्य होकर समय-समय पर संशोधित होती रही सूची ही मतदाता सूची ही किसी भी एसआर की कार्रवाई के लिए आधार रही है। इसके ही आधार पर चुनाव कराये जाते रहे है। इसका क्या एक अर्थ यह नहीं निकाला जाना चाहिए कि पूर्व में स्ढ्क्र न किये जाने के कारण अभी तक हुए समस्त चुनाव अवैध है? आखिर स्क्र व स्ढ्क्र में अंतर क्या है? जिनको स्पष्ट करने में चुनाव आयोग असफल रहा है। स्ढ्क्र में चुनाव आयोग पुरानी सूची नई सूची बना कर प्रतिस्थापना कर रहा है, जो पूर्णतः गैर संवैधानिक और गैर कानूनी है। स्पष्ट है कि ''बनाने चले थे गणपति और बन गया शिवलिंग''। कही ऐसा नहीं कि ''एसआइआर'' की कार्रवाई ''चमड़े के सिक्के'' चलाने समान हो जावे। मतदाता सूची की शुद्धता आवश्यक है–इससे कोई विवाद नहीं।

लेकिन सवाल यह है कि– क्या इलाज ऐसा हो कि मर्ज बढ़ता जाए?

एक पते पर सैकड़ों नाम, एक ही फोटो का कई बार उपयोग। लेकिन सवाल यह नहीं कि गलतियाँ हैं या नहीं, सवाल यह है कि क्या पूरी प्रक्रिया संवैधानिक है? यदि कल को उच्चतम न्यायालय स्ढ्क्र असंवैधानिक घोषित करता है हुई, तो क्या अब तक हुए चुनाव इलेक्टोरल बॉन्ड और महाराष्ट्र सरकार की तरह अवैध माने जाएंगे? या तब कहा जाएगा अब पछताए होत क्या, जब चिड़िया चुग गई खेत?

1952 के बाद पहली बार 2025 में स्ढ्क्र के नाम पर नई मतदाता सूची बनाई जा रही है। प्रश्न सीधा है–जब कानून में यह अधिकार नहीं, तो चुनाव आयोग यह शक्ति कहां से ला रहा है? -जिस पर उच्चतम न्यायालय सुनवाई में सबसे पहले विचार क्यों नहीं कर रहा है?-मतदाता नहीं, अब 'आवेदक' हैं नागरिक पहले मतदाता सूची बनाना चुनाव आयोग का दायित्व था। अब कहा जा रहा है– फॉर्म भरो, वरना नाम कटेगा। यानी लोकतंत्र में अब अधिकार नहीं, आवेदन मिलेगा।

कहावत है– जूँ के डर से गुदड़ी नहीं फेंकी जाती। लेकिन यहां तो पूरी गुदड़ी ही आग में झोंकी जा रही है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 2002 - पाकिस्तान के राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ़ ने किसी भी ग़ैर-पाकिस्तानी आतंकवादी पाकिस्तान में होने से इन्कार किया। 2001 - थाइलैंड में रॉक थाइ पार्टी को बहुमत, तालिबान पर सुयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंध प्रभावी। 1995 - चेचन्या के अलगाववादी राष्ट्रपति भवन से भाग निकले और रूसी तोपख़ाने ने उसे नष्ट कर दिया। 1994 - परिवहन विमान पर हमले के बाद सरायेवो से लोगों को बाहर निकालने का काम राष्ट्रसंघ अधिकारियों ने स्थगित कर दिया। 1992 - इज़रायल के प्रधानमंत्री 'चितजाक मीर' की मिली-जुली सरकार ने संसद में बहुमत खो दिया। 1986 - पहला कम्प्यूटर वायरस 'सी.ब्रेन' सक्रिय किया गया। 1981 - अमेरिकी तथा ईरान के बीच समझौते के तहत 52 अमेरिकी बंधकों को रिहा किया गया। 1977 - समुद्र तटों के लिए प्रसिद्ध अमेरिका के मिआमी शहर में पहली बार बर्फ़गिरी। 1975- हिमाचल प्रदेश में भूकंप आया। 1974 - चीन ने सोवियत संघ के एक राजनयिक सहित पाँच लोगों को जासूसी के आरोप में देश से निष्कासित कर दिया। 1966 - इंदिरा गाँधी को भारत का तीसरा प्रधानमंत्री चुना गया। 1960 - अमेरिका और जापान के बीच आपसी सुरक्षा समझौता हुआ।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

कोमल कोमल

कोमल कोमल वो गीतों वाली जाने कहां कौन शहर रहतीं है। ये न मंजिलों सी ठहरी ठहरी भावों की बदली सी बहतीं है। कोमल कोमल... उनके फसानों में कितने बादल अफ़सानों में प्यार के साहिल गूंगी गूंगी होतीं हैं तितली तेरे गीतों में कुछ कहतीं हैं कोमल कोमल... आंसू से जब झीलें भर जातीं ये निर्झर झरनों के संग गातीं मंजिलें भी फिर भावुक हो कर मुसाफिर से मिलने चल पड़तीं हैं कोमल कोमल... - **अजय कुमार सिंह भदौरिया**

निष्काशन नफ़रत

निष्काशन नफ़रत का अंतिम चरण होता है शायद,क्योंकि जब हम किसी भी दर्द,किसीके भी क्रोध से, किसी भी तरीक़े से नही टूटते तो शायद नफ़रत का यह आख़री हथियार होता होगा,यह सच भी है यह बेहद घातक है,आप रोज मरते है। आत्महत्या नही करेगा निष्काशित व्यक्ति,वह ऐसे ही खत्म हो जाएगा (सांप भी मरेगा,औऱ लाठी भी नही टूटेगी)। - **सुरेखा अग्रवाल**

तितली को उपवन-उपवन उड़ते हुए अगर

तितली को उपवन-उपवन उड़ते हुए अगर ध्यान से देखा है तो जानोगे जिंदादिली क्या हैं और कैसे होते हैं जिंदगी के रंग पकड़ी हुयी तितली के मुक्त होने पर समय की उँगलियों के पोरुओं पर छूटे रंग जैसे जीवंत- **रामकिशोर उपाध्याय**

पत्नी अपनी सास/नंद /देवर / जेठ

पत्नी अपनी सास/नंद /देवर / जेठ सभी की बुराई अपने पति से कर सकती है... और यह करते करते पति को सभी के विरुद्ध भी खड़ा कर सकती है... और कर ही देती है ?? (पुरुष के धैर्य को सलाम)लेकिन लेकिन लेकिन पति अपनी सास/ साली / साले की बुराई अपनी पत्नी से नहीं कर सकता...है हिम्मत तो करके दिखाए ?? (और कहते फिरते हो की पुरुष ही बलवान होता है ??)। - **सीमा राय**

वो जिन्हें दे दी है हमने उम्र सारी रास

वो जिन्हें दे दी है हमने उम्र सारी रास आई ही नहीं उनको तो यारी काम हमने कर दिए होंगे हज़ारों और उनको लग रहा है एक भारी रिश्ते-नाते झूठ से लगने लगे हैं और झूठी लग रही दुनिया ये सारी मिल नहीं पाया खुदी से जो कभी वो आदमी खुद से करेगा मारा मारी आज के इस दौर में और मुस्कुराना अक्ल भी मारी गयी है क्या तुम्हारी। - **मित्र ग़ाज़ियाबादी**

किसी महान विभूति ने कहा है कि जब

किसी महान विभूति ने कहा है कि जब हम किसी चीज़ को शिद्दत से चाहते हैं तो कुदरत हमें उससे मिलवा ही देती है. सैम अंकल की सबसे बड़ी ख्वाहिश पूरी हो ही गई। वेनेजुएला की मारिया कोरिना मचाडो ने अपना नोबेल पीस प्राइज सैम अंकल को भेंट दे दिया। सुना है अंकल सैम गदगद हो गए हैं। - **ज्योत्स्ना कपिल**

छत्तीसगढ़ में लोग मुसुवा ढूंढ रहे

छत्तीसगढ़ में लोग मुसुवा ढूंढ रहे हैं ? जबकि चोर खुले आम घुम रहे हैं यहां कुछ होता है और कुछ हल्ला । जहां मुसुवा खा गया धान बोल रहे हैं वहां के चोर पर कार्यवाही के जगह मुसुवा ढूंढ रहे है जिस केंद्र में गड़बड़ी हुई है वहां के लोगों को गिरफ्तार करों । रेस टिप खेलना बंद करो । - **लक्ष्मी नारायण लहरे**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेषः आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। अपने माता-पिता से आप अपने मन की बातों को साझा करेंगे। जो लोग घर से दूर रहकर पढ़ाई कर रहे हैं, वे आज अपने परिवार से मिल सकते हैं।

वृष : आज का दिन आपके लिये ठीक-ठाक रहेगा। आज आपको नकारात्मक सोचने से बचना चाहिए। बच्चों के सपनों को साकार करने के लिए उन्हें प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है।

मिथुनः आज आपका दिन उत्तम रहेगा। काम के प्रति डेडिकेशन होने से आप जल्दी ही सफलता की ओर अग्रसर होंगे। आज किसी अनुभवी व्यक्ति का सानिध्य मिलेगा।

कर्क : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज किसी मामले में अपनी समझ से काम करना होगा।

सिंहः आज आप में एक नई उमंग और खुशी रहेगी। आज आप जो भी काम करेंगे वह पूरे मन से करेंगे, नया अनुभव आपको मिलेगा।

कन्या : आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें, मौसम में परिवर्तन की वजह से थोड़ी परेशानी हो सकती है। समाज सेवा से जुड़े लोगों का समाज में प्रभाव बढ़ेगा, लोगों का सहयोग मिलेगा।

तुलाः आज आपका दिन आपकी माता-पिता की सेवा में बीतेगा। आज आप नयी जमीन से संबंधित लेन-देन करने जा रहे हैं तो पहले उसकी अच्छे से जांच-पड़ताल जरूर कर लें। पारिवारिक मनोरंजन संबंधी यात्रा का प्रोग्राम बनेगा जिससे बच्चे आपसे प्रसन्न रहेंगे।

वृश्चिक : वृश्चिक राशि ड्ड वालों आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज युवाओं को अपने अध्ययन और करियर में एकाग्रता रखने से उचित परिणाम मिलेंगे। आज बच्चों की समस्याओं का समाधान निकालने के लिए कुछ समय उनके साथ जरूर बिताये।

धनु : आज आपका दिन कार्यक्षेत्र में तरक्की दिलाने वाला रहेगा। आज किसी भी परिस्थिति में घबराने की वजह अपनी बुद्धि बल और कार्य क्षमता का उपयोग करेंगे।

मकर : आज आपका दिन मिला-जुला रहने वाला है। आज आपको अपने व्यवहार में कुछ सुधार लाने की भी जरूरत है क्योंकि कभी-कभी आपका जल्दबाजी तथा आवेश पूर्ण स्वभाव लोगों के लिए परेशानियां उत्पन्न कर देता है।

कुंभ : कुम्भ राशिड्ड वालों आज आपका दिन उमंग से भरा रहेगा। नौकरी पेशा वाले लोगों की अच्छी इनकम होगी। प्रॉपर्टी से जुडी समस्याओं के लिए भागदौड़ के उपरांत काम बन जायेगा।

मीन : आज आपका मन उत्साहित रहेगा। जॉब कर रहे लोगों के लिए अच्छे ऑफर्स आने के योग बन रहे है, उनकी सैलरी में इजाफा होगा। आज कुछ समय एकांत या आध्यात्मिक स्थल पर जरूर व्यतीत करें।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) गांधीजी द्वितीय गोलमेज सम्मेलन के समय किस जहाज से लंदन गए थे?

2) सूर्य को भास्कर क्यों कहा जाता है?

3) जनवरी 2026 में जारी आईसीसी वनडे रैंकिंग में कौन बल्लेबाज शीर्ष पर रहा है?

4) सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस किस तिथि को मनाया जाता है?

5) टायलर पुरस्कार 2026 से हाल ही में किसे सम्मानित किया गया है?

उत्तरमाला- (1) एस.एस. राजपूताना (2) प्रकाश देने वाला (3) विराट कोहली (4) 14 जनवरी (5) डॉ टोबी कियर्स

पहेली

शब्द सामर्थ्य -290

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 289 का हल

सुपेला संडे मार्केट में अतिक्रमण पर सख्ती से चला बुलडोजर

ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने पुलिस और निगम प्रशासन की कार्रवाई : शिवलिंग चबूतरा हटाने पर विवाद

भिलाई/नवप्रदेश। सुपेला स्थित संडे मार्केट पर आज नगर निगम, पुलिस और प्रशासन की टीम ने सख्ती से बुलडोजर चलाया। शहर की बिगड़ती ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई।

भिलाई नगर निगम और पुलिस प्रशासन ने रविवार को सुबह सुपेला संडे मार्केट से बेजा कब्जे हटा दिये। मार्केट में 150 दुकानों के बाहर लगने वाले ठेले और अस्थायी निर्माण पर कार्रवाई हुई। कार्रवाई के दौरान 6 पुलिस थानों का पुलिस बल मौजूद रहा।

कार्रवाई के दौरान शिवलिंग चबूतरा को हटाने पर विवाद होने लगा। पुलिस की समझाईश के बाद चबूतरा तोड़ दिया गया। सुपेला के दुकानदारों ने कार्रवाई का समर्थन किया। अफसरों ने बताया कि अब सड़क पर कब्जा नहीं होने दिया जाएगा। अगले रविवार को भी सख्ती से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस प्रशासन ने रात 9 बजे से ही सुपेला चौक से गदा चौक तक जाने वाले मार्ग पर अतिक्रमण हटाने की तैयारी शुरू कर दी थी। आज सुबह 6 बजे से भारी पुलिस बल की मौजूदगी में नगर निगम की टीम ने अवैध रूप से लगाए गए ठेले, दुकानें और अस्थायी निर्माण को हटा दिया। मौके पर सुपेला, छावनी, खुर्सीपार, सेक्टर-6 कोतवाली और जामुल थाने की पुलिस टीमें तैनात रही। शनिवार को रात में सभी दुकानदारों को अतिक्रमण हटाने की सूचना दे दी गई थी।

जनहित संघर्ष समिति ने प्रशासन का जताया आभार

जनहित संघर्ष समिति के संयोजक शारदा गुप्ता ने बीच रोड में लगने वाले संडे बाजार को हटाने पर पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल सहित पुलिस प्रशासन का आभार माना है। भविष्य में जाम की स्थिति ना होने देने के लिए नगर निगम से बैरिकेड्स और चेकर टाईल्स लगाकर विशेष व्यवस्था करने की मांग की है। पार्किंग की विशेष व्यवस्था करने और ठेले वालों की लिए अलग व्यवस्था करने की मांग भी की गई है। ताकि भविष्य में दोबारा ऐसी स्थिति ना होने पाए। शारदा गुप्ता ने कहा कि शराब दुकान के कारण भी रोज जाम की स्थिति बनी रहती है। जनता की मांग है कि प्रशासन शीघ्र शराब दुकान स्थानांतरित करे। 100 फीट की चौड़ी सड़क संडे बाजार में 10 फीट में सिमट जाती थी। यहां से रोज हजारों वाहन गुजरते हैं। सुपेला चौक से लेकर राजेंद्र प्रसाद चौक तक जाम की स्थिति रहती थी। आज कार्रवाई होने पर आभार प्रदर्शन करने वालों में प्रमुख रूप से जनहित संघर्ष समिति के संयोजक शारदा गुप्ता, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रभुनाथ मिश्रा, पार्षद व पूर्व जिला अध्यक्ष महेश वर्मा बृजमोहन उपाध्याय, सुभाष शर्मा विनोद उपाध्याय निशु पांडे कन्हैया सोनी राजेश प्रधान विशालदीप नायर बंटी नाहर निर्मल भारती विजय गुप्ता अखिलेश वर्मा गुरनाम सिंह संतोष जायसवाल गौरी चक्रवर्ती भारती बेन प्रदीप पांडे मुन्ना पांडे हरीशचंद्र भारती, राजू राजेश केसरवानी भास्कर तिवारी राजेश सिंह अजहर संतोष सोनी योगेश यदु विवेक श्रीवास्तव उज्जवल सिंग, पृथ्वीराज चौहान, श्लोक सोना, अभय यादव, हर्ष यदु, ग्रीषिका, राज शामिल हैं।

न्यूज गैलरी

भाजपा भू-राजस्व सुधार प्रकल्प के प्रदेश संयोजक बने कमलेश राजपूत

दुर्ग। भाजपा ने संगठन को सशक्त करने की दिशा में कमलेश सिंह राजपूत को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। अनुभव और संगठनात्मर्क क्षमता को देखते हुए किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर ने राजपूत को भू-राजस्व सुधार प्रकल्प का प्रदेश संयोजक नियुक्त किया है। नियुक्ति की घोषणा के बाद कमलेश सिंह राजपूत ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव और किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व के विश्वास पर खरा उतरने के लिये हरसंभव प्रयास करेंगे और किसानों से जुड़े भू-राजस्व सुधार कार्यों को प्रभावी रूप से आगे बढ़ाएंगे। राजपूत की नियुक्ति पर संगठन कार्यकर्ताओं ने हर्ष जताया है। पार्टी कार्यकर्ताओं ने इसे एक सकारात्मक व दूरदर्शी कदम बताया है।

हटाया गया अतिक्रमण

दुर्ग। कलेक्टर जनदर्शन में आम नागरिकों से प्राप्त शिकायतों के आधार पर नपा अहिवारा में अतिक्रमण हटाए जाने की कार्रवाई की गई। इसके लिये मुनादी कराई गई थी। मुनादी के बावजूद अतिक्रमणकारियों द्वारा कब्जा न हटाने पर आज पुलिस प्रशासन की उपस्थिति में नगर पालिका की टीम मुख्य नगर पालिका अधिकारी अंकुर पाण्डेय और कार्यपालिक मजिस्ट्रेट राधेश्याम वर्मा तहसीलदार की उपस्थिति में कब्जा हटाने की कार्रवाई की गई। बस स्टैंड, अटल चौक और जेके लक्ष्मी सीमेंट बायपास रोड चौक पर अतिक्रमण हटाया गया। सीएमओ से मिली जानकारी के अनुसार सड़क पर अतिक्रमण करने के कारण प्रेमलाल साहू, अनिल, संतू साहू, घनश्याम होटल, पंजाब मेडिकल स्टोर, मनोज देवांगन, लखनलाल देशमुख, गौरव नाहटा और विजय अग्रवाल सहित 9 लोगों पर कार्रवाई करते हुए 4500 रुपए का चालान काटा गया।

सेजेस के छात्रों ने किया औद्योगिक भ्रमण

कुम्हारी। पीएम श्री सेजेस कुम्हारी के नवमीं से बारहवीं के स्टूडेंट्स को जीसीसी एजुकेशन अकादमी कुम्हारी में व्यवसायिक प्रशिक्षिका मनीषा सरकार (ट्रेड मीडिया एंड इंटरटेनमेंट) द्वारा जी सी सी एजुकेशन अकादमी में औद्योगिक भ्रमण कराया गया। विद्यार्थियों को कंप्यूटर सेंटर में होने वाले कार्यों जैसे एमएस एक्सेल, एमएस वर्ड, वेब डिजाइनिंग, पासपोर्ट साइज़ फोटो बनाना, सॉफ्टवेयर, हार्ड वेयर की जानकारी दी गई। शासन-प्रशासन द्वारा चल रही योजनाओं के बारे में बताया गया। अकादमी प्रमुख गीतेश्वर साहू द्वारा विद्यार्थियों को उचित दिशानिर्देश और मार्गदर्शन दिया गया।

7 करोड़ का धान खाने वाले कवर्धा के चूहों को मिला पहला पुरस्कार, महासमुंद के चूहे दूसरे स्थान पर

कांग्रेस ने निकाली चूहा सम्मान रैली, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग

भिलाई/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में कथित धान घोटाले को लेकर कांग्रेस ने रविवार को भिलाई में अनोखे अंदाज में विरोध किया। जिला व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भिलाई के तत्वावधान में आयोजित चूहा सम्मान रैली निकाली गई। रैली में भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव, जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर सहित जिला व ब्लॉक स्तर के कई नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। रैली के बाद ज्यादा धान खाने वाले जिलों के चूहों के नामों की घोषणा की गई। विधायक देवेंद्र यादव ने कवर्धा के चूहों को पहला स्थान दिया, महासमुंद के चूहों को दूसरा, गौरेला जिले को तीसरा और बेमेतरा जिले के चूहों को सांत्वना पुरस्कार देने की घोषणा की गई।

चूहा सम्मान रैली राजेंद्र प्रसाद चौक से सुपेला के घड़ी चौक तक निकाली गई। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि धान के करोड़ों रुपये के नुकसान को चूहों के सिर मढ़कर असली दोषियों को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। रैली के दौरान कांग्रेसियों ने प्रतीकात्मक रूप से चूहों के सम्मान में प्रदर्शन किया और उन्हें न्याय देने की मांग की।

चूहों पर कवर्धा में 7 करोड़ का धान खाने का आरोप

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश के अधिकारियों ने कवर्धा जिले में करीब 7 करोड़ और महासमुंद जिले में करीब 5 करोड़ रुपये का धान चूहों द्वारा खा जाने की बात कही जा रही है। यह सीधे-सीधे बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार की ओर इशारा करता है। नेताओं ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेता इस पूरे मामले को चूहों पर डालकर असलियत से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहे हैं। सच्चाई यह है कि गरीब किसानों के धान का पैसा भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया।

भ्रष्टाचार छिपाने चूहों को बलि का बकरा बना रही भाजपा सरकार

भिलाई जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए चूहों को बलि का बकरा बनाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि दुर्ग नगर निगम में अधिकारी सरकारी कर्मचारियों से व्यक्तिगत काम करवा रहे हैं और इंकार करने पर बर्खास्तगी जैसी कार्रवाई की जा रही है। मुकेश चंद्राकर ने व्यंग्य करते हुए कहा कि चूहों ने धान खाकर विश्व रिकॉर्ड बना दिया है, इसी कारण कांग्रेस पार्टी ने प्रतीकात्मक रूप से चूहों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार देने का निर्णय लिया।

विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि यह रैली जनता को गुमराह होने से बचाने के लिए निकाली गई है। गंभीर मुद्दे को हास्यास्पद बनाकर पेश करना शर्मनाक है। एक जगह 7 करोड़ और दूसरी जगह 5 करोड़ का धान चूहे खा जाएं, यह तर्क जनता के गले नहीं उतर रहा। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। छावनी एसडीएम हेमंत पिस्दा को ज्ञापन सौंपकर मामले की उच्चस्तरीय जांच और दोषियों के नाम सार्वजनिक करने की मांग की।

स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने किया वार्ड भ्रमण

दुर्ग/नवप्रदेश। मॉर्निंग विजिट में केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव आज वार्ड मोहन नगर, आमापारा और आर्यनगर पहुंचे। आम जनता से भेंट-मुलाकात कर समस्याओं को सुनने के बाद गजेंद्र ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को शीघ्र निराकरण के निर्देश दिये। वार्ड के नागरिकों ने वार्ड के विकास की जानकारी देते हुए मूलभूत समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी आम जनता को दी। वार्ड भ्रमण के दौरान केबिनेट मंत्री यादव ने महतारी वंदन योजना, पीएम आवास के हितग्राहियों से भी चर्चा की। वार्ड 12 के नागरिकों ने क्षेत्र में सड़क सीमेंटीकरण, नाली निर्माण सहित अन्य विकास कार्य कराने का आग्रह किया। नागरिकों ने मैदान के पास रिक्त भूमि को व्यवस्थित कर शादी-विवाह, धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजनों के लिए डोमशेड और सामुदायिक भवन निर्माण की मांग की। मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि वे अपने विधानसभा क्षेत्र में निरंतर जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं को समझ रहे हैं। जनता से सीधा संवाद ही सुशासन की नींव है और क्षेत्र की बुनियादी आवश्यकताओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। उन्होंने विश्वास दिलाया कि नागरिकों की अपेक्षाओं के अनुरूप विकास कार्य कराए जाएंगे। जनसेवा का यह क्रम निरंतर जारी रहेगा। इस अवसर पर पार्षद आशीष चंद्राकर, मनोज सोनी, मंडल अध्यक्ष बंटी चौहान मौजूद थे।

बीएसपी की पहल : 8 फरवरी को ओपन हाफ मैराथन

भिलाई/नवप्रदेश। सेल-बीएसपी द्वारा खेल, स्वास्थ्य और सामुदायिक सहभागिता को प्रोत्साहित करने की दिशा में ऐतिहासिक पहल करते हुए रविवार, 8 फरवरी को ओपन हाफ मैराथन का भव्य आयोजन किया जा रहा है।

यह आयोजन न केवल स्टील सिटी भिलाई के लिए बल्कि देशभर के धावकों और फिटनेस प्रेमियों के लिए प्रेरणादायी मंच भी प्रदान करेगा। हाफ मैराथन में तीन प्रतिस्पर्धात्मक श्रेणियाँ 21 किलोमीटर, 10 किलोमीटर और 5 किलोमीटर की दौड़ निर्धारित की गई हैं, ताकि अनुभवी एथलीटों के साथ-साथ शौकिया धावक, युवा वर्ग और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक नागरिक भी उत्साहपूर्वक भाग ले सकें। खेल भावना और उत्कृष्ट प्रदर्शन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 21 किमी, 10 किमी व 5 किमी की सभी श्रेणियों में पुरुष एवं महिला प्रतिभागियों के लिए पृथक-पृथक आकर्षक नकद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। व्यापक सहभागिता और खेल उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 21 किमी, 10 किमी एवं 5 किमी की सभी श्रेणियों में पुरुष एवं महिला प्रतिभागियों के लिए पृथक-पृथक आकर्षक नकद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। हाफ मैराथन में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागियों को ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य होगा। आयोजन के लिए समर्पित वेबसाइट शीघ्र ही लॉन्च की जाएगी, जिसके माध्यम से पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

छग की खुशहाली और गांवों की तरक्की का स्व. ताराचंद का सपना हो रहा साकार : साव

- **समारोह में 36 रत्न हुए सम्मानित, उपमुख्यमंत्री ने प्रतिमा स्थापना के लिए 40 लाख की घोषणा**

दुर्ग/नवप्रदेश। संभाग स्तरीय साहू सम्मेलन व स्व ताराचंद साहू स्मृति सम्मान समारोह का आयोजन रविशंकर स्टेडियम के मानस भवन में किया गया। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री अरुण साव, स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने समाज सेवा, शिक्षा एवं संस्कृति के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले विभिन्न समाजों के 36 रत्नों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उपमुख्यमंत्री साव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि स्व ताराचंद साहू एक कुशल संगठनकर्ता और जननेता थे, जो सभी समाजों को साथ लेकर चलने वाले नेता के रूप में जाने जाते हैं। उन्होंने अपने आचरण और व्यक्तित्व से समाज और राजनीति में अलग पहचान बनाई। उन्होंने कहा कि स्व ताराचंद साहू के बाद उनके पुत्र दीपक ताराचंद साहू समाज को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व ताराचंद साहू का सपना छत्तीसगढ़ की खुशहाली और गांवों की तरक्की था, जो आज साकार हो रहा है। इस अवसर पर उन्होंने स्कूल शिक्षा मंत्री यादव की मांग पर स्व ताराचंद साहू की प्रतिमा स्थापना के लिए 40 लाख रुपये देने की घोषणा की। स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में सांसद विजय बघेल, महापौर अलका बाघमार, विधायक ईश्वर साहू, दीपेश साहू, तेलघानी बोर्ड अध्यक्ष जितेन्द्र साहू, पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू और रमशीला साहू, प्रीतम साहू, डॉ. सियाराम साहू, अशोक साहू आदि उपस्थित थे।

ठेका श्रमिक सुरक्षा सम्मान व नियर-मिस पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

भिलाई/नवप्रदेश। बीएसपी के उपयोगिताएं संगठन (डीआईसी-4) द्वारा ठेका श्रमिकों में सुरक्षा जागरूकता को सुदृढ़ करने और सुरक्षित कार्य व्यवहार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ठेका श्रमिक सुरक्षा सम्मान व नियर-मिस पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक (उपयोगिताएं) जेपी सिंह व विशिष्ट अतिथि महाप्रबंधक प्रभारी (सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग) एसके अग्रवाल उपस्थित रहे। इस अवसर पर समारोह में महाप्रबंधक (एसीडब्ल्यूई) एसके बेहरा, महाप्रबंधक (ऑक्सीजन प्लांट-2) नदीम खान सहित उपयोगिताएं संगठन (डीआईसी-4) के सभी विभाग प्रमुख, वरिष्ठ अधिकारी और पुरस्कार विजेता श्रमिक उपस्थित रहे। इस मौके पर श्रमिकों की सुरक्षा पर जोर दिया गया। 'शून्य दुर्घटना' का लक्ष्य प्राप्त करने प्रत्येक कर्मी से सुरक्षा नियमों का पालन करने और संभावित जोखिमों की समय पर पहचान कर रिपोर्टिंग करने कहा। ठेका श्रमिकों को तीन श्रेणियों में सुरक्षा पुरस्कार प्रदान किए गए।

एसएसपी ने ली पुलिस अधिकारियों की क्लास : क्राइम से जुड़े मामलों में दिये टिप्स

- **बिना गलती के दस्तावेज-सबूत तैयार करने का तरीका बताया, ओवरराइटिंग से बचने की सलाह दी**

भिलाई/नवप्रदेश। एसएसपी ने पुलिस अधिकारियों की क्लास लेते हुए क्राइम से जुड़े मामलों में जरूरी टिप्स दिए। उन्होंने ट्रेनिंग के दौरान घटनास्थल पर ही बिना गलती के दस्तावेज और सबूत तैयार करने का तरीका बताया। एसएसपी ने अफसरों को ओवरराइटिंग से बचने की सलाह भी दी। पुरानी पुलिस लाइन स्थित प्रशासनिक भवन में हुए प्रशिक्षण के दौरान एसएसपी ने एनडीपीएस एक्ट के प्रकरणों में कानूनी प्रावधानों का अक्षरशः पालन करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों से जुड़े मामलों में छोटी-सी गलती भी पूरे प्रकरण को कमजोर कर सकती है। विवेचकों को शुरू से अंत तक बहुत सावधानीपूर्वक कार्रवाई करनी चाहिए। एसएसपी अग्रवाल ने नशीली टेबलेट व कैप्सूल के मामलों में की जाने वाली कार्यवाही, धारा 50 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत व्यक्तिगत तलाशी की विधि, घटनास्थल पर स्पष्ट एवं त्रुटिरहित दस्तावेज तैयार करने तथा ओवरराइटिंग से बचने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने सेंपलिंग कार्यवाही के बाद जप्तशुदा दवाइयों या मादक पदार्थों को तत्काल परीक्षण के लिए एफएसएल भेजने, संपत्ति पत्रक में सही तरीके से सील लगाने तथा साक्ष्य की शुचिता बनाए रखने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण के दौरान धारा 42 (मुखबिर सूचना एवं पंचनामा), धारा 50, 52-ए की विवेचना प्रक्रिया, धारा 55 के तहत जप्त माल को सुरक्षित रखने से लेकर एफएसएल भेजने तक की चेन ऑफ कस्टडी, धारा 57 के अंतर्गत संपूर्ण कार्यवाही की सूचना देने की प्रक्रिया को भी समझाया गया। एक से अधिक आरोपियों के मामलों में धारा 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत साजिश संबंधी कार्यवाही करने पर बल दिया गया। इसके अलावा आगजनी की घटनाओं में दुर्घटनाग्रस्त संपत्ति का स्पष्ट विवरण, मर्ग जांच में परिस्थितिजन्य कारणों का उल्लेख, आदतन अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही और अधिक से अधिक चालानी कार्यवाही किए जाने के संबंध में भी दिशा-निर्देश दिए गए। एसएसपी ने कहा कि विवेचना का अंतिम उद्देश्य आरोपियों को न्यायालय से सजा दिलाना होना चाहिए। कार्यक्रम में उप पुलिस अधीक्षक (लाइन) दुर्ग चंद्र प्रकाश तिवारी उपस्थित थे।

राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस समारोह शुरू

दुर्ग/नवप्रदेश। डिस्ट्रिक्ट इनक्यूबेशन हब दुर्ग द्वारा आयोजित दसवें राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस समारोह का शुभारंभ गवर्नमेंट वीवाईटी पीजी ऑटोनॉमस कॉलेज दुर्ग में किया गया। डिस्ट्रिक्ट इनक्यूबेशन हब दुर्ग, प्रशासन की एक दूरदर्शी पहल है, जिसका संचालन टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेस इन्क्यूब फाउंडेशन मुंबई द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय सिंह ने किया। इस अवसर पर टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेस इन्क्यूब फाउंडेशन के निदेशक प्रोफेसर सत्यजीत मजूमदार और मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रोफेसर सुजय दीक्षित उपस्थित रहे। उद्घाटन दिवस पर आयोजित उद्योग संपर्क एवं खुला संवाद सत्र में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने स्टार्टअप्स और विद्यार्थियों से संवाद किया। इस सत्र में वर्ल्ड वाइड फंड के तपस दास, हिमांशु (ज्वापा फूड्स), हर्ष जैन (एक्सो सोलर), शुभांगी घोष (सस्टेनेबल इंडिया), सुशांतो सान्त्रा (अंजलि फिश फार्म) और स्विच ऑन फाउंडेशन से विनय जाजू शामिल रहे। पहले दिन आयोजित स्टार्टअप प्रदर्शनी में शहद उत्पाद, जूट से बने बैग आदि की जानकारी दी गई।

लोकांगन में उमड़ा कामकाजी महिलाओं का हुजूम

विधायक की शक्ति योजना के लिए 22 हजार महिलाओं ने भरा फार्म

भिलाई नगर/नवप्रदेश। वैशाली नगर विधानसभा में दूसरों के घर झाड़ू, पोंछा, बर्तन मांज कर परिवार के भरण पोषण की जिम्मेदारी निभा रही महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने विधायक रिकेश सेन की शक्ति योजना के लिए लगभग 22 हजार महिलाओं ने फार्म जमा किया है। स्कूटनी के बाद आज इस योजना का शुभारंभ लोकांगन परिसर वैशाली नगर से किया गया। विधायक रिकेश सेन ने बताया कि वैशाली नगर विधानसभा में 'शक्ति योजना' के माध्यम से वो दूसरों के यहां अनेक घरेलु कार्य करने वाली महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना चाहते हैं। शक्ति योजना ऐसी महिलाओं को शिक्षा, कौशल, स्वास्थ्य और

स्वरोजगार से जोड़ेगी जिससे वो सशक्त और आर्थिक रूप से मजबूत हों। वैशाली नगर क्षेत्र की मेहनतकश महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना ही शक्ति योजना का मुख्य उद्देश्य है।

विधायक रिकेश बताया कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और आत्मनिर्भरता को केंद्र में रखते हुए वैशाली नगर विधानसभा के लिए उन्होंने शक्ति योजना बनाई है। यह पहल न केवल आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को संबल देगी, बल्कि उन्हें आत्मसम्मान और स्वावलंबन की राह पर भी आगे बढ़ाएगी। शक्ति योजना के लिए हजारों महिलाओं ने फार्म जमा किए हैं जिसकी स्कूटनी और वेरीफिकेशन बाद आज लोकांगन परिसर में उनको सूचीबद्ध कर योजना का शुभारंभ किया गया।

शक्ति योजना से शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षा, कौशल विकास प्रशिक्षण, स्व रोजगार सहायता, बचत योजना, कम्प्यूटर प्रशिक्षण सहित अनेक लाभ कामकाजी महिलाओं को मिलेगा। विधायक की शक्ति योजना के तहत महिलाओं के लिए निःशुल्क साक्षरता एवं कौशल प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे। यूपीएससी, नीट और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बेटियों को विशेष कोचिंग सुविधा मिलेगी। कंप्यूटर, सिलाई, ब्यूटी पार्लर, कुकिंग और रिपेयरिंग जैसे कोर्सेस में भाग लेने का अवसर दिया जाएगा। उनके लिए निःशुल्क हेल्थ चेकअप और मेडिकेयर सुविधा होगी। आवश्यकता पडने पर बीमार या गर्भवती महिलाओं के लिए निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा का लाभ मिलेगा। गर्भवती महिलाओं को विशेष सहायता राशि और पोषण आहार योजना से जोड़ा जाएगा। वृद्ध व विधवा महिलाओं को स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत लाभ दिया जाएगा। मानसिक स्वास्थ्य और आत्मरक्षा के लिए ट्रेनिंग कैंप भी लगाए जाएंगे। शक्ति योजना से पंजीकृत स्वरोजगार के लिए इच्छुक महिलाओं को ऋण और आर्थिक सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी। घरेलू उद्योग और हस्तशिल्प कार्यों में प्रशिक्षण देकर महिलाओं को रोजगार से जोड़ा जाएगा। महिला सुरक्षा हेल्पलाइन नंबर और कानूनी सहायता सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

राज्य महिला आयोग ने आपसी समझौते से कई मामलों का किया निराकरण

दुर्ग/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक की अध्यक्षता में आज प्रेरणा सभा कक्ष, बालगृह परिसर (पांच बिल्डिंग), महिला एवं बाल विकास कार्यालय दुर्ग में महिला उत्पीडन् से संबंधित प्रकरणों पर जनसुनवाई आयोजित की गई। आयोग की सदस्य ओजस्वी मंडावी और सह-प्रभारी लक्ष्मी वर्मा उपस्थित रहीं। एक प्रकरण में आवेदिका ने अपने पिता के विरुद्ध चल रहे प्रकरण से बचाव के लिये आवेदन प्रस्तुत किया था। संबंधित प्रकरण में न्यायालय द्वारा सजा दी जा चुकी है, जिससे प्रकरण न्यायालय में लंबित होने के कारण आयोग द्वारा नस्तीबद्ध किया गया। एक अन्य प्रकरण में उभय पक्षों ने बताया गया कि मामला न्यायालय में विचाराधीन है। इसीलिये प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया। भाई-बहन के बीच पुश्तैनी संपत्ति से संबंधित विवाद में दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से समाधान पर सहमति व्यक्त की। इंदिरा मार्केट स्थित लगभग 1000 वर्गफीट भूमि के तीनों हिस्सेदारों ने संपत्ति के विभाजन या विक्रय के विकल्पों पर सहमति जताई, जिसके आधार पर प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया। दो शासकीय शिक्षकों के मध्य पारिवारिक विवाद में आपसी समझौता होने पर सुलहनामा प्रस्तुत किया गया। दोनों पिछले छह माह से साथ रह रहे हैं और आवेदिका द्वारा प्रकरण वापस लेने की इच्छा व्यक्त किए जाने पर प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया। एक अन्य प्रकरण में पति-पत्नी के बीच समझौता होने की सूचना मिलने पर भी प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया। एक प्रकरण में अनावेदकों की अनुपस्थिति के कारण सामाजिक बहिष्कार से संबंधित मामले की जांच महिला थाना प्रभारी दुर्ग को सौंपी गई। महिला थाना प्रभारी को एक माह के भीतर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने कहा गया। कुछ प्रकरणों में पाया गया कि धारा-9, भरण-पोषण और तलाक से संबंधित मामले न्यायालय में लंबित हैं।

जीवन में परिस्थितियॉ कितनी भी प्रतिकूल हो, एक खिलाड़ी कभी हार नहीं मानता: मधुसूदन

■ जीवन में पढ़ाई के साथ सेल्फडिफेंस की कला आवश्यक है: नीलू शर्मा

■ **संस्कारधानी में दो दिवसीय राज्य स्तरीय कराते चौंपियनशिप का सफल आयोजन**

राजनांदगांव /नव प्रदेश । संस्कारधानी में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय कराते चैम्पियनशिप का देर शाम कमलादेवी राठी महाविद्यालय राजनांदगॉव में सफल आयोजन सम्पन्न हुआ। इस आयोजन में प्रदेश के विभिन्न जिलों के 365 खिलाड़ियों ने भाग लेकर कराते के खेल में काता एवं कुमिते(फाईट) विधा में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आयोजन में सर्वाधिक पदकों के साथ दुर्ग जिला ओव्हरऑल चैम्पियन रहा, राजनांदगॉव जिला रनर अप रहा, जबकि रायपुर जिले के खिलाड़ियों ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। आयोजन में राजनांदगॉव महापौर मधुसूदन यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, अध्यक्षता नीलू शर्मा अध्यक्ष छ.ग. टूरिज्म बोर्ड एवं अध्यक्ष राजनांदगांव जिला कराते संघ ने की, विशेष अतिथिगण के रूप में छ.ग. कराते संघ के सचिव अमल तालुकदार, कोषाध्यक्ष डी. रमेश, वरिष्ठ कराते प्रशिक्षकगण कमल पूजन एवं जी0 अमर उपस्थित रहे।

आयोजन समिति की ओर से वरिष्ठ कराते प्रशिक्षक एवं जिला कराते संघ राज0 के सचिव शिहान मुरली सिंह भारद्वाज, अंतर्राष्ट्रीय कराते खिलाड़ी एवं प्रशिक्षक अंबर सिंह भारद्वाज, कोषाध्यक्ष दुर्गेश त्रिवेदी, सहसचिव सतीश पद्म मंच पर उपस्थित रहे। निर्णायकगण एवं समिति सदस्यों में अकादमी ऑफ मार्शल आर्ट्स स्कूल कस्तूरबा महिला मंडल के प्रशिक्षक एवं सीनियर खिलाड़ी जयप्रकाश साहू, मोनिका पाढ़ी, लोकिता साहू, करण साहू, दुर्गेश साहू, तरुण साहू ,जयदीप सिन्हा, भास्कर साहू, लोचन साहू, पुरविल साहू, सुधा साहू, ओम नेहा सिन्हा, अन्नपूर्णा साहू, मानिक वर्मा एवं अन्य उपस्थित रहे। आयोजक मंडल द्वारा गणमान्य अतिथिगण के स्वागत पश्चात् महापौर मधुसूदन यादव के करकमलों से दीप प्रज्जवलित करवाकर समापन समारोह का शुभारंभ किया गया। आयोजन में मुरली सिंह भारद्वाज द्वारा स्वागत अभिभाषण के बाद टूर्नामेन्ट के आयोजन के बारे में जानकारी दी गई। विरिष्ठ प्रशिक्षक कमल पूजन द्वारा खिलाड़ियों को अपने भाषण से प्रोत्साहित किया गया । शिहान अमल तालुकदार ने अपने वक्तव्य में छ.ग. प्रदेश में कराते के खेल के भूत, भविष्य एवं वर्तमान परिदृश के बारे में अवगत कराया।

नीलू शर्मा का अभिभाषण

आयोजन की अध्यक्षता कर रहे नीलू शर्मा, अध्यक्ष छ.ग. टूरिज्म बोर्ड एवं राजनांदगांव जिला कराते संघ राजनांदगॉव ने बच्चों के लिये जीवन में पढ़ाई के साथ-साथ सेल्फडिफेंस की कला को आवश्यक बताया और कराते को आत्मरक्षा को उत्तम माध्यम बताया। उन्होंने यह भी कहा कि आज के बच्चे कल का भविष्य होंगे, आप सभी मजबूत होंगे तो देशहित में, राष्ट्रहित में बेहतर कार्य करेंगे, ऐसी मैं कामना करता हूॅ।

मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन का अभिभाषण

मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव ने अपने उद्बोधन में कहा की जीवन में परिस्थितियॉ कितनी ही प्रतिकूल क्यों ना हो किन्तु एक खिलाड़ी कभी हार नहीं मानता, वो आखिरी सॉस तक लड़ने और जीतने का ही प्रयास करता है । ऐसा ही जज्बा मुझे आप सब बच्चों में दिखाई देता है, जिसके लिये मैं आप सब प्रशिक्षकों एवं खिलाड़ियों को, विशेषकर यहॉ के कराते प्रशिक्षक मुरली सिंह भारद्वाज, कमल पूजन एवं अंबर सिंह भारद्वाज को बधाई एवं शुभकामनाऍ देता हूॅ जो विगत कई वर्षो से कराते के खेल को आगे बढ़ाने का कार्य करते रहे हैं और संस्कारधानी की कई खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तलाशने एवं तराशने का कार्य करते रहे हैं।

■ न्यूज गैलरी

सड़क सुरक्षा माह में नाटक के माध्यम से यातायात जागरूकता अभियान

राजनांदगांव /नव प्रदेश । सड़क सुरक्षा माह के दौरान आज दिनांक *18.01.2026* को सुश्री अंकिता शर्मा पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव के निर्देशन में एवं श्री पुष्पेन्द्र नायक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी व टीम एवं यूनिसेफ जिला समन्वयक दिव्या राजपुत एवं यूनिसेफ टीम द्वारा *यमराज एवं चित्रगुप्त नाटकीय किरदार एवं संवादो के माध्यम से* शहर के *जय स्तम्भ चौक* में बिना सीट बेल्ट, दुपहिया वाहन चलाते समय बिना हेलमेट, तीन सवारी चलने वाले वाहन चालकों को यातायात संबंधी जागरूकता अभियान चलाकर यातायात नियमों का पालन करने अपील किया गया। यातायात पुलिस द्वारा वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने लगातार हर संभव प्रयास कर रही है।

मंडी शुल्क में छूट बढ़ाने पर CAIT ने मुख्यमंत्री को दी बधाई

राजनांदगांव /नव प्रदेश । मंडी शुल्क में छूट की अवधि वर्ष 2026 तक बढ़ाए जाने के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्णय का कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ने स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दी है। CAIT के प्रदेश संरक्षक अनिल बरडिया एवं जिला अध्यक्ष राजू डागा ने कहा कि मुख्यमंत्री का यह निर्णय चावल निर्यातकों और किसानों के हित में ऐतिहासिक कदम है, जिससे छत्तीसगढ़ से चावल के निर्यात को नई गति मिलेगी और व्यापारिक गतिविधियों को मजबूती प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि मंडी शुल्क में छूट की मांग व्यापारी एवं निर्यातक लंबे समय से कर रहे थे, जिसे सरकार ने संवेदनशीलता के साथ स्वीकार किया है। इससे न केवल व्यापार को राहत मिलेगी, बल्कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था भी सुदृढ़ होगी। इस अवसर पर संजय तेजवानी, भावेश अग्रवाल, विष्णु प्रसाद लोहिया, अशोक पांडे, अमित खंडेलवाल, रमेश जैन, राजेश जैन सी ए, संजय लड्ढा, सौरभ गांधी एवं सुनील उभरनी ने भी मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार के यह निर्णय व्यापार जगत में सकारात्मक संदेश देगा

राजिम कुंभ कल्प मेला 2026 की समीक्षा बैठक 19 जनवरी को

गरियाबंद / नव प्रदेश । धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री श्री राजेश अग्रवाल की अध्यक्षता में 19 जनवरी सोमवार को दोपहर 2:00 बजे राजिम के विश्रामगृह में राजिम कुंभ कल्प मेला 2026 की तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। बैठक में राजिम कुंभ कल्प मेला 2026 के आयोजन से संबंधित विभिन्न व्यवस्थाओं, विभागीय समन्वय, आधारभूत सुविधाओं, सुरक्षा, स्वच्छता, यातायात, श्रद्धालुओं की सुविधा एवं अन्य आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की जाएगी।

अवैध शराब तस्करी पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 16 पेटी अंग्रेजी शराब जब्त

राजनांदगांव /नव प्रदेश। अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत चौकी तुमडीबोड थाना लालबाग पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मध्यप्रदेश निर्मित 16 पेटी अंग्रेजी शराब जब्त की है। पुलिस ने कार में शराब तस्करी करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी के कब्जे से 147 लीटर अंग्रेजी शराब, एक आर्टिका कार और मोबाइल सहित कुल ?12,22,096 की सामग्री जब्त की गई है। आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत कार्रवाई की गई है। वहीं अन्य आरोपियों की तलाश के लिए टीम रवाना कर दी गई है।

आरोपी का विवरण:
नाम - हिमांशु निर्मलकर
पिता-स्व. मोहन निर्मलकर
उम्र -22 वर्ष
निवासी -कुरूद, थाना कुरूद, जिला धमतरी (छत्तीसगढ़)

पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव सुश्री अंकिता शर्मा (भा.पु.से.) के निर्देश पर जिले में अवैध शराब बिक्री पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र नायक एवं नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन और एलेग्जेंडर कीरो के मार्गदर्शन में, चौकी प्रभारी निरीक्षक दिलीप पटेल के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई।

घटना का संक्षिप्त विवरण:

दिनांक 18 जनवरी 2026 को मुखबिर से सूचना मिली कि वाहन क्रमांक छ्त्त 08 क्ष्ट 5628 में अवैध शराब की तस्करी की जा रही है। सूचना के आधार पर चौकी तुमडीबोड और साइबर टीम की संयुक्त टीम ने नेशनल हाईवे पर ग्राम कोहका के पास उक्त वाहन को रोका। तलाशी लेने पर कार से 16 पेटी मध्यप्रदेश निर्मित अंग्रेजी शराब (147 बल्क लीटर) बरामद की गई।

इस मामले में चौकी तुमडीबोड थाना लालबाग में अपराध क्रमांक 33/2026 दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त लोगों के विरुद्ध कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

संस्कारधानी तीरंदाजी संघ की प्रतियोगिता में शामिल हुए अभिमन्यु उदय मिश्रा

प्रथम पुरस्कार किया प्रदान

राजनांदगांव /नव प्रदेश । छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु उदय मिश्रा राजनांदगांव में संस्कारधानी तीरंदाजी संघ द्वारा आयोजित एक दिवसीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर उनके द्वारा विजेता प्रतिभागी को प्रथम पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर उपस्थित खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, अभिभावकों एवं खेल प्रेमियों को संबोधित करते हुए अभिमन्यु ने कहा कि आज का युवा यदि खेलों से जुड़ता है तो वह न केवल शारीरिक रूप से मजबूत बनता है, बल्कि मानसिक रूप से भी अनुशासित और आत्मनिर्भर होता है। उन्होंने कहा कि तीरंदाजी जैसे पारंपरिक खेल हमारी सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा हैं और इन्हें बढ़ावा देना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

अभिमन्यु उदय मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान दौर में युवा पीढ़ी को नशा, नकारात्मक प्रवृत्तियों और भटकाव से बचाने का सबसे सशक्त माध्यम खेल हैं। खेल युवाओं को लक्ष्य तय करना, संघर्ष करना और सफलता-असफलता दोनों को स्वीकार करना सिखाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश और जिले के युवाओं में अपार प्रतिभा है, जरूरत है तो बस उन्हें मंच और प्रोत्साहन देने की।

भाषण के पश्चात अभिमन्यु उदय मिश्रा ने स्वयं तीरंदाजी कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और कहा कि जनप्रतिनिधियों व सामाजिक कार्यकर्ताओं को ऐसे आयोजनों में सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए ताकि खिलाड़ियों का मनोबल बढ़े। उन्होंने संस्कारधानी तीरंदाजी संघ की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन भविष्य के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को तैयार करने में सहायक सिद्ध होंगे।कार्यक्रम में संस्कारधानी तीरंदाजी संघ के पदाधिकारी, प्रशिक्षक, युवा खिलाड़ी, अभिभावक एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे। आयोजन को लेकर खिलाड़ियों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

नेहरू नगर में कथित अवैध धर्मांतरण के विरोध में विहिप बजरंग दल का प्रदर्शन

कोतवाली में आवेदन

राजनांदगांव /नव प्रदेश । नेहरू नगर में एक मकान में कथित रूप से चल रही अवैध धर्मांतरण गतिविधियों के विरोध में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने कड़ा विरोध जताया। इस संबंध में कोतवाली थाना में लिखित आवेदन सौंपकर जांच व कार्रवाई की मांग की गई है।

विहिप के नगर मंत्री अंकित खंडेलवाल ने अपने आवेदन में आरोप लगाया कि शहर के विभिन्न इलाकों में लोभ-लालच देकर और लोगों को भ्रमित कर धर्मांतरण कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नेहरू नगर निवासी अतुलेश मसीह द्वारा अपने निवास स्थान पर कथित रूप से अवैध चर्च संचालित कर धर्मांतरण की गतिविधियां की जा रही हैं। संगठन के अनुसार जांच के दौरान वहां अलग-अलग स्थानों से लाए गए बच्चों की मौजूदगी भी पाई गई।

बजरंग दल के जिला संयोजक राहुल बल्देव मिश्रा ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि हिंदू समाज के खिलाफ इस तरह की गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने इसे सामाजिक और धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास बताते हुए दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

इस अवसर पर विहिप नगर उपाध्यक्ष योगेश मुदलियार, नगर मंत्री अंकित खंडेलवाल, जिला गौ रक्षा प्रमुख प्रिंस प्रशांत हाथीबेड, बजरंग दल विद्यार्थी प्रमुख गगन साहू, नगर संयोजक मोहित यादव, नगर सहसंयोजक गौरव शर्मा, अरविंद साहू, जिला सेवा प्रमुख राज तंवर, नगर सेवा सह प्रमुख पिंटू समरित, भावेश निर्मलकर, सारंग ताम्रकार, नगर गौ रक्षा प्रमुख प्रणय मुल्लेवार, आशु पटेल, पंकज निर्मलकर, सत्यम जायसवाल, ऋषभ रामटेके, तरुण पटेल, प्रिंस मानिकपुरी, सेयल साहू, नागेश साहू, कबीर मानिकपुरी, सिद्धू मेश्राम, दीप यदुवंशी सहित बड़ी संख्या में बजरंग दल कार्यकर्ता एवं आसपास के हिंदू समाज के लोग उपस्थित रहे।विहिप और बजरंग दल ने कोतवाली थाना से मामले की तत्काल जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

चिखली, दीनदयाल नगर पानी टंकी की होगी सफाई

चिखली, शांतिनगर, पुराना ढाबा, दीनदयाल नगर क्षेत्र में आज शाम पेयजल आपूर्ति बाधित

राजनांदगांव /नव प्रदेश । ग्रीष्म ॠतु के पूर्व शहर के सभी पानी टंकियो की सफाई की जानी है। सफाई के तहत चिखली दीनदयाल नगर टंकी (क्षमता 11.00 लाख लीटर) की सफाई कार्य किया जाना है, जिसके कारण चिखली दीनदयाल नगर टंकी (क्षमता 11.00 लाख लीटर) स्थित उच्च स्तरीय जलागार नहीं भर पायेगा। इस वजह से दीनदयाल नगर टंकी से कल दिनांक 19 जनवरी 2026 दिन सोमवार को शाम के समय पेयजल आपूर्ति बाधित रहेगी। 20 जनवरी मंगलवार से सप्लाई सथावत रहेगी। पानी टंकी सफाई के संबंध में नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि ग्रीष्मकाल में पर्याप्त व शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने महापौर श्री मधुसूदन यादव के निर्देशानुसार शहर की सभी पानी टंकियो की सफाई कराई जा रही है। इसी कडी में कल दिनांक 19 जनवरी सोमवार को चिखली दीनदयाल नगर टंकी की सफाई की जानी है। सफाई करने के कारण उक्त टंकी नही भर पाईगी, जिससे शाम के समय पेयजल सप्लाई नही हो पायेगी। आयुक्त ने बताया कि चिखली दीनदयाल नगर टंकी (क्षमता 11.00 लाख लीटर) सप्लाई क्षेत्र शांतिनगर, चिखली बिहारीचाल, पुराना ढ़ाबा, रमन बाजार चिखली, दीनदयाल नगर, गठुला नाला, चिखली झुग्गी झोपड़ी, अम्बेडकर चौक शांतिनगर में कल 19 जनवरी सोमवार की शाम को पेयजल सप्लाई बाधित रहेगी, 20 जनवरी मंगलवार सुबह से पेयजल सप्लाई यथावत होगी। उन्होंने नागरिकों से असुविधा के लिये खेद व्यक्त करते हुये सहयोग करने की अपील की है।

शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय पेण्ड्री में 19 से 25 जनवरी तक सुरक्षा चक्र के तहत नि:शुल्क कैंसर जांच एवं परामर्श शिविर

राजनांदगांव /नव प्रदेश । जिला स्वास्थ्य समिति राजनांदगांव एवं बालको मेडिकल सेंटर नया रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में 19 जनवरी से 25 जनवरी 2026 सुबह 10.30 बजे से शाम 4 बजे तक शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय पेण्ड्री राजनांदगांव में सुरक्षा चक्र के तहत निःशुल्क कैंसर जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में मेमोग्राफी मशीन, मुख कैंसर परीक्षण (ब्रश साइटोलॉजी), स्त्री रोग संबंधी परीक्षण (पेप स्मीयर) सहित अन्य सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। शिविर में कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. राजेन्द्र प्रसाद पटेल, डॉ. पलक अग्रवाल, डॉ. दिवाकर पाण्डेय, डॉ. मीना आर्मो, डॉ. सुनिता मेश्राम सहित अन्य चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक स्वास्थ्य परामर्श दिया जाएगा। स्तन में गांठ, असामान्य गांठ या उभार, मुंह में बदलाव या आवाज में भारीपन, निगलने में कठिनाई, लगातार खांसी व सिरदर्द या बदल दर्द, ठीक न होने वाले छाले व घाव, बार-बार बुखार या संक्रमण, खून की कमी, सिकल सेल एनीमिया, थैलेसेमिया, रक्त संबंधित बीमारियां, त्वचा (स्किन) में बदलाव, वजन में बिना कारण कमी, मल या मूत्र त्यागने की आदतों में बदलाव, मासिक धर्म चक्र में बदलाव या पेट के निचले हिस्से में दर्द कैंसर के लक्षण हो सकते हैं। नागरिक शिविर में उपस्थित होकर कैंसर जांच करा सकते है। शिविर के संबंध में अन्य जानकारी के लिए मोबाईल नंबर 9098118682, 8282824444 पर संपर्क किया जा सकता है।

प्रथम पेज का शेष

भाजपा अध्यक्ष के लिए...

के राष्ट्रीय संगठन ने बीते साल के अंतिम माह में अचानक बिहार के मंत्री और छत्तीसगढ़ के प्रदेश प्रभारी नितन नवीन को कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया। अब पूर्णकालिक अध्यक्ष का चुनाव 19 जनवरी को किया जा रहा है।

दिल्ली स्थित मुख्यालय में होगी पूरी प्रक्रिया

बीजेपी के राष्ट्रीय रिटर्निंग ऑफिसर लक्ष्मण के अनुसार, पार्टी अध्यक्ष चुनाव की पूरी प्रक्रिया दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में ही संपन्न होगी। जरूरत पडने् पर 20 जनवरी को मतदान कराया जाएगा और उसी दिन नए राष्ट्रीय अध्यक्ष की आधिकारिक घोषणा की जाएगी।

जेपी नड्डा का कार्यकाल पूरा, अब नई कमान की तैयारी: भाजपा ने वर्ष 2020 में जेपी नड्डा को राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया था। 2024 में उनका कार्यकाल समाप्त हो गया था, जिसके बाद वे विस्तार पर बने हुए थे। वर्तमान में नड्डा केंद्र सरकार में स्वास्थ्य मंत्री की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं।

19 जनवरी को दोपहर...

नितिन नबीन पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हैं और उन्हें निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने की पूरी संभावना जताई जा रही है।

शंकराचार्य को पुलिस...

की शुरुआत में पुलिस ने भीड़ को देखते हुए शंकराचार्य को रथ से उतरकर पैदल जाने को कहा था, लेकिन शिष्य नहीं माने और आगे बढने् लगे। इस पर बहस हुई, फिर देखते ही देखते धक्का-मुक्की शुरू हो गई।

चारधाम यात्रा में 'रील' बनाने पर पाबंदी: उत्तराखंड की विश्व प्रसिद्ध चारधाम यात्रा को लेकर राज्य सरकार और मंदिर प्रबंधन ने एक कड़ा और ऐतिहासिक निर्णय लिया है। अब केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री मंदिरों के भीतर श्रद्धालु मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं कर सकेंगे। विशेष रूप से सोशल मीडिया के लिए रील बनाने और फोटो खींचने पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया है। प्रशासन का मानना है कि रील बनाने की होड़ में मंदिर की पवित्रता प्रभावित हो रही थी और आम श्रद्धालुओं को दर्शन करने में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था।

मोदी बोले-बिहार...

प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और इनॉगरेशन किया। इससे पहले सुबह पीएम असम में थे। वहां मोदी ने कलियाबोर में ?6,957 करोड़ के काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर की आधारशिला रखी। पीएम ने दो अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों- डिब्रूगढ़-गोमती नगर (लखनऊ) और कामाख्या-रोहतक को वर्चुअली हरी झंडी दिखाई।

■ शेष पृष्ठ 6 पर

काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर की रखी नींव

अपने दौरे के दौरान पीएम मोदी ने ?6,957 करोड़ की लागत से बनने वाले काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर की आधारशिला रखी। उन्होंने बताया कि यह परियोजना ट्रैफिक जाम को कम करने के साथ-साथ ब्रह्मपुत्र के जलस्तर बढने् के दौरान वन्यजीवों की सुरक्षा में अहम भूमिका निभाएगी। गैंडे और हाथियों को सड़कों पर फंसने से बचाने के लिए यह कॉरिडोर करीब 90 किलोमीटर लंबा होगा।

प. बंगाल में मोदी की स्पीच

-टीएमसी के राज में बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। यहां की शिक्षा व्यवस्था माफिया, भ्रष्टाचारियों के कब्जे में है। भाजपा को आपका एक वोट पक्का करेगा कि कॉलेज में रेप-हिंसा की घटनाओं पर लगाम लगे। एक वोट तय करेगा कि बंगाल में संदेशखाली जैसी घटना ना हो।

भारतीय होने पर गर्व...

हैं। इस बीच आज रविवार को एआर रहमान ने इस पर चुप्पी तोड़ी है।

कहा- 'कभी-कभी इरादों को गलत समझ लिया जाता है'

ए आर रहमान का कहना है, 'मेरा मकसद कभी भी किसी को दर्द पहुंचाना या नफरत फैलाना नहीं था। मैं एक संगीतकार हूं और मेरा काम लोगों को जोडऩा है, ना कि बांटना। मैंने सिर्फ वही साझा किया, जो मैंने अनुभव किया है। मेरी फितरत में नफरत नहीं है और मैं हमेशा से ही एकता के पक्षधर रहा हूं'। उन्होंने आगे कहा कि इरादों को कभी-कभी गलत समझा जा सकता है, लेकिन उनका मकसद हमेशा संगीत के जरिए सेवा करना रहा है। एक्टर ने पोस्ट के साथ कैप्शन में लिखा है, 'संगीत, संस्कृति, आभार। हमेशा उस कला और जमीन की सेवा में हूं, जिसने मुझे बनाया'।

जंगल में शेष बचे नक्सलियों...

पुकार एक मां की, एक भाई की है, ऊषा, तुम्हारी बूढ़ी मां सिसक रही है, तुम्हारा भाई राह देख रहा है और सिर्फ ऊषा ही नहीं, इनामी नक्सली बलदेव के परिवार ने भी कह दिया है लौट आओ, वरना बहुत देर हो जाएगी। भाई आबूला गंगैया ने कैमरे पर हाथ जोड़कर अपील की है कि ऊषा अब वापस आ जाए। दबाव सिर्फ परिवार का नहीं है बल्कि उन साथियों का भी है जिन्होंने हाल ही में हथियार छोड़े हैं। 24 लाख के तीन इनामी सरेंडर नक्सली जानसी, सुनील डीवीसीएम और दीपक एलजीएस कमांडर जो कभी ऊषा और बलदेव के साथ जंगलों में मौत का खेल खेलते थे। आज सरकार की पुनर्वास नीति का आनंद ले रहे हैं। ऊषा, बलदेव, अंजू, ज्योति... तुम लोग भी लौट आओ।

ट्रम्प के विरोध में हजारों...

10% टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया। ये देश ग्रीनलैंड पर अमेरिका के कब्जे की धमकी का विरोध कर रहे थे। इससे ग्रीनलैंड के लोगों में ट्रम्प को लेकर गुस्सा और बढ़ गया। दूसरी ओर यूरोपीय संघ के सांसद अमेरिका के साथ हुए ट्रेड एग्रीमेंट की मंजूरी रोकने की तैयारी में हैं। यूरोपियन पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष मैनफ्रेड वेबर ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर कहा कि ट्रम्प की ग्रीनलैंड धमकियों के कारण अमेरिका से समझौते को मंजूरी देना संभव नहीं है।

सिविल सेवा तैयारी हेतु चयनित अभ्यर्थियों का दस्तावेज सत्यापन

■ **अनुसूचित जनजाति वर्ग 27 जनवरी, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग 28 जनवरी को सत्यापन**

गरियाबंद/नवप्रदेश। राजीव युवा उत्थान योजना के अंतर्गत संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी हेतु चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है। यह सत्यापन प्रक्रिया वर्ष 2025-26 के लिए आयोजित की जा रही है। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग, गरियाबंद ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के वे अभ्यर्थी, जिन्होंने नई दिल्ली में आयोजित सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा 28 दिसंबर 2025 की तैयारी हेतु ऑनलाइन आवेदन किया था तथा जिनका चयन मेरिट सूची के आधार पर हुआ है, उन्हें दस्तावेज सत्यापन के लिए आमंत्रित किया गया है।

दस्तावेज सत्यापन कार्यक्रम मुख्यालय इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर स्थित मीटिंग हॉल क्रमांक 04, तृतीय तल में आयोजित किया जाएगा। अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों का सत्यापन 27 जनवरी 2026 तथा अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों का सत्यापन 28 जनवरी 2026 को प्रातः 11:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक किया जाएगा। अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन के समय प्रारंभिक परीक्षा का प्रवेश पत्र, कक्षा 10वीं की अंकसूची, स्नातक की अंकसूची, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, (अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थी के लिए आय प्रमाण पत्र) तथा नोटरी द्वारा प्रमाणित स्व-घोषणा पत्र अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा।

नाली निर्माण का पालिका अध्यक्ष ने किया भूमिपूजन

महासमुंद/नवप्रदेश। नगर के वार्ड क्र. 26 स्थित कॉलेज रोड से पीआर साहू घर तक 3 लाख रु. की लागत से नाली निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने स्थानीय वार्ड पार्षद पीयूष साहू के साथ पालिका के अन्य पार्षदों की उपस्थिति में किया। श्री साहू ने नाली निर्माण कार्य पर वार्डवासियों को शुभकामनाएं दी।

उन्होंने कहा कि शहर में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। गंदे पानी को व्यवस्थित करने सभी वार्डों में नाली निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। नाली बनने से स्थानीय लोगों को गंदे पानी की समस्या व बारिश के समय जल भराव से छुटकारा मिलेगा। उन्होंने कहा कि नगर पालिका नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने कृत संकल्पित हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सभापति ज्योति रिन्कू चंद्राकर, जितेंद्र देवनारायण ध्रुव, पूर्व अध्यक्ष पवन पटेल, उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, पार्षद गण शुभ्रा मनीष शर्मा, भाऊराम साहू, चंद्रशेखर बेलदार, माधुरी धनीराम यदु, धनेश्वरी सोनाधर सोनवानी, वार्डवासी भुनेश्वरी साहू, रामकुमार चंद्राकर, अंकुश चंद्राकर, शंकर साहू, संतोष साहू, तेजराम चंद्राकर, ज्योति ठाकुर आदि उपस्थित थे।

मूक माटी ट्रेन का डोंगरगढ़ रेल्वे स्टेशन में भव्य स्वागत

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। जबलपुर से रायपुर चलने वाली मूक माटी इंटरसिटी एक्सप्रेस का डोंगरगढ़ रेल्वे स्टेशन में भव्य स्वागत किया गया. डोंगरगढ़ रेल्वे स्टेशन के स्टेशन मास्टर एवं उपस्थित रेल्वे के सभी स्टाफको मिठाई वितरित किया गया।

ट्रेन ड्राईवर को तिलक लगाकर, माला पहनाकार एवं मिठाई वितरित किया गया साथ ही ट्रेन को फूल की मालाओं से सजाया गया एवं उसमे बैठे यात्रियों को भी मिठाई, बिस्कुट एवं चाकलेट वितरित किया गया. उपस्थित गुरु भक्तों ने बैंड बाजे के धुन में खूब झूमे एवं ट्रेन भी लगभग 2 घंटे विलंभ से आयी जिसके चलते गुरु भक्तों की काफी भीड़ स्टेशन में जमा हो गयी थी और सभी में काफी हर्ष और उत्साह का माहोल था।

108 आचार्य श्री विद्यासागर महाराज जी द्वारा रचित महाकाव्य मूक माटी के नाम से यह ट्रेन का नाम रखा गया है. मूक माटी महाकाव्य में पैरों से रोंदने वाली माटी को सर पर धारण करने वाले कलश तक की यात्रा का वर्णन किया गया है और साथ ही संसार की विचित्र दशा का काव्य के माध्यम से वर्णन किया गया है की किस तरह एक आम व्यक्ति भी संयम, त्याग, तप, लगन, मेहनत और ईमानदारी से परमार्थ को प्राप्त कर सकता है. इस महाकाव्य ÷मूक माटी÷ का कई भाषा में अनुवाद कर संस्करण भी प्रकाशित हुआ है।

जैसे हिंदी, अंग्रेजी, गुजराती, मराठी, तेलुगु आदि .श्री दिगम्बर जैन चंद्रगिरी अतिशय तीर्थ क्षेत्र के अध्यक्ष सेठ सिंघई किशोर जैन, उपाध्यक्ष राजकुमार जैन ,कोषाध्यक्ष सुभाष चन्द जैन, दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष अनिल जैन, कोषाध्यक्ष जय कुमार जैन, सचिव सुरेश चन्द जैन, श्री दिगम्बर जैन युवा मंडल, जाग्रति महिला मंडल, श्वेताम्बर जैन समाज, ओश्वल जैन समाज, महेश्वरी समाज, अग्रवाल समाज, सिक्ख समाज, यादव समाज, महार समाज, साहू समाज, भाजपा एवं कांग्रेस के पदाधिकारी एवं सर्व समाज के सभी श्रेष्ठी जन उपस्थित थे.

शराब दुकान के कर्मचारी को पीटा, बोतलें तोड़ी

महासमुंद/नवप्रदेश। तुमगांव शराब दुकान में घुसकर मारपीट और बोतलों को तोड़ने वाले आरोपियों के खिलाफ शराब दुकान के मल्टीवर्कर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस को कंपोजिट मदिरा दुकान तुमगांव के मल्टीवर्कर ग्राम पचरी निवासी प्रमोद कुमार सेंगर (28) ने बताया कि 16 जनवरी की रात 9 बजे सुपरवाईजर मोहित गायकवाड़, सेल्समैन उमेश मन्नाडे, देवेंद्र सिंह, कृष्णा साहू और सभी दुकान में अपने-अपने कार्य में व्यस्त थे। तुमगांव के वीरेंद्र साहू और देवलाल साहू शराब लेने 200 रुपए का एक नोट देकर अंग्रेजी शराब मांगी, तब उसने 120 रुपए की शराब आएगी, चिल्हर नहीं है, 20 रुपए चिल्हर देने कहा।

इस पर वे लोग चिल्हर नहीं रखते हो, शराब दुकान क्यों खोलकर रखे हो कहते हुए गाली-गलौज कर वापस चले गए फिर कुछ देर के बाद अपने कुछ साथियों के साथ वे दोनों फिर वापस आए और जान से मारने की धमकी देते हुए शराब दुकान के अंदर घुसकर उससे (प्रार्थी) से मारपीट की। आरोपियों ने साथी कर्मचारी उमेश मन्नाडे, देवेंद्र सिंह और मोहित गायकवाड़ को भी पीटा और दुकान के अंदर शराब की बोतलें तोड़ दी। पुलिस ने बीएनएस की धारा 296, 115(2), 351 (3), 324(2), 331(4), 3(5) के तहत अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुटी है।

14 लीटर महुआ शराब जब्त, दो गिरफ्तार

महासमुंद/नवप्रदेश। भंवरपुर पुलिस ने ग्राम पड़कीपाली के पास एक बाइक सवार से महुआ शराब बरामद की है। पुलिस ने भंवरपुर निवासी सेतकुमार खुंटे (40) से 8 लीटर महुआ शराब (कीमत 1600 रुपए) और एक बाइक जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। इसी तरह पिथौरा पुलिस ने हरदी मार्ग से एक अधेड़ के कब्जे से महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने हरदी, थाना पिथौरा निवासी नरेश मिरी (42) के कब्जे से कुल 6 लीटर महुआ शराब (कीमत 1200 रुपए) जब्त कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार किया है।

ट्रक की ठोकर से बुजुर्ग की मौत

महासमुंद/नवप्रदेश। सिरको स्थित शासकीय उचित मूल्य राशन दुकान में शनिवार को एक हादसा हो गया। सूत्रों से जानकारी के अनुसार घटना 17 जनवरी की शाम करीब 4:40 बजे राशन दुकान में सहायक सेल्समैन गजेंद्र तांडी (82) चावल खाली कराने के बाद सफाई कर रहा था। इसी दौरान वितरण के लिए आए ट्रक (क्रमांक सीजी 04 जेबी 8699) ने उन्हें पीछे से ठोकर मार दिया, जिससे गजेंद्र तांडी गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर के कारण दुकान की दीवार और चैनल गेट क्षतिग्रस्त हो गया। ग्रामीणों ने 108 एंबुलेंस और बसना पुलिस को सूचना दी। घायल को शासकीय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बसना पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

भाजपा किसान नेता तुषार को मिली प्रदेश में बड़ी जिम्मेदारी

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम अछोली निवासी किसान नेता अशवंत तुषार साहू को प्रदेश में बड़ी जिम्मेदारी मिली है। प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा छत्तीसगढ़ कार्य समिति के सदस्य बनाए गए हैं। वे वर्तमान में , किसानों की समस्याओं को लेकर लगातार सक्रिय रहते हैं, अशवंत तुषार साहू का कहना है एक सामान्य किसान के बेटे को शीर्ष नेताओं ने बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने कहा मेरे लिए बहुत गर्व की बात है में पूरी निष्ठा ईमानदारी तन मन धन से संगठन की सेवा करूंगा।

ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प है वीबीजी राम जी योजना

■ भाजपा जिला कार्यशाला का आयोजन भाजपा जिला कार्यालय में

महासमुंद/नवप्रदेश। भाजपा जिला कार्यालय में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ प्रस्तावना के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू द्वारा किया गया। उन्होंने वी.बी.जी. राम जी केवल एक योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प है।

रोजगार, स्वरोजगार एवं आजीविका के अवसर सृजित कर अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाना ही इस मिशन का मूल उद्देश्य है।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी जयंती भाई पटेल ने कहा कि भाजपा की संगठनात्मक शक्ति उसके कार्यकर्ताओं में निहित है और वी.बी.जी. राम जी जैसी योजनाएं उसी शक्ति को जनसेवा के माध्यम से धरातल पर उतारने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि यह मिशन ग्रामीण युवाओं, महिलाओं और किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक ठोस पहल है, जिसे कार्यकर्ताओं को घर-घर तक पहुंचाना होगा।

रायपुर संभाग प्रभारी डॉ. राजीव सिंह ने अपने विस्तृत उद्बोधन में कहा कि वी.बी.जी. राम जी मिशन 'सबका साथ, सबका विकास' की भावना को साकार करता है। प्रशिक्षण, कौशल विकास, स्व-रोजगार और स्थानीय संसाधनों के बेहतर उपयोग के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जा सकता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि योजना के प्रत्येक बिंदु को भली-भांति समझकर आमजन तक पहुँचाएँ।

वी.बी.जी. राम जी के प्रदेश सह-संयोजक पूनम चंद्राकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि वी.बी.जी. राम जी मिशन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के विजन को साकार करने की दिशा में एक क्रांतिकारी पहल है।

उन्होंने कहा कि यह मिशन केवल रोजगार उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्थायी आजीविका, स्वावलंबन और आत्मसम्मान को बढ़ावा देने का माध्यम है। उन्होंने महिलाओं, स्वयं सहायता समूहों और ग्रामीण युवाओं को इस मिशन से जोड़ने पर विशेष बल देते हुए कहा कि सशक्त ग्रामीण समाज ही मजबूत भारत की नींव है।

सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया का सक्रिय सहभागी है। वी.बी.जी. राम जी मिशन ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगा और महिलाओं व युवाओं को रोजगार से जोड़कर सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन का माध्यम बनेगा।

विधायक राजू सिन्हा ने कहा कि किसी भी योजना की सफलता उसके जमीनी क्रियान्वयन पर निर्भर करती है। वी.बी.जी. राम जी मिशन के माध्यम से रोजगार और आजीविका के अवसर गांव-गांव तक पहुँचेंगे। इस कार्यशाला से कार्यकर्ताओं को योजना की स्पष्ट समझ एवं प्रभावी कार्ययोजना प्राप्त हुई है।

खट्टा में भक्त गुहा जयंती में शामिल हुए नगर पालिका अध्यक्ष

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम खट्टा (पटेवा) में आयोजित भक्त गुहा निषाद राज जयंती कार्यक्रम में बतौर विशेष अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए। साहू ने भक्त निषाद राज व भगवान रामचन्द्र की पूजा कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष दिशा रामस्वरूप दीवान थीं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने कहा कि भक्त निषाद राज ने भगवान को गंगा पार कराया था। वे श्रीराम के प्रिय मित्र थे। भगवान राम ने उन्हें गले से लगाकर मित्रता का वचन दिया था। ऐसे महान श्री राम भक्त की जयंती पर आज शामिल होने का सौभाग्य मुझे मिला, इसके लिए मैं आप सबका आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने समाज के लोगों को भक्त निषाद राज जयंती की बधाई देते हुए भगवान श्री राम के जयकारे लगाए। जनपद अध्यक्ष दिशा रामस्वरूप दीवान ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर जगोवती निषाद, लक्ष्मीलाल निषाद, देव कुमार निषाद, गणेश निषाद, सेवक निषाद, नरोत्तम निषाद, देवराज निषाद, जोहन निषाद, सुरेश निषाद, मोहन निषाद, जयपाल निषाद, पवन निषाद, संतोष निषाद, संतराम निषाद सहित बड़ी संख्या में निषाद समाज के लोग व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

राष्ट्रीय शालेय तीरंदाजी प्रतियोगिता में पदमा ने जीते 2 कॉस्य पदक

■ इंफाल में आयोजित तीरंदाजी स्पर्धा में व्यक्तिगत एवं मिक्स टीम में हासिल किया पदक

महासमुंद/नवप्रदेश। स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 69 वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता तीरंदाजी अंडर 19 वर्ष बालक एवं बालिका का आयोजन 14 से 18 जनवरी 2026 तक इंफाल वेस्ट (मणीपुर) में आयोजित किया गया, जिसमें स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मिड़ियम स्कूल बागबाहरा से 4 खिलाड़ी पदमा साहू पिता वेदराम साहू, नवलीन कौर पिता अरविंद छावड़ा, सत्यभामा पिता मोतीलाल साहू व जया साहू पिता सोमनाथ साहू एवं आशीबाई लक्ष्मीचंद गोलछा विद्यालय बागबाहरा से एक खिलाड़ी सारोन मेहर पिता फागुलाल मेहर का चयन हुआ। सभी खिलाड़ी बॉल आश्रम बिहाझर बागबाहरा में तीरंदाजी खेल का अभ्यास करते हुए राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए जिले से चयनित हुए हैं। तीरंदाजी कम्पाउंड़ राउण्ड़ में व्यक्तिगत और मिक्स टीम में राजनांदगांव के रुस्तम साहू के साथ पद्मा ने बेहतर प्रदर्शन कर महाराष्ट्र के इंडिया प्लेयर को हराकर कांस्य पदक जीतकर जिले व प्रदेश को गौरवांवित किया हैं। पदमा के पदक जीतने पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरें, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद मनोज धृतलहरे, सहायक क्रीड़ा अधिकारी अंजलि बरमाल, छात्रावास अधीक्षक डॉ. पूर्णेन्द्र चंद्राकर, जिला तीरंदाजी संघ बागबाहरा जिला महासमुंद के अध्यक्ष डॉ. विकास अग्रवाल, सचिव एवन कुमार साहू, कोषाध्यक्ष अरविंद छाबड़ा, रंजीत कौर, भोपाल सिंह बंजारा, टीम प्रशिक्षक दुर्गेश नंदिनी खेल एवं युवा कल्याण रायपुर, व्यायाम शिक्षक ऋषि कपूर साहू, हिरेन्द्र देवांगन, शैलेश शुक्ला, डॉ. सुनील कुमार भोई, पिरीत साहू, संजय पैकरा, रिंकल बग्गा, सोमनाथ साहू, मुकेश वेगड़, संजय सोनवानी, कमला मांझी, बॉल आश्रम बिहाझर बागबाहरा के समस्त खिलाड़ी, प्राचार्य स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल बागबाहरा एवं समस्त स्टॉफ, प्राचार्य आशीबाई लक्ष्मीचंद गोलछा विद्यालय बागबाहरा एवं खेलों इंडिया तीरंदाजी सेंटर एकलव्य आवासीय विद्यालय भोरिंग के समस्त खिलाड़ियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

तालाबों को स्वच्छ रखने संगठनो ने चलाया स्वच्छता अभियान

महासमुंद/नवप्रदेश। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आई एम ए) महासमुंद एवं पर्यावरण को स्वच्छ एवं उसके प्राकृतिक सौंदर्यनुरूप व्यवस्थित रखने की दिशा में विगत 10 वर्षों से महासमुंद एवं उसके आसपास ग्रामीण अंचलों में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य कर रही। संस्था हमर भुइयां के संयुक्त तत्वाधान में रविवार सुबह 7 से 9 बजे तक महासमुंद के सभी सामाजिक संगठनों, व्यावसायिक संघों के सदस्य, स्वयंसेवी संगठनों, खेल एवं शैक्षिक संस्थाओं के सदस्यों एवं पर्यावरण को सुदृढ़ बनाने की दिशा में कार्य कर रहे साथियों की उपस्थिति में शहर के बंधवा तालाब, टांमकी तालाब एवं पास ही सन्निहित नवा तालाब से बड़ी मात्रा में जल कुंभी, प्लास्टिक कचरा एवं अपशिष्ट श्रमदान करते हुए स्वच्छता मित्रों ने निकाल कर जलाशयों की सघन सफाई की है। इस सफाई अभियान में प्लास्टिक कचरा बड़ी मात्रा में पोखरों से एवं उसके आसपास से बाहर निकालकर प्लास्टिक के रसायन से तालाब के जल में हो रहे जल प्रदूषण एवं साथ ही साथ प्लास्टिक के डिस्पोजल को निकालकर सरोवर को विषाक्त होने से बचाने का काम किया है। आयोजक चिकित्सीय संस्था एवं अन्य संगठनों के सदस्यों की सकारात्मक सूझ बुझ से इस काम को मूर्त रूप दिया गया है। सफाई अभियान में पेड़ के पत्तों को जलाकर उसका संपूर्ण निपटान किया गया एवं बड़ी मात्रा में तालाबों की सफाई में निकले पालीथीन युक्त कचरे एवं जलकुंभी को जिससे तालाबों के प्राकृतिक सौंदर्य को कुरूप बना दिया था उसे हटाकर आयोजक मंडल ने नगर पालिका को सुपुर्द किया एवं व्यापक स्तर पर तीनों तालाबों की साफ सफाई करके आयोजकों ने यह संदेश दिया कि कोई भी कार्य अगर एक बार ठान ले तो बड़ा से बड़ा असंभव लगने वाला दुष्कर कार्य भी आसानी से जनसहयोग से पूरी सुचिता के साथ पूरा किया जा सकता है। उपस्थित सभी सदस्यों युवाओं, नगर के प्रबुद्ध जनों, वार्ड वासियों, पार्षद गणों एवं पूर्व पार्षद जनों के साथ ही कॉलेज एवं स्कूली छात्र छात्राओं की उपस्थिति में नगर के तालाबों की तस्वीर बदलने में अपनी सहभागिता निभाई है और जागरूकता के साथ इस जनहित के कार्य को पूरा किया।

40 लीटर महुआ शराब के साथ दो गिरफ्तार

महासमुंद/नवप्रदेश। पिथौरा पुलिस ने ग्राम डूमरपाली के परवानी एनीकट के पास दो आरोपियों के कब्जे से 40 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब बरामद की है। पुलिस ने मामले में आरोपी ग्राम डूमरपाली निवासी उमेश सिदार (25), छबि सिदार (21) के कब्जे से 40 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब बरामद की। मामले में आरोपी धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है।

संकल्प से सिद्धि की मूरत थे निषाद राज : सुधा

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत गोपालपुर में आयोजित गुहा निषाद जयंती कार्यक्रम में जनपद सदस्य सुधा योगेश्वर चंद्राकर ने शामिल होकर भगवान श्रीराम से समस्त क्षेत्र वासियों की सुख समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ की मंगल कामना की। इस मौके पर जनपद सदस्य सुधा चंद्राकर ने कहा निषाद राज का प्रभु श्री राम से मिलने का संकल्प और धैर्य का ही परिणाम था कि जग के तारण हर भगवान राम को स्वयं उनके पास जाना पड़ा और सबकी नैया पर लगाने वाले को स्वयं निषाद राज ने चरण पखार कर नौका पार लगाने का अवसर मिल सका। इस तरह उन्होंने अपने संकल्प से सिद्धि प्राप्त किया। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम पंचायत गोपालपुर राम मंदिर परिसर में समाजिक सहभागिता का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत करते हुए भव्य गुहा निषाद जयंती का आयोजन निषाद समाज एवं ग्रामीण जनों के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें हर वर्ष की भांति विभिन्न रामायण मंडलियों द्वारा रामायण पाठ का आयोजन किया गया। वहीं प्रसादी के रूप में भोजन भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें सरपंच भुनेश्वर ध्रुव के साथ न केवल स्थानीय ग्रामीणों ने बल्कि आसपास के क्षेत्र से आये ग्रामीणों ने भी शामिल होकर रामायण पाठ का श्रवण किया।

राष्ट्रगान | कचना धुरवा कॉलेज में सामूहिक राष्ट्रगान का आयोजन

वंदे मातरम् गीत ही नहीं मातृभूमि की वंदना है : बलराज पटेल

छुरा /नवप्रदेश। राष्ट्रगान, वंदे मातरम् की 150 वीं वर्षगांठ पर,नगर के निजी कचना धुरुवा महाविद्यालय में सामूहिक वंदे मातरम् गान का आयोजन किया गया।महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम , रासेयो के पूर्व स्वयं सेवक रहे युवा समाज सेवी शीतल ध्रुव, एवं जनप्रतिनिधि पार्षद बलराज पटेल की आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मां शारदे व भारत माता की छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित कर,सामूहिक वंदे मातरम् गायन के साथ हुआ। जिससे पूरा सभा हाल देशभक्ति की भावना से गूंज उठा। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. दिनेश साहू ने वंदे मातरम् की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, उसकी रचना एवं राष्ट्रीय महत्व पर अपनी बातें रखी। कहा कि यह गीत भारत माता के प्रति श्रद्धा, समर्पण और बलिदान का प्रतीक है, जिसने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान देशवासियों में नई चेतना का संचार किया।

वही समाज सेवी शीतल ध्रुव ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता व राष्ट्रगीत के प्रति सम्मान और अनुशासन का महत्व बताते हुए कहा कि युवाओं की सकारात्मक सोच, अनुशासित जीवन और कर्मठता ही देश के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत आधारशिला है। उन्होंने सभी से अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। पार्षद बलराज पटेल ने कहा कि वंदे मातरम् गीत सदैव मातृभूमि की सेवा में तत्पर रहने के लिए प्रेरित करता है, यह केवल गीत नहीं वरन् मातृभूमि की वंदना है।कार्यक्रम अधिकारी रेख राम कुर्रे ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारा देश अनेक भाषाओं और संस्कृतियों का संगम है ,फिर भी हम एक है,क्योंकि हमारी पहचान भारतीय है।यह गीत हमें जोड़ता है और देश के प्रति समान प्रेम की भावना पैदा करता है। महाविद्यालय डी.एल.एड की छात्रा ने वंदे मातरम् गीत के संबंध में संदेश वाचन किया।इस दौरान छात्र-छात्राएं, प्राध्यापक, एवं कार्यालयीन कर्मचारी उपस्थित रहे।

ओपन नेशनल कराते खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर जीता पदक

महासमुंद/नवप्रदेश। वैद्य गार्डन बालाघाट मध्यप्रदेश में विगत 11-12 जनवरी को आयोजित ओपन नेशनल कराते चैंपियनशिप का आयोजन मध्यप्रदेश राज्य कराते संघ, यूनाइटेड शोतोकान कराते फेडरेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

इस अवसर पर कराते संघ के राष्ट्रीय डायरेक्टर वरुण पाण्डेय (ब्लैक बेल्ट 5 डॉन) के आतिथ्य में काता एवं कुमिते प्रदर्शन किया गया। जिसमें बागबाहरा से लक्ष्य साहू कुमिते-सिल्वर मैडल, आराध्या साहू कुमिते-सिल्वर मैडल, हर्षा ध्रुव काता-गोल्ड मैडल, कुमिते-सिल्वर मैडल, देवकी यादव काता-सिल्वर मैडल, कुमिते-गोल्ड मैडल, सीनियर वर्ग में भुरकोनी से राजेश चक्रधारी कुमिते-गोल्ड मैडल, बसना से वंशिका चौहान काता-गोल्ड मैडल, पिथौरा से विरेन्द्र डड़सेना ने कुमिते-गोल्ड मैडल जीतकर छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया। खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि ने मैडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उत्कृष्ट खिलाड़ियों का चयन आगामी 7 से 8 फरवरी तक हैदराबाद तेलंगाना में होने वाली इंटरनेशनल कराते चैंपियनशिप 2026 के लिए किया गया।

न्यूज गैलरी

शिव महापुराण कथा में हुआ सती चरित्र का भावपूर्ण वर्णन

राजिम/नवप्रदेश। राजिम नगर के पटेल पारा, वार्ड क्रमांक 03 में नगर के निर्मल परिवार के तत्वावधान में

आयोजित श्री शिव महापुराण कथा में श्रद्धा और भक्ति का वातावरण बना हुआ है। जेंजरा राजिम धाम वाले कालेश्वर प्रसाद तिवारी जी के मुखारविंद से प्रवाहित हो रही इस पावन कथा को सुनने नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रतिदिन पहुंच रहे हैं। कथा के आज के प्रसंग में सती चरित्र का अत्यंत भावुक एवं प्रेरणादायक वर्णन किया गया। भगवान शिव के प्रति माता सती की अटूट भक्ति, दक्ष प्रजापति के यज्ञ प्रसंग तथा सती के आत्मबलिदान की कथा सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। व्यासपीठ से तिवारी जी ने सती चरित्र के माध्यम से भक्ति, समर्पण और त्याग का महत्व विस्तार से बताया।

आयोजक परिवार ने बताया कि सोमवार को श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण के रूप में शिवङ्कपार्वती विवाह कथा का दिव्य एवं भव्य प्रसंग प्रस्तुत किया जाएगा, जिसे लेकर भक्तों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। निर्मल परिवार एवं पटेल पारा के समस्त निवासियों ने क्षेत्र के सभी धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से इस पावन आयोजन में सपरिवार शामिल होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

गुहा निषाद व प्रभु श्रीराम का संबंध सामाजिक समरसता का अनुपम उदाहरण : अमर

महासमुंद/नवप्रदेश। नगर पंचायत तुमगांव सहित ग्राम पंचायत केडियाडीह व बड़गांव में भक्त गुहा निषाद जयंती व मड़ई मेला का आयोजन किया गया। सभी कार्यक्रमों में बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत के पूर्व सभापति अमर अरूण चंद्राकर शामिल हुए। कार्यक्रम स्थलों पर अमर ने प्रभु श्रीराम तथा उनके परममित्र रामभक्त निषाद राज गुहा की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि व आपसी भाईचारे की प्रार्थना की। अमर ने बड़गांव, केडियाडीह व भाठापारा तुमगाँव के निवासियों को भक्त निषाद राज जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भक्त गुहा निषाद राज और प्रभु श्रीराम का संबंध अटूट प्रेम, विश्वास और सामाजिक समरसता का अनुपम उदाहरण है, जो ऊंच-नीच और भेदभाव से परे है।

अंधे कत्ल का खुलासा, पत्नी सहित 4 आरोपी गिरफ्तार

■ रेल्वे लाइन के पास मिला था बिना सिर वाले युवक का शव

भाटापारा/नवप्रदेश। भाटापारा हथबंद रेल मार्ग के ग्राम मजगांव के पास मिले बिना सिर वाले अज्ञात युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने मृतक की पत्नी, मामा ससुर एवं 02 सुपारी किलर सहित 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।आरोपियों द्वारा पहचान छुपाने के उद्देश्य से सिर, धड़ से अलग कर केवल धड़ रेलवे लाइन में फेंक दिया गया था तथा सिर ग्राम डिग्गी में जमीन में गड्ढा खोदकर दबा दिया गया था। पुलिस अधीक्षक ने इस अंधे कत्ल को सुलझाने वाली टीम को 5000 रुपए इनाम देने की घोषणा की है।

उपरोक्त घटना के आरोपियों की गिरफ्तारी का खुलासा करते हुए पुलिस ने बताया कि 11 जनवरी को प्रातः 04:30 बजे सूचना मिली कि ग्राम मजगांव के पास हथबंद-भाटापारा रेलवे लाइन के खंबा नंबर 771/23-25 के पास एक अज्ञात शव, पुरुष उम्र लगभग 30 वर्ष पड़ा था, जिसका सिर नहीं था, वह गले के भाग से कटा हुआ था एवं सिर गायब था। प्रारंभिक जांच में युवक की हत्या कर, सिर को कहीं एवं धड़

को यहां रेलवे लाइन पर फेंकना प्रतीत हुआ। मृतक हल्का फीका नीला कलर का जींस पहना तथा उसके दाहिने हाथ की कलाई में अंग्रेजी में त्न.च.छ्ल्ह्स।ढ्ढ लिखा हुआ था। जिस पर थाना हथबंद में मर्ग क्र. 03/2026 एवं प्रकरण की जांच, वारदात का तरीका, पीएम रिपोर्ट के आधार पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध क्र. 20/2026 धारा 103(1),238 बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में कौशल किशोर वासनिक उप पुलिस अधीक्षक कैंप कसडोल, प्रेमलाल साहू उप पुलिस अधीक्षक, वैज्ञानिक अधिकारी राजीव पंकज, निरीक्षक प्रणाली वैद्य, निरीक्षक लखेश केंवट एवं उपनिरी. गोकुल पटेल के नेतृत्व में साइबर सेल एवं थाना हथबंद की विशेष टीम का निर्माण किया गया। पुलिस के लिए सबसे बड़े चुनौती शव की पहचान था। केवल पहने हुए कपड़े एवं हाथ में गोदना के आधार पर बिना सिर के शव की पहचान करना अत्यंत कठिन था। शव के सिर की खोजबीन के लिए 80 की संख्या में पुलिस बल द्वारा घटनास्थल के चारों ओर लगभग 04 किलोमीटर क्षेत्र में सघन खोजबीन भी किया गया, लेकिन शव का सिर नहीं मिला। इस चुनौती को स्वीकार करते हुए पुलिस टीम द्वारा शव की पहचान के संबंध में आसपास गांव में मुनादी कर, आसपास गांव के ग्रामीणों से पूछताछ किया गया।

व्हाट्सएप ग्रुप, सोशल मीडिया, सरसदी जिलों एवं थाना क्षेत्र में भी शव का हुलिया प्रसारित कर पहचान की कोशिश की गई। साथ ही घटनास्थल के आसपास पहुंच मार्गो में लगे सीसीटीवी फुटेज का भी अवलोकन किया गया।

इनोवा से कुचलकर युवक की हत्या, 5 आरोपी गिरफ्तार, दो की तलाश जारी

अभनपुर/नवप्रदेश। अभनपुर थाना क्षेत्र में एनएच-30 पर एक युवक को इनोवा कार से कुचलकर हत्या करने के आरोप में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं दो आरोपी अभी फरार बताए जा रहे हैं। बता दे कि अभनपुर के मोनफोर्ट स्कूल के पास मेन रोड के किनारे एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला था। जांच के दौरान मृतक की पहचान कैलाश तिवारी के रूप में हुई थी।

जानकारी के अनुसार दिनांक 15.01.2026 को दोपहर लगभग 03.00 बजे मोनफोर्ट स्कूल के पास मेन रोड किनारे ग्राम केन्द्री, थाना अभनपुर में एक अज्ञात व्यक्ति के शव मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मृतक की पहचान कैलाश तिवारी के रूप में होने पर उसके भाई सूचक कौशल तिवारी के रिपोर्ट पर बिना नंबरी मर्ग कायम कर शव पंचनामा कार्यवाही की गई।

जांच में सामने आया कि कैलाश तिवारी अपने दोस्तों के साथ एक्टिवा का पेट्रोल खत्म हो जाने के कारण

चाकू से कर दिया हमला

विवाद के दौरान कैलाश के साथी अजय द्वारा चाकू निकाले जाने पर आरोपी कुछ देर के लिए भाग गए, लेकिन फिर दो-तीन लोग और आकर दोबारा मारपीट करने लगे। इस दौरान हेमंत साहू को सिर और हाथ में चोट आई। हेमंत साहू, कैलाश और उसका दोस्त बचने के लिये फिर से अपने पास रखे चाकू से हमला करना शुरू कर दिया। जिससे कुछ लोगों को चोट आयी। हालात बिगड़ते देख कार सवार चाकू के हमले से बचने के लिये भागकर अपने कार में बैठे। तभी कैलाश तिवारी कार के सामने आकर वाहन रोकने की कोशिश करने लगा।

वाहन को पैदल धक्का देते हुए पेट्रोल पंप की ओर ले जा रहे थे। इसी दौरान एनएच-30 पर अभनपुर की ओर रॉन्ग साइड से आ रही इनोवा कार ने एक्टिवा को पीछे से टक्कर मार कर आगे बढ़ने लगा। तब एक्टिवा सवार मृतक एवं उनके दोस्तो के द्वारा गाली देकर ठीक से चलने बोलने पर कार को कुछ दूर पर रोका और कार में बैठे 4 व्यक्ति कार से बाहर आये और क्यो गाली दे रहा हैं कहकर गाली गलौच कर हाथ मुक्का एवं ठोस वस्तु से मारपीट करने लगे। तभी इनोवा क्रमांक सीजी 04 एनएफ 8602 के चालक डिलेश मंडावी ने अपने साथियों लिलेश सेन, चंदन यादव, चंद्रशेखर साहू, दुर्गेश साहू, मनीष साहू और रितेश उर्फ रिंकू साहू के साथ मिलकर हत्या की नीयत से वाहन को कैलाश तिवारी के ऊपर चढ़ा दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने प्रकरण में धारा 103(1), 296, 115(2), 191(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की। जांच के दौरान आरोपी डिलेश मंडावी, लिलेश सेन, चंद्रशेखर साहू, दुर्गेश साहू और मनीष साहू को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिन्होंने अपराध करना स्वीकार किया। घटना में प्रयुक्त इनोवा कार को गवाहों के समक्ष जप्त किया गया। जिसके बाद पांचों आरोपियों को दिनांक 17.01.2026 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। प्रकरण के दो आरोपी चंदन यादव एवं रितेश उर्फ रिंकू साहू की गिरफ्तारी अभी शेष है, जिनकी तलाश पुलिस द्वारा की जा रही है।

'लोहड़ी दी रात' में भांगड़ा गिद्दा की रही धूम

भाटापारा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सिक्ख संगठन द्वारा मनाए जाने वाले पारंपरिक उत्सव लोहड़ी का आयोजन अंबुजा मॉल में किया गया। 'लोहड़ी दी रात' का यह विशेष आयोजन छत्तीसगढ़ सिख संगठन के बैनर तले हुआ। जिसमें विभिन्न श्रेणियों में प्रतिभा वाण पुरूष एवं महिला का पारंपरिक पंजाबी नृत्य भांगड़ा व गिद्दा की धूम रही। वही मिस्टर सिंह, सोहनी जोड़ी, न्यू बॉर्न बेबी जैसी प्रतियोगिताएं भी आकर्षण का केंद्र रहीं।

इस अवसर पर नगर के समाज सेवी अरूण बंटी छाबड़ा का सम्मान किया गया कार्यक्रम के मुख्यातिथि सिक्ख फोरम के अध्यक्ष स. बलदेव सिंह भाटिया ,अध्यक्षता छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा , विशेष अतिथि पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा, गुरुचरण सिंह होरा , अमरजीत सिंह चावला, गुरप्रीत सिंह बाबरा, हरपाल सिंह भांमरा, दलजीत सिंह चावला रहे। इस मौके पर भांगड़ा, गिद्दा, बोलियां, टप्पे, बच्चों के रैम्प डांस, गतका का विशेष प्रदर्शन देखते ही बना। सभी प्रस्तुतियों और कार्यक्रमों का आनंद लेते हुए दर्शकों ने आयोजन को तहेदिल से सराहा, लोहड़ी दी रात' में भांगड़ा, गिद्दा की धूम मची।

कार्यक्रम में श्वेता अरोरा, तरनजीत कौर, गुरप्रीत छाबड़ा, सतनाम कौर, गुरमीत सिंह धोनी बलजीत सिंह चावला,लवली सिंह, टिंकू सिंह, यशवंत सिंह, गुरुचरण सिंह टांक, मनमीत सिंह होरा इत्यादि उपस्थित थे।

कम्युनिटी पुलिसिंग : अमली और राजाडेरा में सुनी ग्रामीणों की समस्या

बच्चों से रूबरू हो कर स्कूल बैग, पाठ्य सामग्री, चप्पल, कंबल तथा बुजुर्ग जनों को लूंगी, साड़ी आदि वितरित किया।

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद पुलिस के ''संवाद'' कार्यक्रम अंतर्गत पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर एवं टीम के साथ आज थाना मैनपुर क्षेत्रातंर्गत नक्सल प्रभावित ग्राम मटाल एवं राजाडेरा के ग्रामीणों के बीच बैठ कर उनकी समस्याएं सुने। ग्राम अमली और राजाडेरा के बच्चों से उनके पढ़ाई लिखाई के बारे में चर्चा की गई, अभिभावकों को बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए प्रेरित किया गया तथा बच्चों को पाठ्य सामग्री, चप्पल, कंबल तथा बुजुर्गजनों को लूंगी एवं महिलाओं को साड़ी आदि वितरित किया गया। ग्रामीणों से नक्सलवाद के प्रभाव के संबंध में चर्चा की गई तथा नक्सलियों के वर्तमान गतिविधियों के बारे में पूछा गया। ग्रामीणों द्वारा नक्सलियों का प्रभाव कम होने तथा क्षेत्र में शांति का वातावरण निर्माण होना बताया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा ग्रामीणों से उनके स्वास्थ्य के साथ हाल-चाल एवं व्यवसाय के संबंध में पूछे जाने पर ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि छोटी-मोटी बीमारियों के इलाज के लिए भी मैनपुर तक जाना होता है। पक्की सड़क नही होने से बरसात के महीने में अस्पताल तक जाने में असुविधा होती है, साथ ही इस क्षेत्र में बांस शिल्पकारों की संख्या अधिक है। लेकिन पब्लिक ट्रांसपोर्ट की सुविधा नही होने के कारण बड़े बाजारों तक पहुंचना कठिन है। जिससे सामानों का सही कीमत नही मिल पा रहा है। जिसके कारण व्यवसाय लाभदायक नही हो पा रहा। पुलिस अधीक्षक द्वारा ग्रामीणों को आश्वासन दिया गया कि उनकी इन समस्याओं को संबंधित पदाधिकारी तक शीघ्र पहुंचाया जाएगा तथा नक्सली मुक्त होने वाले क्षेत्र के विकास के लिए पुलिस की तरफ से की जाने वाली हर संभव कार्यवाही की जाएगी।

धान खरीदी केंद्र में कोचिये का 90 कट्टा धान पकड़ाया

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। धान खरीदी केंद्रों में प्रशासन के सखूती के बावजूद कोचिंयो के द्वारा लगातार खरीदी केंद्रों में धान खपाने का प्रयास किया जा रहा है। शुक्रवार को ऐसा ही एक मामला रामाटोला खरीदी केंद्र में देखने को मिला, जिसमें एक किसान के द्वारा कोचिंये का 90 कट्टा धान गुपचुप तरीके से बेचा जा रहा था। जिसके बाद समिति केंद्र में विवाद की स्थिति निर्मित हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार रामाटोला धान खरीदी केंद्र में शुक्रवार को कुल 37 किसानों को टोकन जारी किया गया था। जिसमें झंडातलाव के किसान चेतन के द्वारा 182 कट्टा धान खरीदी केंद्र में लाया गया । जिसमें सूत्रों की माने तो 90 से अधिक कट्टा धान कोचिंया का था जिसे उसके द्वारा अपने

पर्चे में बेचने की तैयारी की जा रही थी। परंतु बात का खुलासा होने के बाद समिति प्रबंधक प्रवीण बोरकर के द्वारा किसान के द्वारा लाया गया 90 कट्टा धान वापस कर दिया गया है।

वही पूरे मामले में सूत्रों की माने तो समिति प्रबंधक के मिली भगत से ही किसान के द्वारा अपने पर्चे में धान खपाया जा रहा था। परंतु मामले का खुलासा होने के बाद धान को वापस कर मामला रफा दफा कर दिया गया है। जानकारो कि माने तो अगर मिली भगत नहीं होती तो कोचिंये के धान को जप्त कर समिति प्रबंधक के द्वारा कार्रवाई की जाती. परंतु ऐसा नहीं हुआ। जिससे पूरे मामले में समिति प्रबंधक की भूमिका भी संदिग्ध बताई गई है।वही बता दे नवंबर के दूसरे हफ्ते से पूरे प्रदेश में धान खरीदी की शुरुआत हुई थी। अब तक रामाटोला धान खरीदी केंद्र में किसानों के द्वारा 64702.80 क्विंटल धान बेचा जा चुका है। तथा इस केंद्र के अंतर्गत आने वाले 111.17 हेक्टेयर भूमि का रकबा शासन को किसानों ने फसल नहीं होने पर वापस किया गया है। खरीदी के दौरान एक किसान ने अपने पर्चे में रबी सीजन का 90 कट्टा धान बेच रहा था। जिसे नहीं खरीदा गया है।

धमधा में गुड शैफर्ड हायर सेकेंडरी स्कूल में धूमधाम से मनाया वार्षिक उत्सव

धमधा/नवप्रदेश। गुड शैफर्ड हायर सेकेंडरी स्कूल, धमधा में वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति और छत्तीसगढ़ की समृद्ध परंपराओं को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने लोकनृत्य, देशभक्ति गीत, नाट्य मंचन सहित अनेक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। पारंपरिक वेशभूषा में सजे विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया और पूरा वातावरण उत्सवमय बन गया।

इस अवसर पर स्कूल के डायरेक्टर जोमेंन जो वर्गिस ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि वार्षिक उत्सव जैसे कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है और वे अपनी छिपी प्रतिभाओं को पहचानते हैं। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार, अनुशासन और सांस्कृतिक मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने बच्चों की प्रस्तुतियों की प्रशंसा की और स्कूल प्रबंधन को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं।

पार्षद बबीता मलागार पीआईसी सदस्य मनोनीत

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे द्वारा वरिष्ठ भाजपा नेताओं की सहमति से वार्ड नंबर 24 की पार्षद बबीता मलागार को पीआईसी का सदस्य मनोनीत किया है। पार्षद के पीआईसी सदस्य के रूप में मनोनीत किए जाने पर नगर साहू समाज की ओर से नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे व समस्त पार्षद गणों का आभार व्यक्त किया गया है।

पार्षद मलागार को बधाई व नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष रमन डोंगरे व पार्षद गणों का आभार व्यक्त करने वालों में नगर साहू समाज के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार साहू, उपाध्यक्ष गिरीश साहू, सचिव मोहन साहू, कोषाध्यक्ष आशीष साहू, उप कोषाध्यक्ष अश्वनी साहू, संगठन सचिव कामेश्वर साहू, अंकेक्षक पुष्पेन्द्र साहू, पार प्रमुखगण भागवत साहू, लुकेश्वर साहू, रूपचन्द साहू, अशोक आशीष साहू, गंगाराम साहू, साहू, मोतीराम साहू, ईश्वर साहू, राजकुमार साहू, ईतवारी साहू, राम गुलाल साहू, नानुकराम साहू, खुमान साहू, सतीश साहू, कृष्णा राम साहू, प्रदीप साहू, जितेन्द्र साहू, श्यामलाल साहू, यादव राम साहू, सालिक राम साहू, बीरबल साहू, देवाराम साहू, शिव कुमार साहू, प्यारेलाल साहू, दिनदयाल सहित अन्य सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

हिंदू सम्मेलन में इतिहास, संस्कृति और सामाजिक समरसता पर हुआ चिंतन

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। नगर में आयोजित हिंदू सम्मेलन में मुख्य वक्ता हरिओम शर्मा, प्रांत संयोजक (कुटुंब प्रबोधन) ने अपने ओजस्वी उद्बोधन में भारत के गौरवशाली इतिहास और सनातन परंपरा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत का इतिहास संघर्ष और विजय का रहा है, किंतु हमें प्रायः हार का इतिहास पढ़ाया गया। उन्होंने कहा कि धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो, सभी प्राणियों में सद्भावना हो÷ जैसे मंत्र हमारी सनातन चेतना के मूल हैं, परंतु सत्य, शांति और अहिंसा को विधर्मियों ने हमारी कमजोरी समझ लिया। उन्होंने कहा कि चारों युगों से चली आ रही सनातन परंपरा के बावजूद आज हिंदू सम्मेलन की आवश्यकता महसूस हो रही है। इसका कारण हिंदू समाज में फूट डालो की नीति है। उन्होंने हिंदू समाज की स्थिति को चार वर्गों में विभाजित करते हुए कहा कि कुछ लोग गर्व से स्वयं को हिंदू कहते हैं, कुछ संकोच से, कुछ छुपाते हैं और कुछ तो यह भूल ही गए हैं कि वे हिंदू हैं। हरिओम शर्मा ने कहा कि हिंदू धर्म और समाज की रक्षा तथा भारत को पुनः विश्वगुरु के स्थान पर प्रतिष्ठित करने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को कार्य करते हुए 100 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। उन्होंने सभी वर्गों को साथ लेकर चलने का आह्वान करते हुए कहा कि सनातन परंपरा में कभी भी समाज को अलग-अलग नहीं माना गया। हमारे यहां वर्ण व्यवस्था कर्म के आधार पर थी, न कि जाति के आधार पर। बाद में स्वार्थ और बाहरी प्रभावों के कारण हम जातियों में बंटते चले गए, जबकि हमारे समाज में कभी ऊंच-नीच या भेदभाव का भाव नहीं था। उन्होंने छत्तीसगढ़ की धरती पर बाबा गुरु घासीदास के संदेश मनखे-मनखे एक समान का उल्लेख करते हुए कहा कि यह विचार आज भी हमारे लिए मार्गदर्शक है, जो समाज को एकता और समरसता का मार्ग दिखाता है। सम्मेलन के अध्यक्षीय उद्बोधन में समाजसेवी मोहन अग्रवाल ने कहा कि यदि आरएसएस नहीं होता तो सरस्वती शिशु मंदिर, विश्व हिंदू परिषद, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जैसे संगठन अस्तित्व में नहीं आते और हिंदू समाज संकट में पड़ जाता।

नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष दिवाकर मिश्रा ने कार्यभार संभाला

कॉग्रेस कार्यकर्ता जनता से जुड़े मुद्दों पर सक्रिय रहें : इन्द्र साव

भाटापारा/नवप्रदेश। कांग्रेस पार्टी के लिए भाटापारा विधानसभा हमेशा से प्लस रहा है और हम सब की पहचान कांग्रेस है। पार्टी के कार्यकर्ता हमेशा पार्टी और संगठन की मजबूती के लिए कार्य करते है जिसका प्रतिफल भी हमें मिलता रहता है। उक्त बाते विधायक इंद्र साव ने स्थानीय कांग्रेस भवन में नव नियुक्त ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दिवाकर मिश्रा के कार्यभार के अवसर पर कांग्रेस जनों को संबोधित करते हुए कही।

विधायक इंद्र साव ने नव नियुक्त ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष दिवाकर मिश्रा को बधाई देते हुए कहा कि पार्टी संगठन ने एक छोटे से कार्यकर्ता को बहुत बड़ी जवाबदारी दी है,जो सभी कार्यकर्ताओं के लिए शुभ और अच्छा संकेत है। कांग्रेस

पार्टी हमेशा निष्ठावान कार्यकर्ताओं का सम्मान करती है और इस विधानसभा में ही नहीं पूरे लोकसभा क्षेत्र में यहां के जमीनी कार्यकर्ताओं को हमेशा ताज्जोव मिलती है।ये सब आपकी ईमानदारी का परिणाम है। सत्ता रहे या ना रहे लेकिन यहां के कार्यकर्ताओं का पार्टी के प्रति समर्पण भाव हमेशा देखने को मिलता रहता है।

विधायक साव ने आगे कहा कि यहां के कार्यकर्ताओं की निष्ठा और ईमानदारी का ही परिणाम है कि पूरे लोक सभा क्षेत्र में एक मात्र कांग्रेस का विधायक आप लोगो ने दिया है जो भाटापारा कांग्रेस जनों की पार्टी के प्रति अपनी वफादारी को बताता है जिसके लिए आप सभी बधाई के पात्र है। नए अध्यक्ष के साथ कांग्रेस पार्टी के सभी सदस्य नई ऊर्जा के साथ कांग्रेस संगठन के सभी दिशा निर्देशो का पालन करते हुए जनता से जुड़े मुद्दों पर सड़क की लड़ाई लड़ते रहेंगे।स्वागत समारोह में ईश्वर सिंह ठाकुर,सतीश अग्रवाल, रोशन हबलानी, आलोक मिश्रा,राजकुमार शर्मा, गौरी भृगु, त्रिलोक सलूजा,नानू सोनी,नरेश चौबे धनंजय तिवारी,चंद्रशेखर चक्रधारी, वैभव केशरवानी आदि वक्ताओं ने अपने संबोधन में ऊर्जावान सक्रिय युवा को ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर प्रदेश संगठन का आभार व्यक्त किया और साथ ही नव नियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष के स्वतंत्रता सेनानी और राजनीतिक परिवार की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला।सभी वक्ताओं ने नव नियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष को योग्य और मिलनसार बताते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की।

नव नियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष दिवाकर मिश्रा ने अपनी नियुक्ति के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी विधायक इंद्र साव ,सभी बड़े नेताओं और भाटापारा कांग्रेस के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया उन्होंने कांग्रेस को अपना परिवार बताते हुए भविष्य में सभी कांग्रेस जनों के साथ मिलकर भाटापारा कांग्रेस की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाने की बात कही।

न्यूज गैलरी

पुरानी दुश्मनी, युवक पर जानलेवा हमला

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम जोबा में पुरानी दुश्मनी पर एक युवक पर जानलेवा हमला का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार ग्राम जोबा निवासी टिकेश्वर ध्रुव ने तुमगांव थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि 8 जनवरी की रात करीब 9 बजे वह अपने घर के बाहर बैठा था। इसी दौरान गांव का ही राहुल साहू बाइक से वहां पहुंचा और पुरानी रंजिश को लेकर अश्लील गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने अचानक चाकू निकालकर टिकेश्वर पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया।

चाकू के वार से उसके हाथ तथा कमर के आगे-पीछे कुल तीन स्थानों पर गंभीर चोटें आईं। गंभीर अवस्था में परिजनों ने उसे तत्काल तुमगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया। इलाज के बाद करीब 8 दिन बाद स्वस्थ होने पर पीड़ित ने थाना पहुंचकर घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी राहुल साहू के विरुद्ध बीएनएस की धारा 117(2), 118(1) एवं 296 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की तलाश की जा रही है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

शांत्रीबाई महाविद्यालय में सामूहिक वंदे मातरम गान

महासमुंद/नवप्रदेश। शांत्रीबाई कला, वाणिज्य विज्ञान महाविद्यालय में राष्ट्रगीत वंदे मातरम की रचना की 150वीं जयंती पर सामूहिक वंदे मातरम गान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज में राष्ट्रप्रेम, सांस्कृतिक चेतना एवं स्वतंत्रता संग्राम के मूल्यों को सुदृढ़ करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जनपद सदस्य संगीता चंद्राकर, छग चन्द्रनाहू शिक्षण समिति सचिव कमलेश चंद्राकर एवं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सविता चंद्राकर ने दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि संगीता चंद्राकर ने कहा कि वंदे मातरम की रचना महान साहित्यकार बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने वर्ष 1875 में की थी। यह गीत भारत के स्वतंत्रता संग्राम के समय करोड़ों देशवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना। जब स्वतंत्रता सेनानी जेलों में थे, जब देश पराधीनता की बेड़यों में जकड़ा हुआ था, तब वंदे मातरम ही वह मंत्र था जिसने जन-जन में साहस, आत्मबल और संघर्ष की चेतना जाग्रत की।

किसानों ने धान खरीदी 15 फरवरी तक बढ़ाने की मांग की

महासमुंद/नवप्रदेश। भारतीय किसान संघ ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर धान खरीदी की तिथि 15 फरवरी तक बढ़ाने की मांग की है। ज्ञापन में किसान संघ ने आरोप लगाया कि इस वर्ष धान खरीदी की प्रक्रिया शुरू से ही बदइंतजामी का शिकार रही है। समितियों में कभी भौतिक सत्यापन, तो कभी लिमिट निर्धारण के नाम पर किसानों को लगातार प्रताड़ित किया गया, जिससे वे अपनी उपज बेचने के लिए दर-दर भटकते रहे। किसान संघ ने कहा कि वर्तमान में धान खरीदी की समय-सीमा समाप्त होने में मात्र 15 दिन शेष है, जबकि अब तक केवल 60 प्रतिशत धान खरीदी ही हो पाई है। ऐसी स्थिति में बड़ी संख्या में किसान अपनी उपज समितियों तक नहीं पहुंचा पाएंगे और उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। संघ ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि धान खरीदी की तिथि और खरीदी सीमा में शीघ्र वृद्धि नहीं की गई, तो संघ आंदोलन करने मजबूर होगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष कुबेर गिरी गोस्वामी, पिथौरा तहसील अध्यक्ष युवराज साहू, सहकारिता प्रकोष्ठ प्रमुख मायाराम साहू, मंत्री धनंजय साहू, जिला उपाध्यक्ष बृजलाल साहू, राजेंद्र वैष्णव, सुरेंद्र सिंह ध्रुव, मोती पांडे, सुलभ कुमार यादव सहित बड़ी संख्या में किसान संघ के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

गुलाबी नगरी सिरपुर के महानदी तट पर प्रस्तावित रिवर फ्रंट परियोजना स्थल का अफसरों ने किया निरीक्षण

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले के ऐतिहासिक एवं पर्यटन दृष्टि से महत्वपूर्ण क्षेत्र सिरपुर को एक नई पहचान देने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। सिरपुर विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण के प्रस्ताव पर छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अपर आयुक्त एचके जोशी (नवा रायपुर) ने ग्राम सिरपुर के महानदी तट पर प्रस्तावित रिवर फ्रंट परियोजना सहित विभिन्न विकास कार्यों के स्थलों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान महानदी तट पर प्रस्तावित रिवर फ्रंट, मेडिटेशन सेंटर, सड़क एवं फुटपाथ, पेवर कार्य, पार्किंग, टूरिस्ट इन्फॉर्मेशन सेंटर, दुकानें, एम्फीथिएटर एवं साडा कार्यालय के लिए चिन्हित स्थलों का अवलोकन किया गया। इन सभी कार्यों का निर्माण छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा किया जाना प्रस्तावित है। अपर आयुक्त श्री जोशी ने अधिकारियों को शासन की मंशानुरूप शीघ्र व ठोस कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए, ताकि सिरपुर में पर्यटन को नई गति मिल सके। पश्चात उन्होंने महासमुंद नगर में निमार्णाधीन पुस्तकालय, कलेक्टर कार्यालय के प्रथम तल तथा री-डेवलपमेंट योजना के अंतर्गत क्लबपारा क्षेत्र में जर्जर शासकीय भवनों में निवासरत कर्मचारियों के पुनर्विस्थापन हेतु निर्माणाधीन 80 एल.आई.जी. प्रकोष्ठ भवनों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष जोर देते हुए सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए।

सिरपुर को सशक्त रूप से स्थापित करने महत्वपूर्ण कदम

निरीक्षण के दौरान मंडल के उपायुक्त बीबी सिंह, वास्तुविद सी.एल. डोले सहित गृह निर्माण मंडल के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। यह निरीक्षण न केवल सिरपुर को पर्यटन मानचित्र पर और अधिक सशक्त रूप से स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि महासमुंद नगर के शासकीय अधोसंरचना विकास को भी नई गति प्रदान करेगा।

संस्कार पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव संपन्न

महासमुंद/नवप्रदेश। संस्कार पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव अभ्युदय शंकराचार्य भवन में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वर्णिका शर्मा (अध्यक्ष बाल संरक्षण आयोग राज्य शासन), विशेष अतिथि निखिलकांत साहू (अध्यक्ष नगर पालिका महासमुंद) व अध्यक्ष पारस चोपड़ा (शिशु कल्याण शिक्षा समिति) थे। कार्यक्रम में कक्षा नर्सरी से कक्षा सातवीं के बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक विधाओं में विविध विषयों पर आकर्षक नृत्य, भाव नृत्य व नृत्य नाटिका प्रस्तुत किया। भारत के अंतरिक्ष की प्रगति को शानदार नृत्य द्वारा प्रस्तुत किया गया । कक्षा 5वीं के बच्चों ने साहबजादों के बलिदान को नृत्य नाटिका में चरितार्थ किया।

रैली निकालकर पहुंचे कलेक्टोरेट, सौंपा ज्ञापन

ऑनलाइन उपस्थित समेत लंबित मांगों को लेकर सहायक शिक्षकों का प्रदर्शन

महासमुंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के सहायक शिक्षकों ने लंबित मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ निर्णायक मोर्चा खोल दिया है। छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के आह्वान पर आज वेतन विसंगति दूर करने, पूर्व सेवा की गणना, वीएसके ऐप का विरोध तथा टीईटी की अनिवार्यता समाप्त करने सहित चार सूत्रीय मांगों को लेकर आज प्रदेशव्यापी जिला स्तरीय आंदोलन किया है। जिसके तहत आज उन्होंने लोहिया चौक पर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। बाद रैली निकालकर कलेक्टोरेट पहुंचे। वहां उन्होंने संगठन मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री के नाम प्रशासन को ज्ञापन सौंपा।

फेडरेशन के जिलाध्यक्ष ईश्वर चंद्राकर ने आंदोलन को लेकर कहा कि मोदी की गारंटी के तहत सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर कर सभी शिक्षकों को क्रमोन्नत वेतनमान प्रदान किया जाए, प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना कर सभी एल.बी. संवर्ग शिक्षकों को समस्त लाभ प्रदान किया जाए, टीईटी की अनिवार्यता समाप्त करने राज्य सरकार द्वारा आवश्यक पहल की जाए एवं शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति हेतु (स्वयं के मोबाईल में) वीएसके की अनिवार्यता समाप्त करने को लेकर आज एक दिवसीय आंदोलन किया गया हैं। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई केवल वेतन या नियमों की नहीं, बल्कि हमारे सम्मान और अधिकार की है। सरकार ने संकल्प पत्र में जो वादे किए थे, उन्हें पूरा करने का समय अब आ गया है। हम शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी मांगें सरकार के संकल्प पत्र में पहले से शामिल हैं, बावजूद अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। इससे शिक्षकों में आक्रोश व्याप्त है। आंदोलन के दौरान जिलेभर से बड़ी संख्या में सहायक शिक्षक और शिक्षक उपस्थित थे।

हादसों में कमी लाने जागरूकता अभियान

महासमुंद/नवप्रदेश। बढ़ते सड़क हादसों और उनमें हो रही जनहानि को देखते हुए जिले में सड़क सुरक्षा माह का आयोजन जन-जागरूकता के उद्देश्य से किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत आरंग टोलवे प्राइवेट लिमिटेड द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग -53 पर सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। टोलवे प्राइवेट लिमिटेड के प्रोजेक्ट मैनेजर मनोज तिवारी व ऑपरेशन मैनेजर पवन सिंह ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं का मुख्य कारण तेज रफ्तार, लापरवाही और यातायात नियमों की अनदेखी है। यदि लोग हेलमेट व सीट बेल्ट का उपयोग करें, निर्धारित गति सीमा का पालन करें और वाहन चलाते समय मोबाइल फोन से दूरी बनाएं, तो अधिकांश दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। उन्होंने बताया कि सड़क सुरक्षा माह अंतर्गत आरंग से सरायपाली के बीच एनएच -53 पर हर दिन अलग- अलग स्थानों पर जनजागरूकता अभियान चलाया चलाया जा रहा है जो माह के आखिरी तक जारी रहेगा। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की।

बेलरगाँव में विश्व हिंदू सम्मेलन संपन्न

नगरी/नवप्रदेश। संघ शताब्दी वर्ष के अवसर पर बेलरगांव में घुटकेल,गढडोगरी ,बेलर मंडल का हिंदू सम्मेलन 15 जनवरी को हुआ ।मुख्य अतिथि राम बालक दास जामडी पाटेश्वर धाम जिला बालोद , विशेष अतिथि राकेश साहू राम मानस परिवार द्वारा हनुमान चालीसा व भजन प्रस्तुत किया गया। सभा कार्यक्रम के पूर्व मंडल के अंतर्गत आने वाले गांव से आमंत्रित हिंदू समाज के सभी जाति के समाज प्रमुखों का आयोजन समिति के सदस्यों के द्वारा पुष्प हार गमछा के साथ सम्मान किया गया। सभा कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि राम बालक दास द्वारा भारत माता के चित्र छाया पर पूजा अर्चना कर दीप प्रज्जलित किया गया।मुख्य वक्ता राकेश साहू सह प्रांत महाविद्यालीन छात्रा प्रमुख छत्तीसगढ़ ने संघ स्वयंसेवको के द्वारा किया जा रहा विभिन्न सेवा की जानकारी व देश में कोरोना कल विपत्ति के समय सेवा राहत कार्य का जिक्र किया।

वहीं मुख्य अतिथि संत श्री राम बालक दास महात्यागी महाराज द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि गौ माता को सड़क में नहीं मरनी चाहिए गाय घरों में होना चाहिए गौशाला में होना चाहिए अगर घर में नहीं है गौशाला में नहीं है तो गोठान में होना चाहिए पर सड़कों पर गाय नहीं मरनी चाहिए ।

कचना धुरवा कॉलेज में सामूहिक राष्ट्रगान का आयोजन

वंदे मातरम् गीत ही नहीं वरन् मातृभूमि की वंदना है: बलराज पटेल

छुरा /नवप्रदेश राष्ट्रगान, वंदे मातरम् की 150 वीं वर्षगांठ पर,नगर के निजी कचना धुरुवा महाविद्यालय में सामूहिक वंदे मातरम् गान का आयोजन किया गया।महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम , रासेयो के पूर्व स्वयं सेवक रहे युवा समाज सेवी शीतल ध्रुव, एवं जनप्रतिनिधि पार्षद बलराज पटेल की आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मां शारदे व भारत माता की छाया चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर,सामूहिक वंदे मातरम् गायन के साथ हुआ। जिससे पूरा सभा हाल देशभक्ति की भावना से गूंज उठा। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. दिनेश साहू ने वंदे मातरम् की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, उसकी रचना एवं राष्ट्रीय महत्व पर अपनी बातें रखी। कहा कि यह गीत भारत माता के प्रति श्रद्धा, समर्पण और बलिदान का प्रतीक है, जिसने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान देशवासियों में नई चेतना का संचार किया। वही समाज सेवी शीतल ध्रुव ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता व राष्ट्रगीत के प्रति सम्मान और अनुशासन का महत्व बताते हुए कहा कि युवाओं की सकारात्मक सोच, अनुशासित जीवन और कर्मठता ही देश के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत आधारशिला है। उन्होंने सभी से अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया।

त्रिमूर्ति कॉलोनी में आचार्य पं. पंकज तिवारी की श्री शिव महापुराण कथा जारी

महासमुंद/नवप्रदेश। त्रिमूर्ति कॉलोनी में आयोजित श्री शिव महापुराण कथा के दौरान आचार्य पं. पंकज तिवारी ने द्वादश ज्योतिर्लिंगों की दिव्य कथाओं का भावपूर्ण रसपान कराते हुए कहा कि भगवान श्री शिव ऐसे देव हैं जो सांसारिक सुख प्रदान करते हुए अंततः मोक्ष का मार्ग प्रशस्त करते हैं। उन्होंने कहा कि जो प्राणी भगवान श्री शिव के द्वादश नामों का नित्य प्रातः-सायं जाप करता है, उसके सात जन्मों के पाप नष्ट हो जाते हैं। कथा के दौरान आचार्य श्री तिवारी ने सोमनाथ, मल्लिकार्जुन, महाकाल, ओंकारेश्वर, वैद्यनाथ, भीमाशंकर, रामेश्वरम, नागेश्वर, काशी विश्वनाथ, त्र्यंबकेश्वर, केदारनाथ और घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंगों के प्राकट्य की कथाओं का विस्तार से वर्णन किया।

उन्होंने सोमनाथ ज्योतिर्लिंग की कथा बताते हुए कहा कि जब राजा दक्ष के श्राप से चंद्रमा क्षय रोग से ग्रस्त हो गए, तब उन्होंने सौराष्ट्र में भगवान शिव की कठोर तपस्या की। तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने न केवल चंद्रमा को रोगमुक्त किया, बल्कि उनके निवेदन पर सोमनाथ के रूप में वहीं विराजमान हो गए। उन्होंने बताया कि सोमकुंड में स्नान एवं सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के दर्शन मात्र से सभी प्रकार के रोगों से मुक्ति मिलती है।

त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यहां ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों देवताओं का वास है और इसके दर्शन मात्र से ब्रह्महत्या व गौहत्या जैसे महापाप भी नष्ट हो जाते हैं। उन्होंने गौतम ऋषि की कथा सुनाते हुए बताया कि एक करोड़ पार्थिव शिवलिंगों के पूजन के पश्चात भगवान शिव स्वयं प्रकट हुए और जनकल्याण हेतु वहीं विराजमान हो गए।

इसके पूर्व गोपेश्वर महादेव प्रसंग के माध्यम से आचार्य श्री तिवारी ने भगवान श्री कृष्ण के रास और महारास की कथा सुनाते हुए कहा कि प्रेम का वास्तविक अर्थ त्याग है। आज लोग स्वार्थवश प्रेम करते हैं, जबकि माता-पिता और गुरु का प्रेम निःस्वार्थ होता है। उन्होंने कहा कि महारास के दौरान गोपियों में अहंकार आने पर भगवान श्री कृष्ण उनसे दूर चले गए और विरह वेदना में गोपियों ने गोपी गीत के माध्यम से उन्हें प्रसन्न किया। उन्होंने कहा कि भागवत में गोपी गीत को हृदय माना गया है, जैसे रामायण में सुंदरकांड को। भगवान भक्तों से दूर रहकर उनके हृदय में वास करना चाहते हैं। जब एक बार भगवान हृदय में विराजमान हो जाते हैं, तो फिर वहां से कभी नहीं जाते, इसके लिए आवश्यक है कि मनुष्य अपने हृदय को सांसारिक मोह-माया से मुक्त रखें।

महोत्सव | तीन दिवसीय सिरपुर महोत्सव एक फरवरी से

कलेक्टर ने प्रशासनिक टीम के साथ किया आयोजन स्थल का निरीक्षण

महासमुंद/नवप्रदेश। माघ पूर्णिमा पर सिरपुर में 1 से 3 फरवरी तक तीन दिवसीय सिरपुर महोत्सव आयोजित है। महोत्सव की तैयारियों को अंतिम रूप देने के उद्देश्य से कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के नेतृत्व में जिला प्रशासन की टीम ने सिरपुर पहुंचकर आयोजन स्थल एवं आसपास के क्षेत्रों का विस्तृत निरीक्षण किया।

कलेक्टर श्री लंगेह ने महोत्सव को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और जनसुविधाओं से युक्त बनाने अधिकारियों निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार एवं सिरपुर विकास प्राधिकरण के सीईओ धम्मशील गणवीर सहित प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने बताया कि इस वर्ष सिरपुर के वैभव और ऐतिहासिक महत्व को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से ऑनलाइन पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रविष्टियाँ आमंत्रित की जाएंगी। निरीक्षण के दौरान महोत्सव स्थल, मुख्य मंच एवं डोम में साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय, पार्किंग, विद्युत व्यवस्था एवं स्वास्थ्य सुविधाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए। उन्होंने मुख्य मंच तक पहुँचने वाले मार्गों को पर्याप्त चौड़ा रखने

तथा दर्शकों की सुविधा के अनुरूप डोम निर्माण सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। कलेक्टर श्री लंगेह ने कहा कि महोत्सव परिसर में विभागीय स्टॉल, स्व-सहायता समूहों के उत्पाद, वन उत्पाद, पर्यटन एवं संस्कृति से जुड़े स्टॉल लगाए जाएंगे। स्टॉल आबंटन में स्थानीय व्यवसायियों, सरस मेला, स्व-सहायता समूहों एवं कारीगरों को प्राथमिकता दी जाएगी, जिससे स्थानीय आजीविका को प्रोत्साहन मिल सके।

बॉलीवुड कलाकारों के साथ स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुतियों से बिखरेगी मनमोहक छटा

महोत्सव के दौरान बॉलीवुड कलाकारों के साथ स्थानीय एवं छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की मनमोहक छटा देखने को मिलेगी। साथ ही, प्रतिदिन महानदी आरती का आयोजन भी किया जाएगा, जो श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों के लिए विशेष आकर्षण रहेगा। कलेक्टर ने मुख्य मंच को सांस्कृतिक थीम आधारित आकर्षक साज-सज्जा देने के निर्देश दिए गए हैं। महोत्सव परिसर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, एम्बुलेंस एवं फायर ब्रिगेड की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। कलेक्टर ने कार्यक्रम स्थल के विस्तृत ले-आउट के अनुसार शीघ्र तैयारियाँ पूर्ण करने और विभिन्न जनसुविधाओं हेतु नियंत्रण कक्ष स्थापित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम महासमुंद श्रीमती अक्षा गुप्ता, सरपंच श्रीमती पुष्पा के माली, तहसीलदार, जनपद सीईओ सहित लोक निर्माण, पीएचई, आरईएस, शिक्षा, श्रम, जल संसाधन, कृषि, महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

लोटस पब्लिक स्कूल में 10वां वार्षिकोत्सव 'सरगम' सम्पन्न

भटगांव/नवप्रदेश। नगर भटगांव के लोटस पब्लिक स्कूल में 10वां वार्षिकोत्सव सरगम बड़े ही हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। वहीं उक्त वार्षिकोत्सव सरगम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री के नीज सचिव तुलसी कौशिक, भाजपा जिलाध्यक्ष ज्योति पटेल, जिला महामंत्री द्वारिका साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष विक्रम कुर्रे, प्रितम भारद्वाज, लक्ष्मीकांत सोनी रहे। जहां कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा सर्वप्रथम मां सरस्वती व भारत माता के तैल चित्र में पूजा अर्चना कर छात्र छात्राओं ने मानवीय संवेदनाओं से ओत पोत स्वागत गीत ने समारोह को गरिमामय वातावरण प्रदान किया। इस अवसर पर छात्र छात्राओं की मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने मंच पर इंद्रधनुषी रंगों की छटा बिखेरकर वहां उपस्थित अतिथियों और पालकों का मन मोह लिया। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री के निज सचिव तुलसी कौशिक ने कहा कि शिक्षा के महत्व, अनुशासन और संस्कारों पर प्रकाश डाला, और कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि जीवन मूल्यों, संस्कारों और व्यक्तित्व विकास का आधार भी है। जहां कार्यक्रम को भाजपा जिलाध्यक्ष ज्योति पटेल ने भी सम्बोधित करते हुए कहा कि विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों, अनुशासनात्मक व्यवस्था और आगामी शैक्षणिक योजनाओं की जानकारी दी ।

आधुनिक कृषि तकनीक से युवा किसान गोविन्द कर रहे सब्जी उत्पादन

आधुनिक खेती से बदली तस्वीर

खेती में भविष्य तलाश रहे युवाओं के लिए बने प्रेरणा

रायपुर/नवप्रदेश। जहां चाह वहां राह इस उक्ति को चरितार्थ कर दिखाया है, आदिवासी बहुल कोण्डागांव विकासखण्ड के ग्राम ठोटीमडानार के रहने वाले युवा किसान गोविन्द कोर्राम ने पारंपरिक खेती से आगे बढ़कर आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाते हुए अपने परिवार की आर्थिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार किया है। गोविन्द अपने पिता 55 वर्षीय किसान श्री शोभी राम कोर्राम के साथ मिलकर खेती करते हैं और आज वे गांव के अन्य किसानों के लिए एक मिसाल बन चुके हैं।

गोविन्द परिवार में दूसरे नंबर के बेटे हैं। उनकी एक बड़ी बहन की शादी हो चुकी है, जबकि एक छोटा भाई वर्तमान में आईटीआई से कंप्यूटर का प्रशिक्षण ले रहा है। बहन की शादी के बाद परिवार की जिम्मेदारी गोविन्द पर भी आ गई, जिसके चलते वे अपनी पढ़ाई बीए सेकंड ईयर तक ही पूरी कर सके। कम उम्र में ही परिवार और खेती की जिम्मेदारी संभालते हुए गोविन्द ने खेती को ही अपना भविष्य बनाने का निर्णय लिया।

गोविन्द बताते हैं कि उनके पिता पूर्वजों की परंपरा के

अनुसार लंबे समय से पारंपरिक तरीके से खेती करते आ रहे थे। पारंपरिक खेती में मेहनत और लागत अधिक लगती थी, जबकि उत्पादन कम होता था। इससे परिवार का गुजारा बड़ी मुश्किल से हो पाता था। समय के साथ घर की जरूरतें बढ़ती जा रही थीं।

अधिक पैदावार और बेहतर मुनाफे के लिए आधुनिक खेती को अपनाने का निर्णय लिया

उन्होंने अधिक पैदावार और बेहतर मुनाफे के लिए आधुनिक खेती को अपनाने का निर्णय लिया। गोविन्द बताते हैं कि उनके पिता केवल पांचवीं तक शिक्षित हैं, लेकिन खेती-किसानी से जुड़े निर्णयों में पिता और बेटे की सोच हमेशा एक जैसी रही। दोनों ने मिलकर यह तय किया कि यदि सही तकनीक और सरकारी योजनाओं का लाभ लिया जाए, तो खेती से भी अच्छी आमदनी संभव है। श्री शोभी राम के नाम पर कुल 3.5 एकड़ कृषि भूमि है। योजना का लाभ लेने से पहले इसी भूमि पर पारंपरिक तरीके से सब्जी की खेती की जाती थी। उत्पादन कम होने और लागत अधिक होने के कारण शुद्ध वार्षिक आय लगभग 1 लाख 50 हजार रुपये तक ही सीमित थी। इससे परिवार की आवश्यकताओं को पूरा करना चुनौतीपूर्ण हो गया था। करीब दो वर्ष पूर्व गोविन्द को राष्ट्रीय बागवानी मिशन के अंतर्गत संचालित नवीन तकनीक योजना की जानकारी मिली।

ड्रिप सिंचाई और मल्चिंग तकनीक अपनाने से खेती में कई सकारात्मक बदलाव आए

ड्रीप सिंचाई और मल्चिंग तकनीक अपनाने से खेती में कई सकारात्मक बदलाव आए। पानी की बचत हुई, उर्वरकों का सही उपयोग संभव हुआ और फसलों की गुणवत्ता में भी सुधार आया। इसका सीधा असर उत्पादन पर पड़ा और पैदावार में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई।

वर्तमान में परिवार अपनी लगभग 3 एकड़ भूमि में ड्रिप सिंचाई पद्धति से मिर्च, बैंगन, करेला एवं अदरक की बड़े पैमाने पर खेती कर रहा है। विशेष रूप से पूर्व में जहाँ मिर्च की खेती में प्रति एकड़ लगभग 100 क्विंटल उत्पादन प्राप्त हो रहा था वहीं योजना का लाभ लेने के बाद अब कुल 210 क्विंटल मिर्च का उत्पादन हो रहा है, जिससे उनकी वार्षिक आय बढ़कर लगभग 3 लाख 65 हजार रुपये तक पहुंच गई है।आय में हुई इस बढ़ोतरी से परिवार की आर्थिक स्थिति में बड़ा बदलाव आया है।

कई जिलों में शीतलहर और कोहरे का अलर्ट, राजधानी में कड़ाके की ठंड

छत्तीसगढ़ में इन दिनों कड़ाके की ठंड

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में एक बार फिर से कड़ाके की ठंड का दौर शुरू हो गया है। राज्य में दो दिनों तक हल्की राहत मिलने के बाद एक बार फि र से ठंड ने अपने तेवर दिखाए हैं। राज्य के उत्तरी हिस्से में ठंड का असर सबसे ज्यादा है। अंबिकापुर जिले में रात तापमान 3.9 डिग्री पहुंच गया है। वहीं मैदानी इलाकों में राजधानी रायपुर में सबसे ज्यादा ठंडी है। रायपुर के माना इलाके में रात का तापमान 7.8 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया है। दुर्ग में 9.2 डिग्री, पेंड्रा में 9.4 डिग्री, बिलासपुर में 9.6 डिग्री तापमान रिकॉर्ड किया गया। शीतलहर के असर के कारण राज्य में ठंड का असर और बढ़ गया है। मौसम विभाग के अनुसार, वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के कारण छत्तीसगढ़ में ठंड बढ़ी है।

कैसा रहेगा आज का मौसम

मौसम विभाग के अनुसार, रविवार को प्रदेश के कई जिलों में कड़ाके की ठंड का असर देखने को मिल सकता है। मौमम विभाग के अनुसार, रविवार को भी प्रदेश के कुछ इलाकों में धुंध छाई रह सकती है। इसके साथ ही प्रदेश के कई हिस्सों में शीतलहर चलने की संभावना है। वहीं, राजधानी रायपुर की बात करें तो राजधानी में कड़ाके की ठंड का दौर जारी रहेगा।

मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

मौसम विभाग ने छत्तीसगढ़ के 14 जिलों में शीतलहर चलने की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले दो दिनों तक प्रदेश में मौसम के शुष्क बने रहने की संभावना है उसके बाद ठंड से लोगों को राहत मिल सकती है। ठंड का असर धीरे-धीरे कम होगा और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। पिछले 24 घंटे की बात करें तो प्रदेश में सबसे अधिक अधिकतम तापमान 29.9 डिग्री सेल्सियस जगदलपुर में रिकॉर्ड किया गया, जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 3.9 डिग्री सेल्सियस अंबिकापुर में दर्ज किया गया।

सरकारी नौकरी का मोह त्याग स्वरोजगार से संवारी किस्मत

पीएम रोजगार सृजन योजना से आत्मनिर्भर बने आकाश डिक्सेना

सरकारी नौकरी का मोह त्याग स्वरोजगार से संवारी किस्मत

रायपुर/नवप्रदेश। कोरबा जिले के पाली विकासखंड अंतर्गत ग्राम मुंगाडीह में रहने वाले किसान परिवार के बेटे आकाश कुमार डिक्सेना ने कठिन परिस्थितियों के बावजूद हार नहीं मानी। पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने कई वर्षों तक सरकारी नौकरी के लिए तैयारी की, लेकिन सफलता नहीं मिली। निराश होने के बजाय आकाश ने स्वरोजगार को अपना रास्ता बनाया और आज वे पूरी तरह आत्मनिर्भर बन चुके हैं।

आकाश ने स्कूल शिक्षा के बाद कॉलेज से एमए (इंग्लिश एवं संस्कृत) और बी.एड. की पढ़ाई पूरी की। पढ़ाई के बाद उन्होंने कुछ समय तक एक निजी कॉलेज में सहायक प्राध्यापक के

रूप में कार्य किया, लेकिन कम वेतन के कारण वे संतुष्ट नहीं थे। इसी दौरान उन्हें अखबार के माध्यम से प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना की जानकारी मिली। योजना के बारे में जानकर उन्होंने स्वरोजगार के माध्यम से अपने पैरों पर खड़े होने का निर्णय लिया।

प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के अंतर्गत आकाश कुमार डिक्सेना ने बेकरी उद्योग स्थापित करने के लिए लगभग 11 लाख रुपये का प्रोजेक्ट तैयार किया। इस प्रोजेक्ट के तहत उन्हें बैंक से 9 लाख 90 हजार रुपये का वित्त पोषण प्राप्त हुआ। लोन मिलने के बाद उन्होंने अपने गांव में बेकरी उद्योग की शुरुआत की।

आज आकाश अपनी बेकरी में ब्रेड, क्रीम रोल, बिस्किट सहित अन्य बेकरी उत्पाद तैयार कर गांव में ही बिक्री करते हैं। उनके उत्पादों को ग्रामीणों का अच्छा समर्थन मिल रहा है, जिससे उन्हें नियमित और स्थायी आमदनी हो रही है। इस बेकरी उद्योग के माध्यम से गांव के कुछ बेरोजगारों को भी रोजगार मिला है। उनके पिता और माता भी इस कार्य में निरंतर सहयोग कर रहे हैं।आकाश कुमार डिक्सेना बताते हैं कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना ने उनके जीवन की दिशा बदल दी। वे प्रतिमाह लगभग 15,300 रुपये की किस्त नियमित रूप से जमा कर रहे हैं। आज वे गर्व के साथ कहते हैं कि इस योजना की बदौलत वे आत्मनिर्भर बने हैं और स्वरोजगार के जरिए अपने पैरों पर खड़े होकर सम्मानजनक जीवन यापन कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना से सरस्वती यादव की गर्भावस्था को मिला सुरक्षित आधार

रायपुर/नवप्रदेश। गर्भावस्था का समय हर महिला के लिए बहुत नाजुक होता है। इस दौरान सही खाना, समय पर जांच और दवाइयों की जरूरत होती है। लेकिन सीमित आमदनी वाले परिवारों के लिए यह सब कर पाना आसान नहीं होता। ऐसे में प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना सरस्वती यादव के लिए बड़ी राहत बनकर आई। कबीरधाम जिले की रहने वाली सरस्वती यादव बताती हैं कि गर्भावस्था के दौरान घर खर्च के साथ इलाज और पोषण का ध्यान रखना मुश्किल हो रहा था। फल, दूध और दवाइयों के लिए बार-बार सोचना पड़ता था। उन्हें चिंता रहती थी कि कहीं पोषण की कमी से बच्चे पर असर न पड़े। इसी दौरान गांव की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने उन्हें प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना के बारे में बताया। उन्होंने जरूरी कागजात के साथ आंगनबाड़ी केंद्र में आवेदन

किया। कुछ समय बाद योजना की राशि सीधे उनके बैंक खाते में आने लगी। सरस्वती यादव को पहले बच्चे के लिए कुल 5 हजार रुपए की मदद मिली। यह राशि तीन किस्तों में मिली। पहली किस्त 1 हजार रुपए, दूसरी और तीसरी किस्त 2-2 हजार रुपए। श्रीमती सरस्वती कहती हैं कि यह पैसे हमारे लिए बहुत मददगार रही है। इससे अच्छा खाना, फल-दूध और दवाइयां ले पाई। जांच भी समय पर हो सकी। उन्होंने बताया कि पहले गर्भावस्था को लेकर डर बना रहता था, लेकिन योजना से मिली मदद से काफी राहत मिली। परिवार पर भी आर्थिक बोझ कम हुआ।प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना मातृत्व को सम्मान और सुरक्षा देने की एक महत्वपूर्ण पहल है। यह योजना गर्भावस्था के दौरान ग्रामीण और कमजोर वर्ग की महिलाओं को आर्थिक सहारा देकर उनके स्वास्थ्य और पोषण को मजबूत करती है। कबीरधाम जिले में सरस्वती यादव जैसी कई महिलाओं के लिए यह योजना राहत और भरोसे का माध्यम बनी है, जहां छोटी-सी मदद भी सुरक्षित और स्वस्थ मातृत्व की बड़ी ताकत बन रही है।

पीएम सूर्य घर योजना के क्रियान्वयन में कोंडागांव जिले की उल्लेखनीय उपलब्धि

500 रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापना का लक्ष्य सफलतापूर्वक पूर्ण

रायपुर/नवप्रदेश। कोंडागांव जिला नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक नया मिसाल कायम कर रहा है। प्रधानमंत्री सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी और सुव्यवस्थित क्रियान्वयन से जिले में 500 घरों में रूफटॉप सोलर संयंत्रों की स्थापना का लक्ष्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। इस योजना के तहत लक्ष्य प्राप्ति में कोंडागांव जिला पूरे राज्य में अग्रणी है।

यह भी उल्लेखनीय है कि अब तक 426 सौर संयंत्रों का विद्युत ग्रिड से सफलतापूर्वक सिंक्रोनाइजेशन किया जा चुका है, जबकि शेष संयंत्रों को ग्रिड से जोड़ने का कार्य निरंतर प्रगति पर है। इसके

परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में उपभोक्ता प्रत्यक्ष रूप से सौर ऊर्जा का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। यह उपलब्धि कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के सशक्त मार्गदर्शन, सतत निगरानी एवं प्रशासनिक प्रयासों का परिणाम है।

उनके निर्देशानुसार नियमित समीक्षा और विभागीय समन्वय को सुदृढ़ किया गया तथा जनजागरूकता शिविरों के माध्यम से आम नागरिकों को योजना से जोड़ने के विशेष प्रयास किए गए, जिससे योजना से अधिक से अधिक हितग्राही जुड़े।

जिला प्रशासन द्वारा यह भी सुनिश्चित किया गया कि अधिक से अधिक पात्र नागरिकों तक योजना का लाभ पहुँचे तथा सब्सिडी, तकनीकी सहायता एवं प्रक्रियाओं को सरल, पारदर्शी एवं सुगम बनाया जाए। इस अभियान में विद्युत विभाग की तकनीकी दक्षता एवं नागरिकों की सक्रिय सहभागिता से कोंडागांव हरित ऊर्जा की दिशा में अग्रसर एक आदर्श जिला के रूप में स्थापित हुआ है। सौर ऊर्जा के उपयोग से जहाँ उपभोक्ताओं के विद्युत व्यय में उल्लेखनीय कमी आई है, वहीं पर्यावरण संरक्षण और कार्बन उत्सर्जन में कमी जैसे सकारात्मक परिणाम भी सामने आए हैं।जिला प्रशासन द्वारा इस उपलब्धि को और विस्तार देते हुए कोंडागांव को छत्तीसगढ़ का अग्रणी सोलर जिला बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास जारी रखे जाएंगे।

किसान तुंहर टोकन ऐप से बदली धान विक्रय की तस्वीर

करजी के किसानों को मिली सहज और पारदर्शी सुविधा

डिजिटल तकनीक से किसानों को धान बिक्री में सुविधा मिली

रायपुर/नवप्रदेश। जिले में धान उपार्जन केन्द्रों की पारदर्शी एवं डिजिटल व्यवस्था से किसानों को धान विक्रय में सुविधा मिल रही है। ग्राम पंचायत करजी के किसान देवेश्वर प्रसाद कुशवाहा ने धान खरीदी व्यवस्था की सराहना करते हुए बताया कि शासन द्वारा लागू किसान तुंहर टोकन ऐप ने धान बेचने की प्रक्रिया को सरल, सुगम और समय बचाने वाला बना दिया है।

किसान देवेश्वर प्रसाद ने बताया कि उनके पास 72 क्विंटल धान का

रकबा है। उन्होंने कहा कि अब घर बैठे मोबाइल के माध्यम से टोकन काटने की सुविधा मिल रही है। ऑनलाइन टोकन प्रणाली से समिति में बार-बार आने की आवश्यकता नहीं पड़ती, जिससे समय और श्रम दोनों की बचत हो रही है। डिजिटल तकनीक के माध्यम से टोकन कटते ही किसान निश्चित तिथि पर उपार्जन केन्द्र पहुंच रहा है।उन्होंने बताया कि करजी धान उपार्जन केन्द्र पहुंचते ही गेट पास जारी किया गया, नमी परीक्षण किया गया तथा तत्काल बारदाना उपलब्ध कराया गया। पूरी प्रक्रिया सुव्यवस्थित होने के कारण धान विक्रय में किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हुई। उपार्जन केन्द्र में किसानों के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं तथा समिति के कर्मचारी सहयोगात्मक भूमिका निभा रहे हैं। किसान देवेश्वर प्रसाद कुशवाहा ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में किसानों को धान का सर्वाधिक समर्थन मूल्य 3100 रुपये प्रति क्विंटल मिल रहा है, साथ ही प्रति एकड़ 21 क्विंटल तक खरीदी की जा रही है। इससे किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि धान विक्रय से प्राप्त राशि का उपयोग वे गेहूं, तिलहन एवं सब्जी की खेती में कर रहे हैं, जिससे उनकी आमदनी में निरंतर वृद्धि हो रही है।

किसान ने धान खरीदी की पारदर्शी व्यवस्था की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि किसान हितैषी नीतियों के कारण अब प्रदेश का किसान आत्मनिर्भर और सशक्त बन रहा है।

|| ॐ शांति ||
भावपूर्ण श्रद्धांजलि

पूज्यश्री भरतराज जी वागद्रे
अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे
पूज्यश्री भरतराज जी वागद्रे का देहावसान हो गया है।
प्रभु उनकी दिव्य आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें।
उनकी आत्मा की शांति हेतु निम्नलिखित कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं।
आप सभी से अनुरोध है कि दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु पधारें।
|| कार्यक्रम ||
दशक्रिया: दिनांक: 19 जनवरी 2026
दिन - सोमवार , समय - सुबह 9 बजे
स्थान: शिवनाथ नदी, दुर्ग (छत्तीसगढ़)
तेरहवीं / श्रद्धांजलि सभा:
दिनांक: 22 जनवरी 2026
दिन - गुरुवार , समय: दोपहर 11:00 बजे
स्थान: खंडेलवाल जैन भवन, Smc20, वैशाली नगर, भिलाई, छत्तीसगढ़ 490026
:: शोकाकुल ::
धर्मपत्नी: ग.भ. रेखा वागद्रे
पुत्र: शक्ति वागद्रे, गौरव वागद्रे एवं समस्त वागद्रे परिवार

न्यूज गैलरी

वैश्विक निवेश आकर्षित करने दावोस जाएगा केरल का उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल

तिरुवनंतपुरम। केरल 19 से 23 जनवरी तक स्विट्जरलैंड के दावोस में होने वाली वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक में वैश्विक निवेश मंच पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराएगा। राज्य सरकार हालिया नीतिगत सुधारों और निवेश माहौल में आई तेजी को ठोस वैश्विक साझेदारियों में बदलने के उद्देश्य से एक उच्चस्तरीय आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल भेज रही है। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व राज्य के उद्योग मंत्री पी. राजीव करेंगे। छह सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल में मुख्य सचिव ए. जयतिलक, अतिरिक्त मुख्य सचिव (उद्योग एवं वाणिज्य) ए.पी.एम. मोहम्मद हनीश, प्रमुख विभागों के वरिष्ठ अधिकारी तथा केरल स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (केएसआईडीसी) के प्रबंध निदेशक पी. विष्णुराज शामिल हैं।यह टीम वैश्विक निवेशकों, उद्योग जगत के नेताओं और नीति निर्माताओं के साथ संवाद करेगी और केरल को जिम्मेदार निवेश और जिम्मेदार उद्योग के लिए एक पसंदीदा गंतव्य के रूप में प्रस्तुत करेगी।दावोस में भारत पवेलियन के भीतर केरल को विशेष रूप से आवंटित स्थान दिया गया है, जहां राज्य अपनी औद्योगिक नीति में आए बदलाव, उच्च तकनीक से जुड़ी महत्वाकांक्षाओं और ईएसजी (पर्यावरण, सामाजिक और शासन) आधारित विकास मॉडल को प्रदर्शित करेगा।यह पहल डब्ल्यूईएफ 2026 की थीम ए स्पिरिट ऑफ डायलॉग के अनुरूप है।

ट्रक पुल से नीचे गिरा, 6 बच्चों समेत 14 की दर्दनाक मौत

लाहौर/सरगोधा। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में शनिवार की सुबह घने कोहरे ने एक हंसते-खेलते परिवार को मातम में बदल दिया। यहां सरगोधा जिले के पास हुए एक भीषण सड़क हादसे में कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में 6 मासूम बच्चे और 5 महिलाएं शामिल हैं। यह हादसा लाहौर से करीब 200 किलोमीटर दूर कोट मोमिन इलाके में हुआ, जहां एक ट्रक अनियंत्रित होकर पुल से नीचे सूखी नहर में जा गिरा। पंजाब इमरजेंसी सर्विसेज (रेस्क्यू 1122) के प्रवक्ता के अनुसार, यह हादसा बेहद हृदयविदारक है क्योंकि ट्रक में सवार लोग एक ही परिवार के सदस्य थे। ट्रक में कुल 23 यात्री सवार थे, जो इस्लामाबाद से फैसलाबाद जा रहे थे। वे वहां अपने किसी रिश्तेदार के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए निकले थे, लेकिन उन्हें क्या पता था कि वे खुद अपनी मंजिल तक कभी नहीं पहुंच पाएंगे। हादसे में 9 लोग गंभीर रूप से घायल भी हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए कोट मोमिन के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे की मुख्य वजह घना कोहरा और 'जीरो विजिबिलिटी' बताई जा रही है। अधिकारियों ने जानकारी दी कि घने कोहरे के कारण मुख्य मोटरवे को यातायात के लिए बंद कर दिया गया था। मजबूरी में ट्रक ड्राइवर ने स्थानीय रास्ते (लोकल रूट) का सहारा लिया।

ध्वज वंदन के साथ शताब्दी समारोह का भव्य शुभारंभ

माताजी का जीवन त्याग, तप और साधना की अनुपम गाथा: श्री पुष्कर सिंह धामी

हरिद्वार। राजा दक्ष की नगरी कनखल के वैरागी द्वीप की भूमि पर जब शताब्दी ध्वज लहराया, तो मानो एक युग ने अपने गौरवशाली अतीत को नमन करते हुए नवसंकल्प लिया। अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज के तत्वावधान में आयोजित गायत्री परिवार की संस्थापिका वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा जी व अखण्ड दीपक के शताब्दी समारोह का शुभारंभ ध्वज वंदन के साथ श्रद्धामय वातावरण में हुआ। यह आयोजन 23 जनवरी तक चलेगा।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि यह शताब्दी समारोह माताजी के तपस्वी

जीवन, निःस्वार्थ सेवा और अखंड साधना के प्रति राष्ट्र की कृतज्ञता का साक्षात भावात्मक अभिव्यक्ति है। माताजी का संपूर्ण जीवन त्याग, बलिदान और साधना की वह ज्योति है, जिसने असंख्य जीवनों को सही दिशा और नई दृष्टि दी। उन्होंने कहा कि गायत्री परिवार को किसी एक संगठन की सीमाओं में नहीं बाँधा जा सकता, यह उस युग चेतना का वह प्रवाह है, जो व्यक्ति से समाज और समाज से राष्ट्र के उत्थान की ओर अग्रसर करता है। मुख्यमंत्री ने देवभूमि उत्तराखण्ड की आध्यात्मिक चेतना का स्मरण करते हुए कहा कि गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ और आदि कैलाश जैसे तीर्थस्थल भारत की आत्मा की धड़कन हैं। ऐसे पावन परिवेश में आयोजित यह शताब्दी समारोह भारतीय संस्कृति, संस्कार और साधना परंपरा के नवजागरण का संदेश देता है।

शताब्दी समारोह के दलनायक एवं देव संस्कृति विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पण्ड्या ने कहा कि यह समारोह किसी वैराग्यपूर्ण एकांत तपोभूमि का आयोजन नहीं है, बल्कि यह युगऋषि पूज्य आचार्यश्री का ÷खोया-पाया विभाग÷ है, जहाँ व्यक्ति स्वयं को और अपने दायित्व को पुनः खोजता है। उन्होंने कहा कि यह सौभाग्य किसी के द्वार पर खड़ा होकर प्रतीक्षा नहीं कर रहा, वरन् यह आयोजन स्वयं आपके सौभाग्य का द्वार खोलने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने समाज परिवर्तन का संदेश देते हुए कहा कि ÷गंगा की कसम, यमुना की कसम, यह ताना-बाना बदलेगा। कुछ हम बदलें, कुछ तुम बदलो, तभी यह ज़माना बदलेगा।÷ उन्होंने जनसमूह से आत्मपरिवर्तन को ही सामाजिक परिवर्तन की प्रथम शर्त बताते हुए कहा कि जब व्यक्ति स्वयं बदलने का साहस करता है, तभी राष्ट्र और समाज के नवनिर्माण की नींव सशक्त होती है। शताब्दी समारोह का उद्देश्य भी इसी चेतना को जाग्रत करना है, ताकि विचार, आचरण और कर्म के स्तर पर सकारात्मक बदलाव संभव हो सके।

इस अवसर पर केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि सेवा, साधना और संस्कार के त्रिवेणी संगम यह शताब्दी समारोह नवयुग का निर्माण में मील का पत्थर साबित होगा। विश्व की महान सभ्यताओं का निर्माण सामूहिक चरित्र निर्माण के माध्यम से ही संभव हुआ है। जब समाज के व्यक्ति नैतिक मूल्यों, अनुशासन और सेवा भाव को अपने जीवन का आधार बनाते हैं, तभी सशक्त संस्कृति और स्थायी सभ्यता का निर्माण होता है।

वर्ल्ड क्लास तकनीक और सुविधाओं के आप भी हो जाएंगे फैन

वंदे भारत स्लीपर : रेल यात्रियों को सफर में नया एहसास

नई दिल्ली । भारतीय रेलवे पिछले 11 साल से यात्रियों की सुविधा को सुगम, सुरक्षित और तेज बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। भारतीय रेलवे ने इस दौरान अपनी यात्रा में कई नए अध्याय जोड़े हैं।

पिछले कुछ सालों में रेलवे ने रेलगाड़ियों की गति, उसके इंफ्रास्ट्रक्चर और साथ ही रेल डिब्बों और इंजन के विकास के साथ कैसे रेलवे की यात्रा यात्रियों के लिए सुखद, सुविधाजनक और समय बचाने वाली हो, इसको लेकर प्रयास किए हैं। रेलवे ने इस विकास यात्रा में कई हाई स्पीड और सेमी हाई स्पीड ट्रेनों को पटरी पर उतारा है, जिनमें हमसफर, वंदे भारत और साथ ही अमृत भारत जैसी ट्रेनें हैं, जो समय के साथ देश के अलग-अलग हिस्सों से या तो शुरू की जा चुकी हैं या इनकी शुरुआत की जा रही है।
अब रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए कई रूटों पर नई स्लीपर वंदे भारत और अमृत भारत ट्रेनों के

परिचालन का फैसला लिया है। अभी तक वंदे भारत ट्रेनें केवल बैठकर यात्रा करने के लिए डिजाइन की गई थीं। लेकिन, अब लंबी दूरी के यात्रियों को ध्यान में रखते हुए और उनकी यात्रा को सुखद और सुविधाजनक बनाने के लिए स्लीपर वंदे भारत और अमृत भारत ट्रेनों के परिचालन का फैसला रेलवे ने लिया है। इस स्लीपर वंदे भारत ट्रेन के परिचालन और इसकी स्पीड की वजह से लंबी दूरी की यात्राओं में यात्रियों का 3 घंटे से ज्यादा का समय बचेगा और साथ ही यात्रियों की यात्रा पहले के मुकाबले ज्यादा आरामदायक और लग्जरी होगी। देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को पीएम नरेंद्र मोदी 17 जनवरी को हरी झंडी दिखाएंगे और 18 जनवरी को हावड़ा से कामख्या के लिए इस ट्रेन की नियमित सेवा शुरू हो जाएगी। इसमें स्लीपर के साथ एसी1, एसी2 और एसी3 कोच भी शामिल होंगे। इस ट्रेन के इंटीरियर को जहां भारतीय संस्कृति से प्रेरित होकर डिजाइन किया गया है, वहीं यात्रियों की सुरक्षा के लिए इसमें 'कवच' ऑटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन सिस्टम, इमरजेंसी टॉक-बैक यूनिट और बेहतर सैनिटेशन के लिए कीटाणुनाशक तकनीक (डिसइंफेक्टेंट टेक्नोलॉजी) का इस्तेमाल किया गया है। यानी यात्रियों की सुरक्षित यात्रा के लिए इस ट्रेन में ड्राइवर के केबिन में भी एडवांस कंट्रोल और सुरक्षा सिस्टम लगे होंगे। ट्रेन का बाहरी लुक भी एरोडायनामिक होगा, यानी यह हवा को चीरता हुआ आगे बढ़ेगा। इसके बाहरी दरवाजे भी ऑटोमेटिक तरीके से खुलेंगे और बंद होंगे। बेहतर सैनिटेशन के लिए कीटाणुनाशक तकनीक (डिसइंफेक्टेंट टेक्नोलॉजी) के इस्तेमाल की वजह से वंदे भारत स्लीपर में साथ बैठे यात्री को सर्दी-जुकाम है तो साथी यात्री को कोई टेंशन लेने की जरूरत नहीं होगी, क्योंकि अब नई तकनीक से वायरस की छुट्टी होगी। रेल मंत्रालय से अब जो जानकारी निकलकर सामने आई है, उसकी मानें तो इसके कोच में यूवीसी तकनीक का इस्तेमाल किया गया है, जिससे हवा में वायरस डिसइंफेक्टेंट हो जाएंगे।

सरकार ने वित्त वर्ष 2024-25 में किसानों के लिए उपलब्ध कराया रिकॉर्ड 834.64 लाख टन उर्वरक

नई दिल्ली। सरकार ने शुक्रवार को बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 में देश में उर्वरकों की जरूरत लगभग 152.50 करोड़ बोरी (722.04 लाख टन) आंकी गई थी, जिसके मुकाबले सरकार ने करीब 176.79 करोड़ बोरी (834.64 लाख टन) उर्वरक उपलब्ध कराए। सरकार ने कहा कि किसानों की खेती से जुड़ी जरूरतों को समय पर पूरा करने के लिए 2024-25 में रिकॉर्ड मात्रा में उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई।रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय ने कहा कि यह अतिरिक्त उपलब्धता किसानों की मदद करने और देशभर में खेती का काम बिना रुकावट चलाने के लिए सरकार की मजबूत प्रतिबद्धता को दिखाती है।सरकार के मुताबिक, यह सफलता रेलवे, बंदरगाह प्राधिकरण, राज्य सरकारों और उर्वरक कंपनियों के आपसी तालमेल से संभव हो पाई।सरकारी बयान में कहा गया कि भारतीय रेलवे ने उर्वरक ढुलाई को प्राथमिकता दी, जिससे उर्वरक तेजी से एक जगह से दूसरी जगह पहुंच सके। वहीं, बंदरगाहों पर आयात किए गए उर्वरकों को जल्दी उतारा गया और आगे भेजने की व्यवस्था की गई।इसके साथ ही सरकार ने भंडारण और वितरण व्यवस्था को मजबूत किया, ताकि उर्वरक सही समय पर किसानों तक पहुंच सकें। सरकार ने उर्वरक कंपनियों के साथ नियमित समीक्षा बैठकें कीं, मांग और आपूर्ति पर लगातार नजर रखी और जहां भी समस्या आई, उसे तुरंत दूर किया। इन पहले से की गई तैयारियों की वजह से देश के किसी भी हिस्से में उर्वरकों की कमी नहीं हुई। सरकार के अनुसार, इसी निरंतर और मिलकर किए गए प्रयासों से पूरे देश में 2024-25 के दौरान रिकॉर्ड उर्वरक उपलब्धता हासिल हुई।इसी बीच, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, मौजूदा सर्दी के मौसम में रबी फसलों की बुवाई का क्षेत्रफल बढ़कर 644.29 लाख हेक्टेयर हो गया है, जो पिछले साल इसी समय 626.64 लाख हेक्टेयर था।इस तरह रबी फसलों की बुवाई में 17.65 लाख हेक्टेयर की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।बुवाई क्षेत्र बढ़ने से फसल उत्पादन बढ़ने की उम्मीद है, जिससे किसानों की आमदनी बढ़ेगी और खाद्य महंगाई को नियंत्रित रखने में मदद मिलेगी।आंकड़ों के अनुसार, दलहनी फसलों का क्षेत्र 3.74 लाख हेक्टेयर बढ़ा है।

खेल, व्यापार, मनोरंजन

श्रीलंका ने जापान को 203 रन से हराया

खेल डेस्क। खेल डेस्क। श्रीलंका के युवा बल्लेबाज वीरन चामुदिथा ने अंडर-19 वर्ल्ड कप में इतिहास रच दिया है। उन्होंने नामीबिया के विंडहुक में खेले गए मुकाबले में जापान के खिलाफ 192 रन की शानदार पारी खेलते हुए टूर्नामेंट में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया।

उनकी इस ऐतिहासिक पारी की बदौलत श्रीलंका ने जापान को 203 रन के बड़े अंतर से मात दी।चामुदिथा ने अपनी पारी में 143 गेंदों का सामना करते हुए 26 चौके और 1 छक्का लगाया। इससे पहले अंडर-19 वर्ल्ड कप में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर का रिकॉर्ड 2018 में हसिथा बोयागोडा के नाम था, जिन्होंने 191 रन बनाए थे। चामुदिथा ने इस रिकॉर्ड को एक रन से पीछे छोड़ते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया।जापान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया, लेकिन श्रीलंकाई बल्लेबाजों

ने इस निर्णय को पूरी तरह गलत साबित कर दिया।

ओपनर वीरन चामुदिथा और दिमांथा महाविथाना ने पहले विकेट के लिए 328 रन की रिकॉर्ड साझेदारी की। यह अंडर-19 वर्ल्ड कप के इतिहास में किसी भी विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है। इससे पहले यह रिकॉर्ड 303 रन का था।328 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी जापान की टीम 50 ओवर में 8 विकेट पर 184 रन ही बना सकी। जापान की ओर से ह्यूगो तानी-केली ने नाबाद 101 रन की शानदार पारी खेली, जो टीम के लिए वर्ल्ड कप इतिहास का पहला शतक रहा। हालांकि अन्य बल्लेबाज उनका साथ नहीं दे सके। चामुदिथा ने बल्लेबाजी के साथ-साथ गेंदबाजी में भी योगदान दिया और 9 ओवर में 17 रन देकर 1 विकेट लिया। इस जीत के साथ श्रीलंका ने टूर्नामेंट में अपनी मजबूत दावेदारी और दबदबा स्पष्ट कर दिया।

ओटीटी पर होगा सुपरहीरो का कब्जा, 2026 में धमाका करने कई सीरीज तैयार

ओटीटी लवर्स के लिए 2026 धमाकेदार साबित होगा। खासतौर पर उनके लिए जिन्हें सुपरहीरो पर बनी फिल्में या वेब सीरीज खूब पसंद आती हैं। मार्वल और डीसी अपने बहुप्रतीक्षित और प्रभावशाली शो के साथ दस्तक देने के लिए पूरी तरह से तैयार है। इनमें वंडर मैन से लेकर डेयरडेविल तक कई नाम शामिल हैं। इन सीरीज को जियोहॉटस्टार और अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम किया जाएगा। यहां देखिए 2026 में आने वाली धमाकेदार सीरीज की पूरी सूची।

साइमन विलियम्स, याह्या अब्दुल-मतीन 2 और बेन किंग्सले अभिनीत वंडर मैन 28 जनवरी को रिलीज हो रही है। इसकी स्ट्रीमिंग जियोहॉटस्टार पर होगी। इस सीरीज के जरिए मार्वल सुपरहीरो की जिंदगी के साथ-साथ कॉमेडी का तड़का भी लगाएगा। डेयरडेविल- बॉर्न अगेन सीजन 2 का इंतजार बेसब्री से किया जा रहा है जो 4 मार्च 2026 को इसी ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने के लिए तैयार है। इस बार सीरीज में जेसिका जोन्स की भी वापसी हो रही है।

अभिनेता निकोलस केज के मुख्य किरदार वाली सीरीज स्पाइडर-नोयर इसी साल 2026 में अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक देगी। यह एक लाइव-एक्शन सीरीज है जिसकी कहानी 1930 के न्यूयॉर्क की पृष्ठभूमि पर आधारित है। निर्माता इस सीरीज का प्रसारण ब्लैक एंड व्हाइट और

कलर दोनों फॉर्मेट में करेंगे। चर्चित वेब सीरीज द बॉयज सीजन का 5वां और आखिरी सीजन 8 अप्रैल को प्राइम वीडियो पर दस्तक देगा। यह सीजन गहन भावनात्मक और एक्शन से भरपूर होने का दावा करता है।मार्वल की सीरीज विजनक्रेस्ट 2026 में रिलीज होने के लिए तैयार है, लेकिन आधिकारिक रिलीज का ऐलान होना बाकी है। यह शो वांडाविजन और अगाथा ऑल अलोंग के बाद कहानी को पूरा करेगा जिसमें पॉल बेटनी के विजन और जेम्स स्पैडर के अल्ट्रॉन की वापसी होगी। रेनाल्डो मार्कस ग्रीन द्वारा निर्देशित द पनिशर स्पेशल जियोहॉटस्टार पर 2026 के मध्य में रिलीज होने की संभावना है। इसमें मुख्य किरदार के तौर पर जेसन आर. मूर और रो रैनसेल नजर आएंगे।

एप्पल पर लटकी 3 लाख करोड़ के जुर्माने की तलवार, सीसीआई ने दी अंतिम चेतावनी

नई दिल्ली। अमेरिकी स्मार्टफोन निर्माता कंपनी एप्पल की मुश्किलें भारत में कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने कंपनी के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए 'फाइनल वॉर्निंग' जारी कर दी है। मामला एंटीट्रस्ट नियमों (प्रतिस्पर्धा विरोधी नीतियों) के उल्लंघन और बाजार में अपने दबदबे के दुरुपयोग से जुड़ा है।

आयोग ने साफ कर दिया है कि अगर एप्पल ने उनके नोटिस का तत्काल जवाब नहीं दिया, तो उस पर ऐतिहासिक जुर्माना लगाया जा सकता है। यह जुर्माना राशि 38 बिलियन डॉलर यानी करीब 3 लाख करोड़ रुपये तक हो सकती है।आखिरी चेतावनी- अब और

मोहलत नहीं सीसीआई ने एप्पल को स्पष्ट शब्दों में कहा है कि जवाब देने के लिए अब और अतिरिक्त समय नहीं दिया जाएगा। यदि कंपनी अगले हफ्ते तक आयोग को अपना स्पष्टीकरण नहीं सौंपती है, तो उस पर ग्लोबल टर्नओवर के आधार पर जुर्माना लगाया जाएगा। यह मामला अक्टूबर 2024 से लंबित है, जब सीसीआई ने जांच पूरी होने के बाद एप्पल से जवाब तलब किया था। एक साल से ज्यादा का समय बीत जाने के बाद भी आईफोन निर्माता कंपनी की ओर से कोई संतोषजनक प्रतिक्रिया न मिलने पर आयोग ने यह सख्त कदम उठाया है। एप्पल और सीसीआई के बीच यह टकराव 2022 से चल रहा है। कई भारतीय स्टार्टअप्स और ऐप डेवलपर्स ने शिकायत दर्ज कराई थी कि एप्पल अपने आईओएस ऐप स्टोर पर एकाधिकार जमा रहा है।

26 जनवरी को आएगी नई डस्टर

नई दिल्ली। भारतीय ऑटोमोबाइल बाजार के लिए साल 2026 की शुरुआत बेहद धमाकेदार रही है। जनवरी के पहले पखवाड़े में ही महिंद्रा एक्सयूवी 7एक्सओ, टाटा पंच फेसलिफ्ट और न्यू जनरेशन किआ सेल्टोस जैसी गाड़ियां सड़कों पर उतर चुकी हैं, लेकिन नए लॉन्च का सिलसिला अभी थमा नहीं है। इस महीने के बचे हुए दिनों में कई और बड़ी गाड़ियां भारतीय बाजार में दस्तक देने वाली हैं, जो कॉम्पैक्ट एसयूवी से लेकर इलेक्ट्रिक सेगमेंट तक में हलचल मचाएंगी। महीने की सबसे चर्चित लॉन्चिंग में से एक रेनो डस्टर की वापसी है। कंपनी 26 जनवरी 2026 को गणतंत्र दिवस के मौके पर अपनी इस आइकॉनिक एसयूवी को नए अवतार में पेश करने जा रही है। सामने आई तस्वीरों

के मुताबिक, इसका डिजाइन इंटरनेशनल मॉडल से काफी अलग और आक्रामक होगा। इसके इंटीरियर में 10.1 इंच का टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम, वायरलेस फोन चार्जर, ऑल-डिजिटल ड्राइवर डिस्प्ले और एम्बिएंट लाइटिंग जैसे आधुनिक फीचर्स मिलने की उम्मीद है, जो इसे सीधे तौर पर क्रेटा और सेल्टोस के मुकाबले में खड़ा करेगी। निसान और मारुति की बड़ी तैयारी डस्टर से ठीक पहले, 21 जनवरी को निसान अपनी नई कॉम्पैक्ट एमपीवी 'ग्रेवाइट' लॉन्च करेगी।

मर्दानी 3 सेंसर बोर्ड से पास, शिवानी शिवाजी रॉय का अब तक का सबसे लंबा मिशन

रानी मुखर्जी एक बार फिर शिवानी शिवाजी रॉय के कड़क अंदाज में बड़े पर्दे पर वापसी करने के लिए तैयार हैं। उनकी बहुप्रतीक्षित फिल्म मर्दानी 3 ने सेंसर बोर्ड की बाधा पार कर ली है और इसे यू/ए 16+ सर्टिफिकेट के साथ हरी झंडी मिल गई है। दिलचस्प बात है कि ये फिल्म न केवल अपने एक्शन और विषय के कारण चर्चा में है, बल्कि ये इस पूरी फ्रेंचाइजी की सबसे लंबी फिल्म भी बन गई है।

सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन ने मर्दानी 3 को देखने के बाद इसे यू/ए 16+ सर्टिफिकेट दिया है।इसका मतलब है कि 16 साल से कम उम्र के बच्चे इस फिल्म को अकेले नहीं देख पाएंगे। अगर वो ये फिल्म देखना चाहते हैं तो उन्हें माता-पिता या किसी बड़े के साथ ही सिनेमाघर जाना होगा। फिल्म में दिखाए जाने वाले डार्क विषय और गंभीर एक्शन को देखते हुए यह रेटिंग दी गई है। मर्दानी सीरीज अपनी तेज रफ्तार और सटीक कहानी के लिए जानी जाती है, लेकिन

इस बार दर्शकों को शिवानी शिवाजी रॉय को पहले से कहीं ज्यादा समय तक बड़े पर्दे पर देखने का मौका मिलेगा। मर्दानी 3 का कुल रनटाइम 2 घंटे, 10 मिनट और 36 सेकंड है, जिससे यह फ्रेंचाइजी की अब तक की सबसे लंबी फिल्म बन गई है। मर्दानी का रनटाइम 1 घंटा 53 मिनट था, जबकि मर्दानी 2 की अवधि सिर्फ 1 घंटा 45 मिनट रही।अगर तुलना की जाए तो मर्दानी 3 पहली फिल्म से लगभग 17 मिनट और दूसरी फिल्म से करीब 25 मिनट ज्यादा लंबी है।

न्यूज गैलरी

न्यूनतम फ्लाइट किराया व सब्सिडी में बदलाव की जरूरत

बिलासपुर/नवप्रदेश। राज्य सरकार द्वारा करोड़ों रुपए की सब्सिडी एलायंस एयर कंपनी को दी जा रही है। इसके बावजूद एलायंस एयर ना तो पर्याप्त उड़ानें संचालित कर रही है और ना ही किराया कम किया है। इसे ध्यान में रखते हुए हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने एमओयू में सुधार करने की मांग की है। एलायंस एयर द्वारा जगदलपुर, बिलासपुर आदि एयरपोर्ट से जो उड़ाने संचालित की जा रही है। यह एक एमओयू के तहत है। जिसके अंदर सब्सिडी देने की ऐसी व्यवस्था है, जिससे एयरलाइन कंपनी को नुकसान नहीं हो। राज्य सरकार के द्वारा करोड़ों रुपए की सब्सिडी देने के बाद भी पर्याप्त उड़ाने बिलासपुर को नहीं मिल पा रही है। समिति के अनुसार जो न्यूनतम किराया तय किया गया है। उसमें बहुत कम संख्या में टिकट उपलब्ध होते हैं। उसके कारण सब्सिडी की मात्रा अचानक बढ़ जाती है। वहीं दूसरी ओर जबलपुर से जगदलपुर जैसे रूट पर छत्तीसगढ़ से पर्याप्त सवारी नहीं मिलते, उसे पर सर्वाधिक सब्सिडी व्यर्थ दी जा रही है। जगदलपुर से जबलपुर के बजाय बिलासपुर और जगदलपुर से दिल्ली की उड़ान व्हाया जबलपुर की जगह व्हाया बिलासपुर चलने से ही अधिक लाभ यात्रियों को हो सकता है। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति का महाधरना आज भी जारी रहा। इसमें अनिल गुलहरे, शिरीष कश्यप, नारद श्रीवास, बद्री यादव, रवि बनर्जी, ऋषि सिंह गौतम, राघवेंद्र सिंह ठाकुर, संतोष पीपलवा, शेख अल्फाज, प्रतीक तिवारी, मजहर खान, चित्रकांत श्रीवास, देवेंद्र सिंह ठाकुर, अमर बजाज, प्रकाश बहरानी, हर प्रसाद कैवर्त, रशीद बख्श, महेश दुबे टाटा, मनोज तिवारी, विजय वर्मा, आशुतोष शर्मा, संदीप बाजपेई, मोहसिन अली और सुदीप श्रीवास्तव शामिल थे।

सर्व हिंदू समाज की रामधुनी प्रभात फेरी 22 जनवरी तक

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। सर्व हिंदू समाज के द्वारा 22 जनवरी को अयोध्या धाम में श्रीराम लला मंदिर प्राणप्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर 22 जनवरी को प्रातः 5:30 बजे महावीर मंदिर प्रांगण डोंगरगढ़ से अलग-अलग मार्गों के लिए रामधुनी प्रभात फेरी नगर भ्रमण के लिए निकलेगी। इस संबंध में 13 जनवरी को तारण पिपलेश्वर महादेव मंदिर थाना चौक में हुई बैठक में निर्णय लिया गया। इसके साथ 22 जनवरी को श्री शिवराम मंदिर जय स्तंभ चौक में भव्य महाआरती व हनुमान चालीसा पाठ तथा प्रसादी वितरण किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए विहिप के नगर अध्यक्ष बालमुकुंद तराने ने सर्व हिंदू समाज के सदस्यों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर प्रभात फेरी व महाआरती में सम्मिलित होने की अपील की है।

जंगलेसर मंडई 19 को

राजनांदगांव/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत जंगलेसर में शीतला प्रांगण मंडई मेला का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 19 जनवरी 2026, सोमवार को स्कूल चौक, शीतला प्रांगण, ग्राम जंगलेसर में संपन्न होगा। मंडई मेला के पावन अवसर पर रात्रि में छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच ÷ रंगछत्तीसा÷ के तत्वावधान में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त गायक पूनम विराट एवं लोकप्रिय गायिका दिव्या तिवारी अपनी सुमधुर प्रस्तुतियों से दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। आयोजकों के अनुसार सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ रात्रि 10:30 बजे से होगा। आयोजन को लेकर ग्राम एवं क्षेत्रवासियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। नव युवा समिति, पंचायत चौक एवं समस्त ग्रामवासी जंगलेसर ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर मंडई मेला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

एनएचएआई ने ब्लैक-स्पॉट्स दुरुस्त किए, 200 करोड़ की परियोजनाएं प्रक्रिया में

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय राजमार्गों पर सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफइंडिया—एनएचएआई) द्वारा चिन्हांकित ब्लैक-स्पॉट्स पर सुधार कार्य किए जा रहे हैं। अंडर-पास और सर्विस रोड निर्माण परियोजनाओं के लिए भी टेंडर की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। इसके लिए अन्य कार्यवाहियां भी प्रगति पर हैं। एनएचएआई द्वारा सड़क सुरक्षा उपायों के तहत विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्ग खंडों पर रंबल स्ट्रिप्स, क्रैश बैरियर्स, सोलर ब्लिंकर, हाई-मास्ट लाइट्स तथा मानक साइन बोर्ड्स लगाए गए हैं। ये कार्य दुर्घटना संभावित स्थलों और व्यस्त मार्गों पर किए गए हैं। यातायात प्रवाह को व्यवस्थित करने और राष्ट्रीय राजमार्ग पार करने वाले स्थानीय आवागमन को सुव्यवस्थित करने के उद्देश्य से अंडर-पास और सर्विस रोड निर्माण की योजना बनाई गई है। राष्ट्रीय राजमार्ग-53 के दुर्ग से महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमा खंड पर सुंदरा, पेंड्री, चिचोला, महाराजपुर और सोमनी गांवों में लगभग 90 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से अंडर-पास एवं सर्विस रोड निर्माण के लिए टेंडर जारी किए गए हैं। इसके साथ ही रसमड़ा में लगभग 30 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से अंडर-पास निर्माण की प्रक्रिया चल रही है। राष्ट्रीय राजमार्ग-30 के रायपुरङ्कसिमगा खंड पर सांकरा और सिलतरा में 80 करोड़ रुपये से अधिक की अनुमानित लागत से अंडर-पास निर्माण तथा चरोदा में लगभग साढ़े छह करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से बायपास क्रॉसिंग निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है।

राज्य में धान खरीदी के लिए बचे केवल 12 दिन ही बचे

गणतंत्र दिवस और उसके दो दिन शनिवार और रविवार के चलते खरीदी तीन दिन तक बंद रहेगी

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिले में चल रहे समर्थन मूल्य धान खरीदी की अब उल्टी गिनती शुरू हो गई है। पिछले एक नवंबर से शुरू हुई धान की खरीदी को अब सिर्फ 12 दिन ही शेष बचे हैं। शनिवार और रविवार को खरीदी नहीं होती है। वहीं गणतंत्र दिवस और उसके दो दिन शनिवार और रविवार के चलते खरीदी तीन दिन तक बंद रहेगी। ऐसे में किसानों को अपनी उपज बेचने गिनती के दिन ही बचे है। जानकारी के अनुसार, पिछले साल 70 लाख 14910 क्विंटल तक जिले के 125611 किसानों से धान की खरीदी की गई थी। इस बार सिर्फ 52 लाख क्विंटल यानि पिछले साल से 18 लाख क्विंटल की कम खरीदी हुई है। इस बार सिर्फ 103607 किसानों ने ही धान बेचा है। आंकड़ों पर गौर करे तो अभी भी बीस हजार से अधिक किसानों ने धान नहीं बेचा है। जिले में इस बार धान बेचने के लिए सवा लाख से अधिक किसानों ने पंजीयन कराया था। उस हिसाब से बड़ी संख्या में किसान धान बेचने से वंचित है। ऐसे में प्रशासन के लिए बाकी किसानों से धान की खरीदी चुनौती से कम नहीं होगी।

खरीदी के बाद उठाव में आएगी तेजी: जानकारी अनुसार धान खरीदी के बाद उठाव में तेजी आएगी। बहरहाल प्रशासन द्वारा राईस मिलरों के जरिए किए जाने वाले रिसाइकलिंग को रोकने कसावट की जा रही है। हालांकि धान खरीदी के बाद तेजी से डीओ जारी किए जाएंगे और उठाव में तेजी आएगी।

357 करोड़ रूपए की लिकिंग में वसूली

जानकारी अनुसार, जिले के किसानों को 443 करोड़ 47 लाख 57 हजार रूपए का कर्ज वितरण खरीफ सीजन के लिए किया गया था। जिसमें अब तक जिले के किसानों से 357 करोड 20 लाख रूपए की वसूली कर ली गई है। अफ्सरों ने बताया कि, धान बेचने के दौरान किसानों से कर्ज की वसूली कर ली जाती है। हालांकि इसके बाद नया कर्ज किसानों को उपलब्ध करा दिया जाता है। इस तरह जिले में पचास फीसदी से अधिक कर्ज की राशि वसूल कर ली गई है।

बिलासपुर रेलवे : क्या रिकॉर्ड तोड़ पटरी बिछाने का लाभ केवल मालगाड़ियों को मिलेगा?

सुविधाओं के मामले में हाशिए पर मालामाल करने वाला जोन, दोपहर की ट्रेनों के लिए तरस रहे यात्री

- **आम यात्री को उसकी पसंदीदा टाइमिंग और सीधी ट्रेन के लिए आखिर और कितना इंतजार करना होगा?**

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेल राजस्व के मामले में देश का खजाना भरने वाला दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का मुख्यालय बिलासपुर, आज अपनी ही उपेक्षा का शिकार है। विडंबना यह है कि जहां एक ओर तीसरी और चौथी लाइन बिछाने के रिकॉर्ड बन रहे हैं, वहीं दूसरी ओर यात्री सुविधाओं और सीधी कनेक्टिविटी के मामले में बिलासपुर के हाथ केवल मायूसी लग रही है। बड़े महानगरों के लिए सीधी ट्रेनें न होना यहाँ के यात्रियों की सबसे बड़ी पीड़ा बन गई है।

दोपहर का डेथ जोन टाइमिंग: पूरा दिन हो रहा बर्बाद: बिलासपुर के यात्रियों की सबसे प्रमुख मांग दोपहर (2 से 4 बजे के बीच) प्रस्थान करने वाली ट्रेनों की है। वर्तमान में दिल्ली, मुंबई और कोलकाता के लिए अधिकतर ट्रेनें या तो अलसुबह हैं या फिर देर रात। यदि किसी यात्री को अगले दिन सुबह दिल्ली या मुंबई में काम पर पहुँचना है, तो दोपहर की कनेक्टिविटी का अभाव है। यात्रियों की मांग है कि ऐसी ट्रेनें शुरू की जाएं जो दोपहर में छूटें और अगले दिन सुबह 8 से 10 बजे के बीच गंतव्य तक पहुंचा दें।

इन रूटों पर कनेक्टिविटी की तत्काल आवश्यकता

दक्षिण और पूर्वोत्तर: बेंगलुरु, चेन्नई, मदुरै, रामेश्वरम और गोवा के लिए सीधी और नियमित ट्रेनों का अभाव।

नॉर्थ-ईस्ट: उत्तर-पूर्व राज्यों के लिए साप्ताहिक ट्रेनों को नियमित करने की दरकार।

गुजरात और बिहार: शाम के समय गुजरात के लिए और भागलपुर (बिहार) के लिए नई ट्रेन की मांग।

सिकंदराबाद एक्सप्रेस: रायपुर-सिकंदराबाद ट्रेन को बिलासपुर तक विस्तार देने की मांग सालों से लंबित है।

प्रमुख मांगें और समस्याएं

मनेंद्रगढ़- चिरमिरी- चिरमिरी-बिलासपुर ट्रेन का रायपुर तक विस्तार हो। रीवा एक्सप्रेस को नियमित करने और दिल्ली के लिए नई ट्रेन की मांग।

रायगढ़- हैदराबाद, चेन्नई और बेंगलुरु के लिए सीधी ट्रेन नहीं। प्रयागराज (अस्थि विसर्जन) के लिए सीधी ट्रेन का अभाव।

अंबिकापुर- अंबिकापुर-रायपुर इंटरसिटी दिन में चले। निजामुद्दीन एक्सप्रेस का परिचालन प्रतिदिन हो और जबलपुर ट्रेन को भोपाल तक बढ़ाया जाए।

कोरबा- स्वीकृत होने के बाद भी कोरबा-बीकानेर 'खाटू श्याम' एक्सप्रेस एसईसीआर की वजह से अटकी। कोरबा-रायगढ़ के बीच सीधी ट्रेन की जरूरत।

राजस्व में अव्वल, पर सुविधाओं में शून्य

बिलासपुर जोन ने अधोसंरचना और माल ढुलाई में कीर्तिमान रचे हैं, लेकिन यात्री सुविधाओं की बात आते ही अधिकारी मौन साध लेते हैं। रायगढ़ और कोरबा जैसे औद्योगिक क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग स्वास्थ्य और शिक्षा के लिए दक्षिण भारत जाते हैं, लेकिन उन्हें रायपुर या झारसुगुड़ा का रुख करना पड़ता है।

अमित भौमिक सुसाइड केस में परिजनों ने पुलिस पर लगाए गंभीर आरोप

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शिक्षक नगर निवासी 21 वर्षीय अमित भौमिक की आत्महत्या के मामले में मृतक के परिजनों ने न्याय की गुहार लगाई है। परिजनों ने कोर्ट से जमानत नहीं मिलने के बाद भी आरोपियों को गिरफ्तार नहीं करने पर सवाल उठाया है। परिजनों का आरोप है कि प्रभावशाली राजनीतिक दबाव के चलते नामजद आरोपियों की अब तक गिरफ्तारी नहीं की गई है। शनिवार को प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए मृतक की बड़ी बहन मुनमुन पोरिया ने पुलिस पर राजनीतिक दबाव में काम करने का संदेह व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि अमित भौमिक को कथित तौर पर लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। परिजनों के अनुसार, आरोपी किंजल ठाकरे निवासी भरकापारा एवं आमीन कुरैशी निवासी लखोली स्कूल चौक द्वारा मानसिक उत्पीड़न किया गया, जिसके चलते अमित ने आत्महत्या जैसा कदम उठाया। परिजनों का दावा है कि आत्महत्या से पूर्व अमित ने एक ऑडियो संदेश भेजा था, जिसमें उसे गला काटकर जान से मारने की धमकी दिए जाने का उल्लेख है।

अब 6-8 फरवरी तक होगा बस्तर पंडुम का संभाग स्तरीय आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। बस्तर पंडुम के संभाग स्तरीय आयोजन की तिथि में आंशिक संशोधन किया गया है। छत्तीसगढ़ शासन के संस्कृति विभाग द्वारा जारी आदेश के तहत अब इसका आयोजन 6-8 फरवरी तक संभागीय मुख्यालय जगदलपुर में होगा, जहां जिला स्तर पर बस्तर पंडुम के अंतर्गत आयोजित 12 विधाओं के विजेता दल एवं कलाकार शामिल होंगे।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की विशेष पहल पर जनजातीय बहुल बस्तर संभाग की लोक-संस्कृति, परंपरा और विरासत को राष्ट्रीय पहचान दिलाने की दिशा में यह लगातार दूसरे वर्ष बस्तर पंडुम का गरिमामय आयोजन हो रहा है। बस्तर पंडुम-2026 का तीन चरणों में आयोजन जनपद, जिला एवं संभाग स्तर पर 12 विधाओं में प्रतियोगिता के तौर पर किया जा रहा है। इस आयोजन से बस्तर अंचल की लोककला, शिल्प, नृत्य, गीत-संगीत, पारंपरिक व्यंजन, बोली-भाषा, वेश-भूषा, आभूषण, वाद्य यंत्र, नाट्य एवं जनजातीय जीवन-पद्धति के संरक्षण और संवर्धन का एक भव्य मंच मिला है। बस्तर पंडुम-2026 में बस्तर संभाग के सभी सात जिले बस्तर, दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर, कांकेर, कोण्डागांव एवं नारायणपुर के कलाकार भाग ले रहे हैं।

चकरभाठा में होटल के बाहर लॉ छात्र से मारपीट और लूटपाट, चार गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। थाना चकरभाठा क्षेत्र में देर रात एक छात्र के साथ मारपीट कर लूटपाट करने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने चंद घंटों में ही पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपियों को पुलिस ने न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

प्रार्थी अरनव उर्फ युग मिश्रा निवासी सरकण्डा, जो कि एलएलबी प्रथम वर्ष का छात्र है, ने पुलिस को बताया कि 16 जनवरी की रात वह अपने दोस्त शुभम माखीजा के साथ कार क्र. सीजी-10, एबी-9510 से रायपुर रोड स्थित शिवा इन होटल, परसदा में खाना खाने गया था। खाना खाने के बाद रात 11:30 बजे जब दोनों होटल से बाहर निकले। उसी दौरान होटल के गेट के पास खड़े कुछ युवकों ने उन्हें घेर लिया। प्रार्थी के अनुसार इनमें से एक युवक पीले रंग की हुडी पहने हुए था, जिसने शराब पीने के लिए पैसे मांगते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी।

जब अरनव ने पैसे देने से मना किया, तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट की और उसकी जेब से 900 रुपए छीन लिया। आरोपी ने खुद को अविनाश शर्मा, निवासी चकरभाठा बताते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। बीच-बचाव करने पर अरनव के दोस्त शुभम माखीजा के साथ भी मारपीट की गई।

घटना के बाद पीड़ित अरनव ने तत्काल अपने पिता को सूचना दी और उनके साथ थाना चकरभाठा पहुंचकर मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई की और आरोपियों की तलाश शुरू की। रिपोर्ट पर प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए तत्काल टीम गठित कर प्रकरण के आरोपियों को गिरफ्तार कर लूट के 200 रुपए जब्त कर आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

गिरफ्तार आरोपी

अविनाश शर्मा पिता नरेन्द्र शर्मा 22 वर्ष निवासी वार्ड क्र. 12 चकरभाठा, गुलशन साहू पिता किशोर साहू 19 वर्ष निवासी विकास नगर, प्रियांशु पाण्डेय पिता आलेख पाण्डेय 19 साल निवासी वार्ड क्रमांक 12, अतुल सिह राठौर पिता गजानंद प्रसाद राठौर 22 साल निवासी मस्तुरी राठौर मोहल्ला थाना चकरभाठा को गिरफ्तार किया है।

दूसरी महिला के साथ रह रहे पिता को नहीं मिली कस्टडी

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने बच्चों की कस्टडी से जुड़े एक महत्वपूर्ण मामले में स्पष्ट किया है कि केवल आर्थिक रूप से सक्षम होना ही बच्चे की कस्टडी पाने का आधार नहीं बन सकता। अदालत ने कहा कि बच्चे को मां का स्नेह, भावनात्मक सुरक्षा और स्थिर पारिवारिक माहौल अधिक जरूरी है। इस मामले में दूसरी महिला के साथ रह रहे पिता को बच्चे की कस्टडी देने से कोर्ट ने मना कर दिया है।

मामला एक दंपती के वैवाहिक विवाद से जुड़ा है। पति-पत्नी के बीच वर्ष 2013 में विवाद शुरू हुआ, जिसके बाद दोनों अलग रहने लगे। पति दूसरी महिला के साथ रहने लगा, जबकि बच्चा मां के पास रहा।

बाद में पिता ने फैमिली कोर्ट में याचिका दायर कर सात साल के बच्चे की कस्टडी मांगी। फैमिली कोर्ट ने पिता की याचिका खारिज करते हुए कस्टडी मां के पास ही रहने दी। इसके खिलाफ पिता ने हाई कोर्ट में अपील की। पिता की ओर से दलील दी गई कि वह आर्थिक रूप से सक्षम है और बच्चे की बेहतर परवरिश कर सकता है।

हाईकोर्ट ने फैमिली कोर्ट के फैसले को सही ठहराते हुए पिता की अपील खारिज कर दी। अदालत ने कहा कि पिता का दूसरी महिला के साथ रहना इस बात की गारंटी नहीं देता कि बच्चा मानसिक रूप से सुरक्षित रहेगा।

पैसा व संसाधन ही सर्वांगीण विकास के लिए पर्याप्त नहीं: कोर्ट ने यह भी कहा कि केवल पैसा और संसाधन ही बच्चे के सर्वांगीण विकास के लिए पर्याप्त नहीं होते। इसके साथ अदालत ने टिप्पणी की कि मां के साथ रहने से बच्चे को निरंतर देखभाल, भावनात्मक जुड़ाव और स्थिरता मिलती है, जो उसके मानसिक विकास के लिए आवश्यक है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. प्लॉट नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com